

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप स्मृति समारोह का किया शुभारंभ.....

चैंपियंस ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव की कमी खलेगी..... 12

वर्ष : 12 | अंक : 276 | पटना, सोमवार, 20 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# मताधिकारों का उपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को करें सशक्त :मोदी

## मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में बोलें प्रधानमंत्री

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मतदान प्रक्रिया को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया और साथ ही देशभर में निष्पक्ष चुनाव कराने की आयोग की प्रतिबद्धता की सराहना की। चुनाव आयोग की स्थापना के दिन 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने इसका जिक्र करते हुए देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने की अपील की। इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और समाज परिवर्तन के कार्यों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान सभा में चर्चाओं में भाग लेते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऑडियो क्लिप सुनाएं। इसमें डॉ. अंबेडकर ने संविधान सभा को एक मत होने, डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के मानवीय मूल्यों और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अवसरों की समानता पर अपनी बात रख रहे थे।

### कुंभ को एकता का महाकुंभ कहा जाता है

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित कुंभ, दक्षिण की नदियों के तटों पर आयोजित होने वाले पुष्करम और पश्चिम बंगाल के गंगा सागर मेले के सुंदर आयोजनों और विहंगम दृश्यों को मन की बात का हिस्सा बनाते हुए कहा कि यह पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं कोई भेदभाव या जातिवाद नहीं है, तभी तो कुंभ को एकता



का महाकुंभ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उत्तर भारत में प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है। इसी प्रकार दक्षिण में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम का आयोजन होता है।

### अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई प्रौद्योगिकी पर हो रहा है काम :

प्रधानमंत्री ने वर्ष-2025 में भारत की अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पर हम सभी भारतीयों को गर्व करना चाहिए। उन्होंने इस दौरान भारतीय स्पेस टैक स्टार्टअप बेंगलुरु के पिक्सेल के बारे में बताया जिसने भारत का पहला निजी सैटेलाइट कांस्टेलेशन फायरफ्लाई सफलतापूर्वक पर लॉन्च किया है। उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि का जिक्र किया। वहीं, उन्होंने बताया कि आईआईटी मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में मैन्युफैक्चरिंग के लिए कई नई तकनीक का पर काम कर रहा है।

### छोटे शहरों में स्टार्टअप में आधे से अधिक का नेतृत्व कर रही है बेटियां :

प्रधानमंत्री ने कहा कि नगालैंड जैसे राज्य में पिछले साल स्टार्टअप के पंजीयन में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है और छोटे शहरों में स्टार्टअप में से आधे से ज्यादा का नेतृत्व बेटियां कर रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही स्टार्टअप इंडिया के नौ साल पूरे हुए हैं। जितने स्टार्टअप नौ साल में बने हैं उनमें से आधे से ज्यादा टियर 2 और टियर 3 शहरों से हैं। इसका मतलब है कि हमारा स्टार्टअप संस्कृति बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है।

सुभाष बाबू एक विजनरी नेता थे

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के अंत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है। इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में उनके पराक्रम से जुड़ी हुई एक कहानी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सुभाष बाबू एक विजनरी नेता थे, उनके स्वभाव में साहस रचा बसा था और वह कुशल प्रशासन भी थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आज से खुलेंगे सभी निजी व सरकारी स्कूल

पटना। जिले में ठंड के चलते बंद किए गए आठवीं तक के स्कूलों को फिर से खोला जा रहा है। जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने सोमवार से सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केद्रों में पढ़ाई शुरू करने का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि ठंड के मौसम को देखते हुए सभी कक्षाओं का समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक रखा गया है। सुबह 9:00 से पहले कक्षाओं के संचालन पर रोक रहेगी। दरअसल, पिछले दिनों शीतलहर के चलते पटना जिले में आठवीं तक के निजी और सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया था। पटना जिलाधिकारी द्वारा रविवार को जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में अत्यधिक ठंड का मौसम और कम तापमान की स्थिति बनी हुई है। इस कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इस कारण सुबह 9:00 से पहले स्कूलों में किसी भी तरह की शैक्षणिक गतिविधियों की अनुमति नहीं दी गई है। यह आदेश 20 से 25 जनवरी तक लागू रहेगा। स्कूलों का संचालन 9 से 3:30 बजे तक किया जा सकेगा। हालांकि बोर्ड और प्री बोर्ड की परीक्षा हेतु संचालित की जाने वाली विशेष कक्षाओं और परीक्षा के आयोजन को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है।

# नाव हादसे में तीन लोगों की मौत, सात लापता

## कटिहार : नाव पर क्षमता से अधिक 18 लोग थे सवार

प्रात : किरण

कटिहार/एजेंसी। कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत के गोला घाट पर रविवार सुबह दर्दनाक नाव हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में अमदाबाद निवासी पवन मंडल 65 वर्ष पिता बस्तम मंडल, प्राणपुर निवासी सुधीर मंडल 70वर्ष तथा अजमनागर निवासी भोली देवी का तीन वर्षीय पुत्र शामिल है। समाचार लिखे जाने तक सात नाव सवार लोग लापता है। लगभग 18 यात्रियों को लेकर एक नाव मनिहारी अनुमंडल के अमदाबाद ब्लॉक के दक्षिण करीमल्लूपुर मेघू टोला से सकरी झारखंड जा रही थी। मुख्यमंत्री ने जताया शोक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के अमदाबाद में गंगा नदी में नाव डूबने से 03 लोगों की हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन ने बताया नाव हादसे के बाद आठ लोगों को स्थानीय गोतखार एवं एसडीआरएफ



टीम द्वारा बचाव कर लिया गया है एवं शेष का बचाव और तलाशी अभियान जारी है। जिन लोगों को बचा लिया गया है उनका इलाज चल रहा है। बचाए गए लोगों के अनुसार सात और लोग लापता हैं। सात में से दो नदी के विपरीत किनारे यानी गदाई दियारा में पहुंच गए हैं। मनिहारी एसडीएम ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम बाकी पांच लोगों के लापता होने की सूचना के साथ उनका पता लगाने व बचाव करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि अमदावाद सीओ और एसएचओ मेघू टोला में राहत अभियान की निगरानी कर रहे हैं। मृत व्यक्तियों के परिवार को आपदा विभाग के नियमानुसर मुआवजा देने हेतु संबंधित को निदेश दिया गया है और लापता व्यक्तियों के लिए खोज व बचाव हेतु एसडीआरएफ द्वारा अभियान जारी है।

### सीएम नीतीश ने हादसे पर जताया दुख

चार-चार लाख अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के अमदाबाद में गंगा नदी में नाव डूबने से 03 लोगों की हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में लापता अन्य लोगों की समुचित खोजबीन जारी रखने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## ड्यूटी से लौट रहे राजस्वकर्मियों की सड़क हादसे में मौत



पटना। प्रखंड कार्यालय से ड्यूटी समाप्त कर राजस्व अधिकारी और अंचल नाजिर एक ही बाइक पर वापस घर लौट रहे थे। तभी अचानक सामने से आ रहे एक वाहन ने चकमा दिया और देखते ही देखते दो जिंदगियां मौत के आगोश में सो गयीं। मृतकों की पहचान सिरदला अंचल कार्यालय के नाजिर अनुज कुमार और राजस्व अधिकारी ओमप्रकाश के रूप में की गई है। घटना नेमदारगंज थाना क्षेत्र के पंचगावां पुल के पास की है। घटना के संबंध में विभाग के लोगों ने बताया कि दोनों बाइक पर सवार होकर कार्यालय से वापस नवादा स्थित अपने वर्तमान आवास पर लौट रहे थे। तभी आगे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालाँकि घटना होते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गये। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना डायल 112 को कॉल कर घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आननफानन में दोनों को नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में नेमदारगंज के थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि दोनों प्रतिदिन एक साथ एक ही बाइक से आते-जाते थे। उन्होंने बताया कि इस घटना में बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आननफानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। फिलहाल दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### सीएम ने जताया दुख

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा जिला के सिरदला अंचल के राजस्व अधिकारी ओम प्रकाश एवं अंचल नाजिर अनुज कुमार की सड़क दुर्घटना में हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# कर राजस्व में वृद्धि के कारण भारत का राजकोषीय घाटा कम होने की उम्मीद : विश्व बैंक

नई दिल्ली। विश्व बैंक की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते कर राजस्व के कारण भारत में राजकोषीय घाटा लगातार कम होने की संभावना जताई जा रही है। इस ट्रेंड को सरकार के राजकोषीय कंसोलिडेशन प्रयासों को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में, राजकोषीय घाटे में कमी जारी रहने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण कर राजस्व में वृद्धि है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर भारत अपनी सुधरती राजकोषीय स्थिति के साथ मजबूत स्थिति में है, दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रहने का अनुमान है। दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रहने का कारण पाकिस्तान में उच्च ब्याज भुगतान और बांग्लादेश में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश द्वारा राजकोषीय एडजस्टमेंट की भरपाई किया जाना है। राजकोषीय परिदृश्य में सुधार के बावजूद, रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दक्षिण एशिया में सरकारी ऋण-से-जीडीपी अनुपात उच्च बना रहेगा, हालांकि इसमें धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है। लगातार उच्च उधारी लागत के कारण कई देशों में ऋण-सेवा लागत के उच्च बने रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, ह्लक्षेत्र में सरकारी ऋण-से-जीडीपी अनुपात में धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है, लेकिन वे उच्च बने रहेंगे। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर विनिमय दरों के कारण क्षेत्र में मुद्रास्फीति में अनुमानित अवधि के दौरान नरमी आने का अनुमान है। भारत, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में मुद्रास्फीति लक्ष्य सीमा के भीतर या उससे नीचे रहने की उम्मीद है। भारत के दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने का अनुमान है, जिसमें वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि हो सकती है।

# सधे हुए अपराधियों ने किया केजरीवाल पर हमला : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का कहना है कि अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर भाजपा के गुंडों द्वारा हमला करवाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल की जान लेने का प्रयास था। जिन व्यक्तियों ने अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया, वे सधे हुए अपराधी हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि हमलावर भाजपा के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों पर दिल्ली के अलग-अलग थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर इतने बड़े पत्थर से हमला किया गया कि अगर वह किसी को लग जाता तो जानलेवा हो सकता था। मुख्यमंत्री आतिशी ने हमलावरों की पहचान बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े राहुल उर्फ शैंकी वहां मौजूद थे, जहां केजरीवाल पर हमला किया गया। आतिशी ने कहा कि शैंकी प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के साथ लगे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि शैंकी नामक इस व्यक्ति पर लूट के प्रयास जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति एक हार्डकोर अपराधी है।

## कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गीता प्रेस में दोपहर 4:30 बजे लगी आग

# महाकुंभ क्षेत्र में लगी आग पर पाया गया काबू, पीएम ने ली जानकारी

महाकुंभ नगर/एजेंसी। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ क्षेत्र में रविवार को आग लगने की घटना सामने आई। इसके बाद मौके पर प्रशासन की टीम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति का जायजा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और आग पर काबू पा लिया गया है। पीएम मोदी ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर स्थिति की जानकारी ली। रविवार दोपहर बाद करीब 4:30 बजे कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गीता प्रेस में आग लग गई। आग की लपटें बढ़ने के बाद इसके



आसपास के प्रयागवाल के 10 टेंट भी प्रभावित हुए। आग लगने के बाद तुरंत अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने कहा कि गीता प्रेस और आसपास के टेंट में आग लगने की सूचना मिलते ही हम तुरंत कार्रवाई में जुटे। अग्निशमन और पुलिस की टीम ने आग पर तत्परता से काबू पा लिया। अब स्थिति सामान्य है और कोई जनहानि की सूचना नहीं है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत कार्यों में जुटी हुई हैं। आग लगने के बाद मेला अधिकारी विजय किरन और अन्य आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि आग बुझाने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है, कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आग की घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने और राहत कार्यों में तेजी लाने का आदेश दिया। इसके अलावा, सीएम योगी ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस घटना पर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के सेक्टर 19 (तुलसी मार्ग) पर हुए अग्निकांड के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दल घटनास्थल पर मौजूद है और वहां आने वाले साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जा रही है। सरकार की ओर से पूरे प्रकरण पर गंभीर नजर भी रखी जा रही है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

## अखिलेश यादव ने महाकुंभ में वीआईपी लोगों को महत्व देने पर उठाए सवाल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर यूपी सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। सपा प्रमुख ने अति विशिष्ट अतिथियों को तीर्थयात्रियों से अधिक महत्व देने पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ परिसर में श्रद्धालुओं को मीलों घूम कर जाना पड़ रहा है। इससे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को अत्यधिक असुविधा, कष्ट और थकान का सामना करना पड़ रहा है, जिससे हर तरफ जाम जैसी स्थिति हो गई है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लअति विशिष्ट अतिथियों को तीर्थयात्रियों से अधिक महत्व देते हुए संगम की तरफ जाने वाले सभी मार्ग बंद होने से महाकुंभ परिसर में श्रद्धालुओं को मीलों घूमकर जाना पड़ रहा है। इससे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को अत्यधिक असुविधा, कष्ट और थकान का सामना करना पड़ रहा है। हर तरफ जाम जैसी स्थिति हो गई है। तत्काल जाम खुलवाया जाए।

# 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आज से

## सम्मेलन

## पटना में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का लोकसभा अध्यक्ष करेंगे उद्घाटन

पटना/नई दिल्ली/एजेंसी। बिहार की राजधानी पटना में दो दिवसीय 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का आगाज यानी सोमवार से होने जा रहा है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान संविधान की 75वीं वर्षगांठः संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में संसद और राज्य विधान निकायों का योगदान विषय पर मंथन होगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 21 जनवरी को समापन सत्र को संबोधित करेंगे। समापन सत्र में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान परिषद के उप सभापति प्रो. डॉ रामवचन राय, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, बिहार सरकार के मंत्री, बिहार विधानमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति



मौजूद रहेंगे। सम्मेलन के दौरान ओम बिरला संसदीय पद्धति एवं प्रक्रिया के 8वें संस्करण का विमोचन करेंगे। इसके अलावा 21 जनवरी को बिहार विधानमंडल परिसर में नेवा सेवा केंद्र का उद्घाटन भी करेंगे। 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन से पहले रविवार को पटना में देशभर के विधायी निकायों के सचिवों का 61वां सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधि हमारे विधायी निकायों में अधिक दक्षता, कार्यकुशलता और कार्योत्पादकता के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाया जाना विषय पर विचार-विमर्श हुआ। इस मौके पर राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश, बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार सरकार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान सभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष, नंद किशोर यादव, बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, बिहार सरकार के मंत्री, बिहार विधानमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल स्व सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा का किया अनावरण, दी श्रद्धांजलि



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, सेक्टर-7 स्थित पार्क में त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल स्व सिद्धेश्वर प्रसाद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने स्व सिद्धेश्वर प्रसाद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, पूर्व विधायक ई सुनील, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोकामा के सुल्तानपुर में अंधाधुंध हुई गोलीबारी



मोकामा। मोकामा थाना क्षेत्र का सुल्तानपुर गांव में अंधाधुंध हुई गोलीबारी से दहल उठा।शनिवार की रात्रि हुई गोलीबारी की घटना से लोग घरों में दुबक गए और गांव में तनाव उत्पन्न हो गया।गोलीबारी की यह घटना वर्चस्व बनाने के लिए की गयी। अब अपराधियों को दबोचने के लिए पुलिस गांव में लगातार धर-पकड़ अभियान चला रही है।ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की रात लगभग दस बजे दो पक्ष आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते फायरिंग होने लगी।इस घटना में बीस राउंड फायरिंग की गयी।सूचना पाकर पहुंची मोकामा पुलिस को देखते ही अपराधी गंगा दियारा की ओर भाग खड़े हुए।घटना का कारण दहशत पैदा करना और वर्चस्व बनाना बताया जा रहा है।पुलिस ने मौके से तीन खोखा भी बरामद किया है।रविवार को भी गांव में खौफ का आलम रहा।मोकामा थानाध्यक्ष महेश्वर प्रसाद ने पुलिस बल के साथ दिनभर छापेमारी की।समाचार प्रेषण तक एक भी अपराधी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा था।वैसे इस घटना के बाद रविवार को भी ग्रामीण काफी सहमे रहे।मोकामा थानाध्यक्ष गोलीबारी की घटना की गुत्थी सुलझाने की कवायद में जुट गयी है।ग्रामीणों की मानें तो गोलीबारी की इस घटना का शराब कनेक्शन भी हो सकता है।

### वार्षिक सत्संग महोत्सव में हुआ भजन, कीर्तन व प्रवचन

पटना सिटी, वार्षिक सत्संग महामहोत्सव ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मौर्य विहार कॉलोनी में रविवार को युग पुरुषोत्तम श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के दिव्य जीवन व भावधारा पर आयोजित की गई। शहनाई वादन से समारोह की शुरूआत हुई। इसके बाद सामूहिक कीर्तन, वेद मांगलिकी, प्रार्थना के बाद धार्मिक ग्रंथों के पाठ के बाद धर्म सभा आरंभ हुई। इसमें कोलकाता से आए डॉ मनोज कुमार खटुआ ने युग पुरुषोत्तम के जीवन दर्शन पर प्रवचन कही। देवघर से पहुंची कीर्तन मंडली ने कीर्तन की प्रस्तुति दी। सत्संग महोत्सव महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने दीक्षा ग्रहण की। आयोजन को ले जनक प्रसाद सिंह, अजय कुमार सिंह, पी कुमार, पीके राय आदि सक्रिय रहे। आनंद बाजार में भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### 80 मरीजों की हुई आंख की जांच, 20 में पाया गया मोतियाबिंद

पटना सिटी (प्राकि)। राधेश्याम परिवार पटना सिटी, इधर व्हील क्लब और श्री बाला जी नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आंख जांच का शिविर लगाया गया। चौक के मिरचाई गली स्थित संस्था के चिकित्सालय में आयोजित शिविर में डॉक्टर शशि मोहनका के नेतृत्व में लगातार चौथे माह नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसमें 80 मरीजों की जांच की गई। इसमें 20 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए भी चयन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थापिका श्रीमती शोभा गुप्ता व संगीता गोयल ने किया। व्यवस्थापक चक्रेश अग्रवाल व पंकज लोयलका ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक आलोक गुप्ता, हरीश हरलालका ने बताया कि यह सेवा हर माह के तीसरे रविवार को मरीजों को दी जाती है। कार्यक्रम में संजय गोलवारा, संगीता झुनझुनवाला, रंजीत मित्तल, दीपक गोयनका, अनिल गोयनका आदि सक्रिय थे।

### पूर्ववर्ती छात्रों ने कंगन घाट पर सफाई कर किया मिलन भोज

पटना सिटी (प्राकि)। डीबीआरके जालान हाई स्कूल के पूर्ववर्ती छात्रों ने कंगन घाट पर 45वां वार्षिकोत्सव मनाया। बताया गया कि इस विद्यालय के 1978 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों के संगठन ने पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जागरुकता का संदेश देने का काम किया। इस दौरान गंगा नदी के किनारे की सफाई की। इसके बाद सबों ने चूड़ा-दही का आनंद लिया। इस अवसर पर संगठन के ललित कुमार, परमानंद सिंह, रासबिहारी, राजकुमार सोनी, अजय सहित अन्य प्रवृत्ति छात्र मौजूद रहे।

# एम्स पटना करेगा छह दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का मेजबानी

## स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की क्षमता को मजबूत करने के लिए एम्स प्रतिबद्ध : कार्यकारी निदेशक

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। एम्स पटना में 20 जनवरी 2025 से होने वाले छह दिवसीय प्रशिक्षण सत्र ह्वअस्पताल प्रशासकों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के दौरान अस्पताल की तैयारीह्व की शुरूआत की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल प्रशासकों को आवश्यक सुविधाओं से लैस करना है। सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए कौशल और रणनीतियाँ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में चार राज्योंः बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले अस्पताल प्रशासकों ,डॉकटर की भागीदारी देखी जाएगी। प्रशिक्षण सत्र स्वास्थ्य सुविधाओं में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को बढ़ाने के लिए अंतर-राज्य ज्ञान आदान-प्रदान और सहयोगात्मक शिक्षा के लिए एक मंच प्रदान करेगा। सत्र का संचालन विशेषज्ञों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया जाएगा, जिनमें शामिल हैंः प्रोफेसर (डॉ.) निरुपम मदान, अस्पताल प्रशासन के एवं चिकित्सा अधीक्षक, एम्स दिल्ली, डॉ. पंकज अरोड़ा, अतिरिक्त प्रोफेसर एवं संयुक्त एमएस, अस्पताल विभाग, प्रशासन, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार, प्रोफेसर और प्रमुख, ट्रॉमा, सर्जरी और क्रिटिकल केयर विभाग, एम्स पटना, प्रोफेसर .डॉ. दिवेन्दु भूषण एवं प्रमुख, आपातकालीन चिकित्सा विभाग, प्रोफेसर. डॉ. पंकज कुमार अतिरिक्त प्रोफेसर एवं प्रमुख, मनोचिकित्सा विभाग, डॉ. सुजीत क्र. सिन्हा एसो. प्रोफेसर एवं प्रमुख, अस्पताल प्रशासन विभाग, एम्स पटना, डॉ. महेंद्र एम सहायक प्रोफेसर, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग, एम्स पटना, डॉ. रामकृष्ण मंडल सहायक प्रोफेसर के हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन विभाग एम्स पटना ' प्रतिभागी आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल, संसाधन जुटाना, जोखिम संचार और आपात स्थिति के दौरान रोगी सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित व्यापक चचाओं और कार्यशालाओं में भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण बेहतर दक्षता और समन्वय के साथ भविष्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए अस्पताल प्रशासकों को तैयार करने में सहायक होगा। सीबीआरएन (रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु) आपदा प्रबंधन पर एक मॉक ड्रिल, प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया के आपातकालीन प्रतिक्रिया परिदृश्यों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करती है। सिमुलेशन को इसके व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए सराहा गया, जिससे प्रतिभागियों को संकट प्रबंधन में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। यहां तक कि फायर ड्रिल को अग्नि सुरक्षा योजनाओं के लिए डिजाइन किया गया है ताकि इसे तेजी से, सुरक्षा और सामान्य तरीके से किया जा सके, बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) और एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) पर बुनियादी प्रशिक्षण के साथ दोनों उपचार के लिए जीवन रक्षक तकनीक हैं। गंभीर मरीज. बीएलएस उन लोगों के लिए एक अच्छा प्रारंभिक बिंदु है जो सीखना चाहते हैं कि आपात स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाए, जबकि एसीएलएस अधिक उन्नत है और आमतौर पर स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को सिखाया जाता है। अस्पताल प्रशासन विभाग के प्रमुख और एम्स पटना में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के दौरान अस्पताल की तैयारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा ने तत्परता के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ह्वसार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के प्रभाव को कम करने के लिए तैयारी महत्वपूर्ण है ह्व यह सत्र प्रशासकों को मजबूत आपातकालीन योजनाएं विकसित करने और स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मजबूत करने के लिए अंतर-राज्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उपकरणों से लैस करेगा। एम्स, पटना के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ.) अनुप कुमार के अनुसार, यह प्रशिक्षण सुनिश्चित करता है कि अस्पताल महामारी, प्राकृतिक आपदाओं, या बड़े पैमाने पर हताहत घटनाओं जैसी आपात स्थितियों के लिए प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार हों और अस्पतालों की क्षमता निर्माण के लिए लचीलेपन को बढ़ाया जाए। सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान और उसके बाद व्यवधानों से शीघ्रता से उबरना और आवश्यक सेवाएं बनाए रखना। कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सौरभ वार्शनी ने कहा एम्स पटना में हम सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की क्षमता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अस्पताल की तैयारी पर यह प्रशिक्षण हमारे प्रशासकों, डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों को संकटों को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए आवश्यक कौशल और रणनीतियों से लैस करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ह्व सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थितियाँ तीव्र, अच्छी तरह से समन्वित प्रतिक्रियाओं की मांग करती हैं, और यह प्रशिक्षण हमारे स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को जोखिमों को कम करने, वृद्धि का प्रबंधन करने और प्रभावी ढंग से जीवन बचाने के लिए सशक्त बनाएगा।

# प्योरफॉर्म लैब्स के भव्य उद्घाटन का हुआ आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। रविवार को औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्योरफॉर्म लैब्स, एक नई न्यूट्रास्युटिकल्स विनिर्माण इकाई का आज भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में उद्योग निदेशक डॉ. आलोक रंजन घोष (आईएएस), जेड.एम., सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जयशंकर प्रसाद, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। जानकारी अनुसार इस नए उद्योग के उद्घाटन से बिहार राज्य में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्योरफॉर्म लैब्स उच्च गुणवत्ता वाले न्यूट्रास्युटिकल्स का उत्पादन करेगी जो लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार सरकार निवेशकों को राज्य में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्योरफॉर्म लैब्स को उनके इस नए उद्यम के लिए बधाई दी और उन्हें शुभकामनाएं दी। प्योरफॉर्म लैब्स के संस्थापक रामानुज के. आर. सिन्हा ने कहा कि वे बिहार राज्य में एक आधुनिक और विश्व स्तरीय न्यूट्रास्युटिकल्स विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह इकाई न केवल स्थानीय बाजार में बल्कि पूरे देश में अपने उत्पादों की आपूर्ति करेगी। इस अवसर पर प्योरफॉर्म लैब्स ने अपनी नई उत्पाद श्रृंखला भी लॉन्च की। इन उत्पादों में विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्व शामिल हैं जो लोगों को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं।

# बोरे में बंद शव की पहचान नीतीश कुमार के रूप में, सिर में दो गोली का जख्म

## मां के बयान पर 5-6 नामजद, जसवीर हत्याकांड में था नामजद





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना क्षेत्र के मंडई पार पोखरा में बोरा में बंद शव पाया गया था। शनिवार की रात सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने बोरा सहित शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया था। मध्य रात्रि डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची थी। वहीं एफएसएल की टीम भी साक्ष्य जुटाने का काम किया। वहीं मृत युवक की पहचान मंडई के ही रहने वाले नीतीश कुमार पिता स्वर्गीय विजय बिंद के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि शनिवार की रात सूचना मिलने के बाद पुलिस मंडई पार पोखरा पहुंची थी। शव प्लास्टिक के बोरा में रखा गया था। बताया जाता है कि मृतक के सिर में दो गोली मारे जाने का जख्म पाया गया है। पुलिस के अनुसार युवक की पहचान होने के बाद उसकी मां के द्वारा इस घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। इसमें पांच-छह लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस यह भी बताती है कि मृतक नीतीश कुमार जसवीर हत्याकांड में नामजद रहा है। वहीं डॉग स्क्वायड की टीम ने खासा मशक्कत मध्य रात्रि में किया। मौके पर रहे बोरा और छूटे सामान को श्वान को सूंघा कर दौड़ाया गया। लेकिन बताया जाता है कि पुलिस को कुछ खास सफलता नहीं मिल पाई है। हालांकि इस संबंध में डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार का कहना है कि आपसी वैमनस्य में ही घटना को अंजाम दिया गया है। जल्द ही मामले का उद्भेदन पुलिस के द्वारा किया जाएगा। पुलिस मामले की तहकीकात करते हुए साक्ष्य जुटाने और पूछताछ के काम में लगी है।

# युवक ने खुद को गोली मारी, परिजनों में हाहाकार

- आलमगंज थाना की पुलिस ने हथियार जब्त कर मामले की कर रही जांच





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के मीना बाजार राजपूताना गली में किराए के मकान में रहने वाले युवक की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुंची और नमूना जुटाने का काम किया। पुलिस ने हथियार को जब्त कर मामले का अनुसंधान शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि 26 वर्षीय युवक अमन कुमार सिंह ने खुद को गोली मारी है या किसी ने उसे गोली मारी है। पुलिस घटना से जुड़े हर बिदु पर छानबीन कर रही है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि युवक दोस्त से आर्म्स मांग कर लाया था और घर में रखा था। हथियार को लेकर अमन का उसके पिता और बहन से हमेशा बकझक होता था। उनके पिता का कहना था कि तुम कहां से लाए हो, तब वह कहता था कि दोस्त ने रखने के लिए दिया है। अमन पर उसे वापस लौटने या घर से हटाने का दबाव था। अंततः बताया जाता है कि हथियार से खुद ही उसने गोली मार लिया है। घायल युवक को परिवार के लोग इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर आलमगंज थाना की पुलिस भी पहुंची और मामले में छानबीन शुरू कर दी। हत्या में उपयोग किए गए हथियार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मृत अमन पिता विमल सिंह और यशवंत राजपूत के साथ एनएमसीएच गेट के पास ही फुटपाथ पर कंबल बेचने का काम करता था। छोटा भाई जसवंत ने बताया कि वह पिता के साथ दुकान लगाने के लिए चला आया था इस बीच मां नीलू देवी ने कॉल कर बताया कि अमन को गोली लग गई है जब वह घर पहुंचा तो देखा कि भाई के सीने में गोली लगी है इसके बाद उसे इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए यहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत्यु घोषित कर दिया।एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि युवक की हत्या हुई है। इससे जुड़े हर बिंदु पर छानबीन की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि युवक को हथियार किसने मुहैया कराया था। घटना के बाद वहां पर अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी। मृत युवक मूल रूप से नालंदा जिला के राधा बीघा गांव का रहने वाला है। पिता और पुत्र दोनों कंबल बेचने का काम करते थे। मृत अमन की बहन का कहना था कि पिता ने भाई पर दबाव बनाया कि तुम हमारे कहने के बाद भी अपने दोस्त को हथियार नहीं लौटा रहे हो। यदि तुम दो दिन में नहीं लौटाओगे, तो हम जाकर थाना में दे देंगे। इस पर पिता से विवाद होने के बाद वह कमर से हथियार निकाल कर खुद को गोली मार लिया।

# अंर्तराज्यीय गिरोह का पदार्फाश गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत रूपसपुर पुलिस ने अंर्तराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया। इनके पास से विभिन्न बैंको के सात एटीएम कार्ड, एक एचपी का लैपटॉप, पन्द्रह हजार नगद दो बाइक, 06 मोबाईल एक पिलाश व दो घड़ी बरामद किया। पुलिस ने पुछताछ के बाद उससे मिली जानकारी के आधार पर अन्य के गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार बदमाशो के विरूद्ध कई थानो में मामले दर्ज है। प्राप्त समाचार के अनुसार पिछले 21 अक्टूबर को सीतामढी के हलीलपुर डुमरीकला निवासी अभिजीत कुमार रूपसपुर थाना क्षेत्र में आरपीएस मोड़ स्थित यूनियन बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गये थ। इसी क्रम में एटीएम मशीन में एटीएम कार्ड को फंस गया। बाद में उनके खाते से करीब 18000 रुपए की अवैध निकासी कर ली गई। इस संबंध में उन्होने रूपसपुर थाना में मामला दर्ज कराया। इस तरह कर कई घटना को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देश पर एएसपी के नेतृत्व में कांड के टीम गठित की गयी और ये सफलता मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज एवं वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुए घटना में शामिल रवि कुमार उर्फ अभिराज नवादा शकुंतलम नगर गोपाल कुमार नवादा हिसुआ पचाढा को उनके घर के पास से एवं चंदन कुमार फतेहपुर रजौधाटोला को हवाईअड्डा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके पास घटना में प्रयुक्त सात एटीएम कार्ड, दो बाइक, पिलास 15 हजार नगद आदि बरामद किया गया। बताया जाता है कि ये गिरोह प्रदेश ही नही दूसरे प्रदेशो में भी जाल फैला बैठे है। ये एटीएम में पैसा निकालने वाले को अपना निशाना बनाते है। इसके बाद एटीएम के अंदर गिरोह के लोग का ही नंबर लगाये रहते है। जिस पर संपर्क करने को कहते है। जब वो बाहर बात करते लगता है इसी बीच बदमाश पिलाश की मदद से कार्ड निकाल कर फरार हो जाता है और उससे राशि की निकाशी कर लेता है। एएसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि एटीएम उडा लोगो के मोटी रकम पर हाथ साफ करने वाले अंर्तराज्यीय गिरोह के मुख्य सरगणा समेत तीन सदस्य को गिरफ्तार किया गया। इन सभी पर कई थानो में मामले दर्ज है।

# टीबी मुक्त पंचायत के प्रमाणीकरण के लिए सभी जिलों को भेजनी होगी पंचायतवार उपलब्धि

## अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा ने सभी सिविल सर्जन को जारी किया पत्र

- जनसंख्या अनुरूप लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि का देना होगा ब्यौरा



प्रात :किरण संवाददाता

पटना- राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ह्वटीबी मुक्त पंचायत पहलह्व (वर्ष 2024) में प्रमाणीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित संकेतकों पर प्रखंडवार सभी पंचायतों के जनसँख्या के अनुरूप लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि जिलों को उपलब्ध करानी होगी. इसके लिए अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित की गयी है. इस बाबत अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बाल कृष्ण मिश्र ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं. निम्न मानकों को पूरा करने पर पंचायत घोषित होगा टीबी मुक्तः चयनित पंचायतों में एक हजार जनसंख्या पर एक या एक से कम मरीज होने चाहिए. इसी तरह उस इलाके में एक हजार लोगों में कम से कम 30 लोगों की बलगम जांच अनिवार्य है. एक वर्ष तक 85 फीसदी ट्रिटमेंट सेक्सस रेट होना चाहिए. साथ ही, डीबीटी के तहत पहली निक्षय पोषण का लाभ लेना जरूरी है. टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मरीजों को निक्षय मित्र द्वारा पोषण कीट दी गई हो. यूनिवर्सल ड्रग्स सेंसिटिविटी टेस्ट भी अनिवार्य है. इन इंडिकेटर्स को पूरा करने वाले पंचायतों को 2024 के लिए एक साल के टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का सर्टिफिकेट दिया जा रहा है. वर्ष 2023 के लिए घोषित टीबी मुक्त पंचायतों को भी प्रमाणीकरण के लिए प्रक्रियानुसार दावा करना होगा. वहीं वर्ष 2023 में प्रमाणित टीबी मुक्त पंचायतों द्वारा उक्त मानकों पर लक्ष्य प्राप्त करने पर बापू की रजत प्रतिमा से सम्मानित किया जायेगा। विदित हो कि वर्ष 2023 के लिए छः जिले मुंगेर (5 पंचायत), बक्सर (3 पंचायत), सीतामढ़ी (7 पंचायत), खगड़िया (1 पंचायत), सिवान (11 पंचायत) एवं मुजफ्फरपुर (1 पंचायत) कुल 28 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रमाण पत्र एवं बापू की कांस्य प्रतिमा से सम्मानित किया गया।

डॉ मिश्र ने बताया कि वर्ष 2024 (1 जनवरी से 31 दिसंबर तक) में संभावित टीबी रोगियों की जांच, टीबी नोटिफिकेशन, ट्रीटमेंट सक्सेस रेट, यूनिवर्सल ड्रग्स सेंसिटिविटी टेस्ट, निक्षय पोषण योजना भुगतान एवं निक्षय मित्रों द्वारा फूड बास्केट वितरण में प्रगति के अनुसार ज्यादा पंचायतों के टीबी मुक्त पंचायत के प्रमाणीकरण अपेक्षित है।

# जाति आधारित सर्वे को फर्जी बताकर राहुल गांधी ने अपने पैरों पर मारी कुल्हाड़ी : राजीव

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राजनीतिक समझ पर गंभीर सवाल उठाया है। मीडिया में जारी बयान में उन्होंने कहा कि बिहार में जाति आधारित सर्वे को फर्जी बताकर राहुल गांधी ने दरअसल लाखों दलितों और पिछड़ों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार ने जाति आधारित सर्वे का काम सफलतापूर्वक कराया और दलितों और पिछड़ों को उनकी आबादी के अनुरूप आरक्षण सीमा को 65 प्रतिशत तक बढ़ाने का काम किया। साथ ही जाति आधारित सर्वे के बाद 94 लाख गरीब परिवारों की आमदनी बढ़ाने के लिए उन्हें दो-दो लाख रुपए देने का ऐतिहासिक प्रावधान किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से साफ जाहिर है कि उनके दलितों और पिछड़ों के प्रति भाषण और व्यवहार में अंतर है। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वो महज मीडिया में सुर्खियां पाने के लिए अनाप शनाप बयान देते रहते हैं और यही कारण है देशभर में उनकी बयानों को कोई गंभीरता से नहीं लेता। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी से कुछ अहम सवाल पूछेः राहुल गांधी का बिहार में जाति आधारित सर्वे की रिपोर्ट को फर्जी बताना क्या कांग्रेस के घोर दलित,पिछड़ा विरोधी चेहरे को नहीं दशार्ता है ?.क्या ये सही नहीं है कि बिहार में जाति आधारित सर्वे की रिपोर्ट जारी होने के बाद राहुल गांधी ने ट्वीट कर इसका समर्थन किया था और आबादी के अनुरूप भागीदारी बढ़ाने की बात कही थी ?बिहार में जाति आधारित सर्वे को फर्जी बताने वाले राहुल गांधी ये बताएं कि इसको लेकर आयोजित सर्वदलीय बैठकों में कांग्रेस के नेताओं ने क्या हिस्सा नहीं लिया था ?

# मसौढ़ी में टेम्पू पर लोड भारी मात्रा में शराब पुलिस ने किया बरामद, मौके से चालक को किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता




मसौढ़ी !मध्यनिषेध टीम के द्वारा एक महत्वपूर्ण अभियान के तहत पटना गया डोभी फोरलेन स्थित पुनपुन बांध के पास से एक टेंपू से 352लीटर देशी अवैध शराब की है।उसके साथ शराब धोने में प्रयुक्त वाहन टेम्पो को जब्त किया गया।इस संबध में जानकारी देते हुए उत्पाद थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि रविवार की दोपहर गुप्त सूचना मिली कि टेंपो में भारी मात्रा में देशी शराब लाया जा रहा है।इसी क्रम में पुलिस को देखते ही वाहन चालक वाहन को कुछ दूर पहले ही रोक कर भागने लगा। जिसे तत्काल पुलिस द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। इस मामले में बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम के तहत अभियुक्त लालू कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# अमरत्व पाने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान : पद्मश्री बिमल

- दधीचि देहदान समिति ने नेत्रदान व अंगदान का दिलाया संकल्प



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक के मिरचाई गली निवासी 87 वर्षीय श्रीमती कौशल्या देवी अग्रवाल के देहांत के बाद दधीचि देहदान समिति की पहल से परिवार ने नेत्रदान कराया था। रविवार को उनके आवास पर पगड़ी रस्म पर दधीचि देहदान समिति के महासचिव पद्मश्री बिमल कुमार जैन एवं समिति के सदस्यों द्वारा धार्मिक, परोपकारी परिवार को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उनके चार पुत्र रमेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शिव अग्रवाल तथा परिजनों के सहयोग से नेत्रदान की पहल की गई थी। स्मृतिशेष कौशल्या देवी की आखों से कम से कम दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने उपस्थित परिजनों को कहा कि मृत्यु सुनिश्चित है, परन्तु मृत्यु के बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान। नेत्रदान/अंगदान के लिए हम सब संकल्पित होकर पीड़ित मानवता की सेवा करें।इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने उपस्थित लोगों से नेत्रदान का सामूहिक संकल्प पाठ कराया एवं शोकसभा में आए लोगों का आह्वान किया कि महर्षि दधीचि के इस अंगदान की परंपरा को पुनर्जीवित करें तथा पीड़ित मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। इस अवसर पर समिति के वरीय सदस्य सुरेश रुंगटा, आनंद प्रधान, डॉ टीपी गोलवारा, संतोष सराफ, पुरुषोतम पोद्दार, प्रदीप सहित अन्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

## प्रधानमंत्री ने मन की बात में गणतंत्र दिवस को बताया खास : दिलीप

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात को आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेता और कार्यकताओं ने बैठकर सुना। भाजपा कार्यालय के अटल सभागार में मन की बात के 118वें एपिसोड को सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया, सैयद शाहनवाज हुसैन, महामंत्री मिथिलेश तिवारी, शिवेश राम, जगन्नाथ ठाकुर, संजीव चौरसिया, विनोद नारायण झा, राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु, प्रभात मालाकार, सूरज पांडेय सहित भाजपा के सैंकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक विचारों को सुना। मन की बात सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण महीने की आखिरी रविवार को होता है, लेकिन इस बार ये एक सप्ताह पहले तीसरे रविवार को प्रसारण हुआ। पीएम मोदी ने इसका कारण चौथे रविवार को गणतंत्र दिवस का होना बताया। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोग इस मन की बात को ध्यान से सुने। प्रधानमंत्री ने एक तरफ भारत के विरासत की बात की, वहीं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, सुभाष चंद्र बोस जैसे शख्सियतों की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से महाकुंभ और उसमें युवाओं की भागीदारी की चर्चा की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह से युवा महाकुंभ में भाग ले रहे हैं, उससे जो विकसित भारत होगा उसका एक स्वरूप दिखाई पड़ता है, जिसमें धर्म के साथ-साथ अपने देश को भी विकसित करेंगे। प्रधानमंत्री ने विस्तृत तौर पर अपनी बात बताई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जीवन में जानवरों के महत्व को भी उद्धृत किया। भाजपा अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि अपने मन की बात के दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस मौके पर उन्होंने कई महान नेताओं की वास्तविक आवाज सुनाई। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी ने इस दौरान संविधान सभा के प्रमुख डॉ राजेंद्र प्रसाद का एक ऑडियो के जरिए एकता का संदेश भी दिया। इस ऑडियो में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा इतिहास बताता है और हमारी संस्कृति सिखाती है कि हम शांति प्रिय हैं और रहे हैं।

## जननायक की 101वीं जयंती समारोह की तैयारी को लेकर जदयू की बैठक



### नीतीश कुमार जिस समाजवादी विचारधारा के वाहक, उसके प्रकाश स्तंभ हैं जननायक : उमेश

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में 101वीं कपूर्री जयंती समारोह को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 जनवरी को प्रत्येक जिलों में कपूर्री जयंती समारोह मनाई जाएगी जिसमें सांसदगण, विधायकगण, विधानपार्षदगण एवं पार्टी के तमाम प्रमुख साथीगण अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इस बैठक में उपस्थित पटना एवं पटना महानगर के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं जिला कमिटी के सदस्यों ने 24 जनवरी को प्रदेश कार्यालय के कपूर्री सभागार में पूरे हर्षोल्लास के साथ कपूर्री जयंती मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस समाजवादी विचारधारा के वाहक हैं उसके प्रकाश स्तंभ जननायक कपूर्री ठाकुर हैं। उनके उच्च आदर्शों पर चलते हुए नीतीश कुमार शोषितों और वंचितों के उत्थान हेतु संपूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 24 जनवरी को 101वीं जयंती के पावन अवसर पर मजबूती भागीदारी को सुनिश्चित कर जननायक कपूर्री ठाकुर के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा वर्ग के सामाजिक और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में नीतीश सरकार ने ऐतिहासिक काम किए हैं। सर्वोच्च न्यायलय से 75 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ होने पर सबसे अधिक लाभ भी अतिपिछड़ा समाज को मिलेगा। अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि चुकि जयंती समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जननायक को श्रद्धासुमन अर्पित करने उनके पैतृक गांव कपूर्री ग्राम जाना है इसलिए तमाम साथी को सुबह 9:30 बजे तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कपूर्री ठाकुर के पदचिन्हों पर चलते हुए अतिपिछड़ो के कल्याण हेतु अद्वितीय कार्य किए हैं इसलिए तमाम साथियों 101 वीं जयंती समारोह को भव्य रूप देने के लिए को पूरे तन-मन से जुट जाना है। उक्त बैठक में मुख्यरूप से विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता डॉ भारती मेहता, प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद, शिवशंकर निषाद, अवधेश कुमार, रमेश ठाकुर, नरेंद्र चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, अरुण सहनी, आशीष पटेल सहित पार्टी के कई वरीय नेतागण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## राहुल गांधी को अपने बयानों से अपने को हास्यास्पद बनाने की अद्भुत कला है : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी को अपने बयानों से अपने को हास्यापद बनाने की अद्भुत कला है। बिहार के जातीय गणना के संबंध में उनका ताजातरीन बयान उसी की पुष्टि करता है। विजय चौधरी ने कहा कि क्योंकि, जातीय गणना के शुरू होने से लेकर इसके आंकड़े जारी होने तक कांग्रेस पार्टी इसका समर्थन करती रही थी। दूसरे, बिहार सरकार ने उसी समय से स्पष्ट कह रखा है कि अगर इन ऑकड़ों में किसी प्रकार की विसंगति या गलती संज्ञान में लाई जाती है, तो सरकार तत्क्षण जांच कराने को तैयार है। परन्तु अभी तक एक भी ऐसी सूचना या आपत्ति किसी के द्वारा नहीं दी गई है। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि फिर, बिना किसी प्रमाण के राहुल गांधी इस गणना को फेक कहते हैं, तो इससे सिर्फ उन्होंने अपनी अगंभीर नेता की छवि को ही बरकार रखा है। वैसे भी जिन्हें इंडियन स्टेट (भारतीय राष्ट्र) और इंडियन गवर्नमेंट (भारतीय सरकार) में फर्क की समझ नहीं हो, तो हम उनसे इससे कुछ अधिक उम्मीद भी नहीं रखते।

## तेजस्वी बताएं, राजद में शीर्ष पद सिर्फ परिवार के लिए क्यों आरक्षित? : जयराम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव ने राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में तेजस्वी यादव को लालू प्रसाद यादव के बराबर का दर्जा देने को महज दिखावा करार दिया। उन्होंने कहा, तेजस्वी यादव 2015 से ही राजद के सर्वेसर्वा हैं। सबको पता है कि वे लालू यादव के राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं। ऐसे में कार्यकारिणी बैठक, संविधान संशोधन और प्रस्ताव पास करने का क्या औचित्य है? यह केवल जनता को भ्रमित करने का ढोंग है। विप्लव ने सवाल उठाते हुए कहा, राजद सामाजिक न्याय का दावा करती है, लेकिन पार्टी में शीर्ष पदों पर अब तक किसी दलित, आदिवासी, अति पिछड़े या मुसलमान को मौका क्यों नहीं मिला? क्या राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी कोई गैर-परिवार का व्यक्ति बनेगा? कोई यादव ही बना दो, लेकिन परिवार से बाहर का। राजद में शीर्ष पद केवल लालू परिवार के लिए आरक्षित क्यों हैं? उन्होंने राजद पर परिवारवाद की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी के सभी बड़े पद यादव परिवार के कब्जे में हैं। यह कैसी सामाजिक न्याय की राजनीति है, जहां एक ही परिवार का वर्चस्व है और अन्य समुदाय हाशिए पर हैं? राजद का तथाकथित सामाजिक न्याय केवल नारेबाजी है। जयराम विप्लव ने कहा कि बिहार की जनता अब परिवारवादी राजनीति को नकार चुकी है। एनडीए सरकार ने हर वर्ग को सशक्त करने और समान अवसर देने का काम किया है। भाजपा का संकल्प है–राजनीति को परिवारवाद और सामाजिक अन्याय से मुक्त करना। तेजस्वी यादव को जवाब देना होगा कि राजद में शीर्ष पदों पर परिवार से बाहर का कोई व्यक्ति कब आएगा? जनता अब इस खोखली राजनीति को और बर्दाश्त नहीं करेगी।

## कांग्रेस का जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम फरवरी से

- जिस उद्देश्य से जातिगत जनगणना हुआ, वह पूर्णतः लागू नहीं हो पाया : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी फरवरी महीने से जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रही है। इस आशय की जानकारी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने दी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि फरवरी के दूसरे सप्ताह से जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम को चंपारण, रोहतास और बक्सर जिले से शुरू करके पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए प्रत्येक जिले में संयोजकों की नियुक्ति भी की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकताओं, नेताओं और कर्मचारियों को प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने न्याय योद्धा कार्यकर्ता सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया और मीडिया को भी बेहतर कवरेज के लिए धन्यवाद दिया। पत्रकारों के जातिगत जनगणना से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जिस उद्देश्य से जातिगत जनगणना के लिए नीतीश सरकार को तैयार किया था वो पूर्णतः लागू नहीं हो पाया क्योंकि नीतीश कुमार ने मन बना लिया था कि वें भाजपा के साथ जाएंगे। चूंकि भाजपा के साथ नीतीश कुमार भी पिछड़े, दलितों के विरोधी हैं इसलिए कहीं जातिगत आरक्षण और हिस्सेदारी बढ़ाना न पड़े इसलिए उन्होंने आधे मन से इसे लागू कराने की कवायद की, जो मामला आज भी कोर्ट में लंबित है। जब केंद्र में और राज्य में भाजपा जदयू की ही सरकार है तो क्यों न आपने इसे नौवीं अनूसूचि में शामिल करा लिया जिससे कोर्ट में मामला जाने से बच जाता। साथ ही 95 लाख परिवारों को 2 लाख रुपए देने की कवायद, नौकरी के लिए आरक्षण बढ़ाने की कवायद को नहीं करना और जातिगत आंकड़े को सार्वजनिक कर उसपर आपत्ति दर्ज कराने तक का मौका नहीं दिया। इसी को लेकर राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को झूठा करार दिया क्योंकि केवल संख्या गिनने के लिए और ठंडे बस्ते में डालने के लिए नहीं इसे करवाया गया था इसका उद्देश्य वृहद और नीतिगत विकास पर आधारित था। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय सचिव पूनम पासवान, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, प्रवक्ता आनंद माधव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, लालबाबू लाल, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, ज्ञान रंजन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, सौरभ सिंहा, निधि पांडेय सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## संवैधानिक व्यवस्थाओं को कमजोर करना बर्दाश्त नहीं : जनक

### डॉ. अंबेडकर के आदर्शों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार सरकार के मंत्री जनक राम ने कहा कि संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर ने एक ऐसा संविधान रचा, जिसने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत नींव दी। यह संविधान न केवल देश की कानूनी व्यवस्था का आधार है, बल्कि हर नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का संरक्षक भी है। जनक राम ने कहा कि आज जब संवैधानिक व्यवस्थाओं पर राजनीतिक स्वार्थ के चलते हमला किया जाता है, तो यह न केवल हमारे लोकतंत्र पर प्रहार है, बल्कि डॉ. अंबेडकर और उनके द्वारा स्थापित आदर्शों का भी अपमान है। डॉ. अंबेडकर ने जिस संविधान के माध्यम से भारत को दिशा दी, उस पर सवाल उठाना या उसे कमजोर करने का प्रयास करना असहनीय है। जनक राम ने विपक्षी नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि हाल ही में राहुल गांधी और उनके जैसे कुछ नेताओं द्वारा संविधान और उसकी व्यवस्था पर अविश्वास व्यक्त करना, देश की लोकतांत्रिक भावना और डॉ. अंबेडकर की महानता का अनादर है। यह वही कांग्रेस है जिसने आपातकाल लगाकर संविधान की धज्जियां उड़ाईं और अब वही मानसिकता राहुल गांधी के बयानों में झलकती है। संवैधानिक व्यवस्था पर प्रहार केवल राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए किया जा रहा है। मैं राहुल गांधी और अन्य नेताओं को चेतावनी देता हूं कि संविधान का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। संविधान का अपमान करने का मतलब है, उस महान पुरुष का अपमान करना, जिसने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का सपना दिखाया। बिहार सरकार और भारतीय जनता पार्टी डॉ. अंबेडकर के आदर्शों और उनके द्वारा रचित संविधान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम डॉ. अंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। जनक राम ने राहुल गांधी से आग्रह करते हुए कहा कि वे संवैधानिक व्यवस्थाओं पर हमले बंद करें और अपने बयानों के लिए देश से माफी मांगें। देश के करोड़ों नागरिक डॉ. अंबेडकर और उनके संविधान के साथ खड़े हैं और इसे कमजोर करने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।

## जीरो वेस्ट इवेंट होगा विधानसभा का सम्मेलन

### परिसर में ही किया जाएगा कचरे का निष्पादन



पटना। पटना नगर निगम ने कहा है कि विधानसभा परिसर में आयोजित होने वाले सम्मेलन को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में बनाया जा रहा है। 20 जनवरी से अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 85 वां सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा निरंतर बड़े आयोजनों को जीरो वेस्ट बनाया जा रहा है जिसमें प्रकाशपर्व, सरस मेला आदि शामिल रहे हैं यह पहली बार है कि इस तरह के बैठक को भी जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इस सम्मेलन में देशभर के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति और उपसभापति शामिल होंगे। सेंट्रल हॉल में अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों का उद्घाटन सत्र आज से। 20 और 21 जनवरी 2025ः विधान सभा में विभिन्न विषयों पर विमर्श सत्र। कार्यक्रम में निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे के लिए पटना नगर निगम द्वारा पूरी व्यवस्था कर ली गई है दो दिनों तक परिसर से निकलने वाले कचरे की रीसाइक्लिंग एवं कंपोस्टिंग परिसर के अंदर ही की जाएगी।

## समाज के वंचित वर्ग का विकास ही सबसे बड़ा धर्म : मंगल

### सेवा भारती की ओर से हितचिंतक संगोष्ठी का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इकाई, सेवा भारती पटना महानगर की ओर से हित चिंतक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन संघ प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संघ प्रचारक एवं सेवा भारती के संरक्षक श्री गुरु शरण जी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पटना महानगर कार्यकारिणी सचिव श्री नवीन सिन्हा ने सेवा भारती द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गत वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर किए गए कन्या पूजन अनुष्ठान पर आधारित एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ चिकित्सकों एवं समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कई गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने अपने संबोधन में लोगों से बढ़-कर कर सामाजिक कार्यों में अपना उल्लेखनीय योगदान देने की अपील की।

श्री पांडेय ने कहा कि सामाजिक समरसता तभी आएगी जब समाज के अंतिम पायदान (अंत्योदय) तक विकास पहुंचेगी और खुशहाली आएगी। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की भी यही सोच है कि सबका साथ और सबका विकास हो। श्री पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म यही सिखाता है कि हम ज्यादा से ज्यादा मानव सेवा करें और समाज का कल्याण करें। सेवा भारती के संरक्षक श्री गुरु शरण जी ने भी जनहित से जुड़े ज्यादा से ज्यादा कार्यों को करने की अपील की और उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज में प्रेरणा स्रोत बनना चाहिए। क्षेत्र कार्य वाहक एवं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ मोहन सिंह ने कहा कि संघ को मजबूत करना हमारा लक्ष्य है। देश का प्रत्येक नागरिक स्वामी विवेकानंद जी जैसा दृढ़ संकल्पित होना चाहिए तभी एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होगा। संपूर्ण देश और सृष्टि मानवता के उदाहरण से प्रेरित है। भारत में सदैव विश्व को ज्ञान और अपनापन का पाठ पढ़ाया है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं में भूदेव कृष्ण सुदर्शन, राजीव एवं कैप्टन उदय ने भी संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री डॉ शांति राय, पद्मश्री डॉ आर एन सिंह, डॉ सहजानंद समेत कई गणमान्य चिकित्सक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे मंच संचालन डॉ मुकुल ने किया।

## पटना नगर निगम : राजस्व कर में बढ़ोतरी के लिए ली जा रही है एआई की मदद

### संपत्ति कर नहीं जमा करने वालों को मिलेगा वीडियो मैसेज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले लोगों को अब पटना नगर निगम की तरफ से एक वीडियो मैसेज प्राप्त होगा जहां उनका बकाया राशि भुगतान करने के लिए उन्हें निर्देशित किया जाएगा। सभी संपत्ति धारकों को अलग-अलग और कस्टमाइज मैसेज उनके नाम के साथ प्राप्त होंगे। पटना नगर निगम को डिजिटल अपडेट एवं आम जनों के लिए सुविधाजनक बनाने हेतु निरंतर नए प्रयोग किया जा रहे हैं व्हाट्सएप चैटबोट के बाद अब अक की मदद से पटना नगर निगम संपत्ति कर जमा करने के लिए आम जनों तक संदेश भेजेगा।

शुरू किया जा रहा है काम इसी वित्तीय वर्ष मिलेगी सुविधा

पटना नगर निगम द्वारा इस एआई टेक्नोलॉजी पर काम शुरू किया जा रहा है कुछ दिनों में ही आम जनों तक यह मैसेज प्राप्त होने लगेगा। लक्ष्य को दोगुना करने हेतु किए जा रहे इस नवीन प्रयोग का फायदा पटना नगर निगम को इसी वित्तीय वर्ष में प्राप्त होगा। बेहद तेज गति से संचालित होने वाले सॉफ्टवेयर के साथ अब निगम अपने संपत्ति कर का डेटा का उपयोग डाटा केंद्र पर कर रहा है। निगम की योजना के द्वारा अब एक साथ काफी संख्या में मोबाइल मैसेज के जरिए भी संपत्ति कर न जमा करने वालों को नोटिस भेजा जाएगा। यह सभी, वह लोग होंगे जो निगम के रिकॉर्ड में हैं। वहीं, निगम व्यावसायिक संपत्तियों के साथ ही आवासीय संपत्तियों को भी जियो टैग करेगा। जिससे, निगम के पास उचित संपत्ति के रिकॉर्ड प्राप्त हो जाएं।

## जननायक जयंती समारोह : राजद कार्यालय से कर्पूरी विचार रथ रवाना : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 24 जनवरी को मधुबनी जिला के फुलपरास में होने वाले भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह की तैयारी के लिए राष्ट्रीय जनता दल की ओर से जोर-जोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है और कपूर्री जी के विचारों को जन -जन तक पहुंचाने के संकल्पों को मजबूती प्रदान करने के लिए और इसको गति प्रदान करने के लिए आज राष्ट्रीय जनता दल की ओर से विभिन्न क्षेत्रों के लिए कपूर्री विचार रथ को राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय से राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने हरी झंडी दिखाकर कर विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि कपूर्री विचार रथ दरभंगा , सीतामढ़ी,मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, समस्तीपुर, सहित सीमांचल के विभिन्न जिलों में घूम-घूम कपूर्री के विचारों का प्रचार- प्रसार करेगा। और साथ ही साथ तेजस्वी जी के द्वारा माई-बहिन मान योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, सामाजिक सुरक्षा पेंशन1500 किए जाने के साथ-साथ नौकरी और रोजगार के प्रति संकल्पों को लोगों के बीच बताया जाएगा। साथ ही दिनांक 24 जनवरी को फुलपरास में होने वाले कपूर्री जयंती समारोह में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कीं अपील की जाएगी। एजाज ने आगे बताया कि भारत रत्न जननायक कर्प्यू ठाकुर जयंती समारोह का उद्घाटन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव करेंगे। और इस कार्यक्रम में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, कार्यकताओं के साथ-साथ सभी जिला अध्यक्ष,सांसद, पूर्व सांसद ,विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद ,पूर्व विधान पार्षद, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी के अलावा विभिन्न जिलों के सक्रिय कार्यकताओं और नेताओं से शामिल होने की अपील की गई है।

## बदलो बिहार महाजुटान को जनांदोलनों का साझा मंच बना दें : दीपंकर

पटना। माले महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य ने रविवार को पटना में नागरिक समाज और विभिन्न आंदोलनकारी ताकतों की ओर से आयोजित ह्यबदलो बिहार समागम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा दरअसल दमन यात्रा है। कोई मुख्यमंत्री को ज्ञापन न दे सके, उनतक पहुंच न सके इसके लिए चरम दमन किया जा रहा है। एक ओर बिहार को बदल देने का संघर्ष है, दूसरी ओर किसी तरह सत्ता बचाने का दमन अभियान है। उन्होंने कहा कि बदलो बिहार समागम में आज अलग-अलग मुद्दे पर आंदोलित ताकतें एकजुट हुई हैं। लेकिन सुरक्षा और सम्मान के साथ जीने का एजेंडा सबका है। सबलोग बिहार में बदलाव चाहते हैं, लेकिन असल सवाल यह है कि किस दिशा में यह बदलाव होगा? कुछ लोग कहते हैं कि 35 सालों में बिहार बरबाद हो गया, तो क्या 90 के पहले बिहार बहुत अच्छा था? क्या वे बिहार को उसी सामंती दौर में ले जाना चाहते हैं? नहीं, बिहार आगे बढ़ेगा पीछे नहीं लौटेगा। समागम में बहुत लोगों ने चुनाव की चर्चा की। लेकिन महाराष्ट्र में क्या खेल हुआ?

## उपभोक्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना अनिवार्य : पंकज

समीक्षा

### ऊर्जा सचिव ने की राजस्व संग्रहण की समीक्षा, दिए निर्देश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के ऊर्जा सचिव एवं सीएमडी पंकज कुमार पाल ने राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सभी प्रमंडलों के अधिकारी उपस्थित थे। श्री पाल ने राजस्व संग्रहण में आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए कई निर्देश जारी किए।

उपभोक्ताओं से निरंतर संपर्क पर विशेष जोर

सीएमडी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल समय पर जमा कराने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से माइकिंग, कॉलिंग और घर-घर जाकर संपर्क साधने के प्रयास किए जाएं।

राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के लिए ठोस कदम

श्री पाल ने निर्देश दिया कि स्मार्ट मीटर के तहत उन परिसरों का सत्यापन प्राथमिकता पर किया जाए, जहां मीटर तो लगे हुए हैं लेकिन वे कनेक्शन से अलग हैं, साथ ही ऐसे परिसर जिनके स्मार्ट मीटर नॉन-कम्युनिकेटिंग या नेवर-कम्युनिकेटिंग लगभग 15 प्रतिशत की श्रेणी में आते हैं। इन परिसरों का फिजिकल सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाए कि मीटर से संबंधित संचार बाधाओं के कारणों का समाधान हो और उपभोक्ताओं को रिचार्ज/बिल भुगतान करने के लिए प्रेरित किया जाए।

इसके अतिरिक्त, लगभग 8 लाख उपभोक्ताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भुगतान किया था, लेकिन 2024-25 में भुगतान नहीं किया है, साथ ही वे उपभोक्ता जिन्होंने इस वित्तीय वर्ष में एक बार भी बिल भुगतान नहीं किया है। इन उपभोक्ताओं से कम से कम 50 प्रतिशत बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। जहां भुगतान नहीं किया जाता है, वहां डिस्कनेक्शन टीमों की सहायता से लाइन डिस्कनेक्शन की प्रक्रिया को लागू किया जाए।

प्रमंडलों के प्रदर्शन में सुधार पर जोर

बैठक के दौरान सीएमडी ने मोतिहारी, चकिया, मुजफ्फरपुर पश्चिम, रक्सौल, सहरसा एवं अररिया प्रमंडलों को निर्देश दिया कि वे अपनी बिलिंग दक्षता में सुधार करें। प्रमंडलवार सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिसमें उपभोक्ताओं की श्रेणियों, उनकी संख्या और बकाया राशि का विवरण शामिल हो। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि बकाया वसूली के लिए डिवीजन द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं।

टीमों के माध्यम से बकाया वसूली अभियान

जीएम रेवेन्यू ने बताया कि प्रत्येक सेक्शन में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इन टीमों को बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची दी गई है, जिनसे कम से कम 50 प्रतिशत बकाया वाले उपभोक्ताओं से बकाया वसूला जाएगा। बकाया वसूली में असफल होने पर लाइन डिस्कनेक्शन का कार्य टीम द्वारा किया जाएगा। सहायक और कनिय अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि बकायेदार उपभोक्ताओं का नियमित सत्यापन हो और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए।

सीएमडी पंकज कुमार पाल ने कहा कि मुख्यालय, सर्किल और डिवीजन स्तर से टीम और अभियंताओं के कार्यों की सख्त मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता या अनधिकृत व्यवहार न हो। उन्होंने राजस्व संग्रहण में आने वाली बाधाओं को हल करने के लिए अधिकारियों को खुलकर विचार साझा करने के लिए प्रेरित किया।

## मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप स्मृति समारोह का किया शुभारंभ

### राष्ट्र रत्न के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधान पार्षद संजय सिंह के सरकारी आवास 22/एम स्ट्रैण्ड रोड पर राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्र रत्न महाराणा प्रताप स्मृति समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्र रत्न महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया। किया। मुख्यमंत्री को विधान पार्षद संजय सिंह ने अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, विधान पार्षद संजय सिंह, पूर्व सांसद एवं जदयू के वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संजय यादव को धमकी देने वाले अपराधियों पर अविलंब कार्रवाई हो : अरुण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव को कुख्यात अपराधी द्वारा विदेशी नंबर से कॉल कर 20 करोड़ रुपया की मांग करना और मांग पूरा नहीं होने पर अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने की धमकी देने की घोर निंदा करते हुए राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि इस सरकार में जब एक राज्यसभा सांसद सुरक्षित नहीं है, कुख्यात अपराधी बेखौफ होकर फोन कर रंगदारी मांग रहा है। मांग पूरा नहीं होने पर परिजनों की अपहरण कर हत्या करने की धमकी देना इससे साफ जाहिर होता है कि शासन प्रशासन का खौफ कुख्यात अपराधियों के मन से पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राजद प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने केंद्र और राज्य सरकार से राज्यसभा सांसद संजय यादव और उनके परिजनों की सुरक्षा की मांग की है। रंगदारी मांगने और धमकी देने वाले कुख्यात अपराधियों पर अविलंब कानूनी कार्रवाई सरकार करे।

## संक्षिप्त खबरें

### सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी ने मेडिकल सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाह्या सीमा चौकी जानकीनगर के नजदीकी गांव लठौवा में उच्च विद्यालय लठौवा के प्रांगण मे गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के निर्देशानुसार डॉक्टर सुनेहा सिंह चिकित्सा पदाधिकारी की मौजूदगी में निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर मे 48वी वाहिनी के चिकित्सा कर्मियो द्वारा जानकीनगर लठौवा एवं आस पास के गावो के लोगो को स्वास्थ्य संबंधी जानकारिया दी गयी तथा निशुल्क इलाज किया गया और आवश्यक औषधियों का निशुल्क वितरण किया गया। इस चिकित्सा शिविर में कुल 81स्थानीय लोगो ने भाग लिया जिसमे पुरुष 28 महिलाये 37एवं बच्चे 16 लाभान्वित हुए। डाक्टर सुनेहा सिंह चिकित्सा पदाधिकारी 48 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा वहा उपस्थित सभी लोगो को खान पान पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया तथा समय समय पर शारीरिक जांच करवाते रहने का भी सुझाव दिया।सशस्त्र सीमा बल अनवरत रूप से जन सरोकार के तथा आम जनता के हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है।

### प्रधानमंत्री के मन की बात लोगों ने सुनी

कल्याणपुर, प्रखंड के उत्तरी मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 118वां एपिसोड सुना गया।जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने की संचालन किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह उत्तरी मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा किया। वहीं श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री की बात सुनने से आज बहुत कुछ जानने का मौका मिला। बाबा भीमराव अंबेडकर प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुष का ऑडियो सुनने का मौका मिला। रेडियो मासिक कार्यक्रम से महापुरुषों के विचार उनका विश्व के प्रति सोच,विचार भारत की संविधान की खूबसूरती जानने का मौका मिलता है। साथी ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जो भारत के प्रति विश्व के, सनातन धर्म, गरीबों, युवाओं महिलाओं के प्रति जो उच्चतम सोच है। उसी का प्रतिफल है कि आज भारत विश्व के नक्शे पर भारत विकसित राष्ट्र दिख रहा है।मौके पर बलराम शर्मा, प्रभाकर शर्मा, विजय शर्मा, मोहन मंडल बिंदी राय आदि।

### वारंटी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमहेसी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के श्रीनाथ पारण गांव से पुलिस बल के साथ छापेमारी कर वारंटी शोभित सहनी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आशय की जानकारी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने दी।

### ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के रामपुरा गांव के बूढ़ी गंडक नदी वाटर वेज बांध के टूटे हुए स्थान पर रविवार की दोपहर एक ई-रिक्शा पलटने से चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी चालक की पहचान गोपालपुर गांव के मधुनी साहनी के पुत्र 50 वर्षीय भोला सहनी के रूप में की गई। जिसे स्थानीय थाने के पुलिस 112 टीम के द्वारा इलाज के लिए सीएचसी में लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कुमोद रंजन ने गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### सुरौली में गर्म कपड़े का किया वितरण

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के सुरौली में करोई निवासी समाजसेवी अवधेश कुमार ने गरीबों और निःसहायों के बीच गर्म कपड़े स्वेटर वितरण किया। उन्होंने 60 निःसहायों को स्वेटर प्रदान कर आशीर्वाद लिया। मौके पर रामप्रवेश, सिंघेश्वर महतो, रामोतार महतो, ब्रजेश, आलोक आदि थे।

# स्वास्थ्य मंत्री करेंगें नवनिर्मित 200 बेड के अस्पताल का शुभारंभ : संजय सरावगी

## मिथिला के लिए बड़ी उपलब्धि, गंगवारा में नवनिर्मित अस्पताल टाटा मेमोरियल का ब्रांच बनेगा

प्रात : किरणसंवाददाता



दरभंगा। सदर प्रखंड के गंगवारा में 50 करोड़ की राशि से गौशाला की भूमि पर नवनिर्मित 200 बेड के अस्पताल का शुभारंभ 23 जनवरी को बिहार के स्वास्थ्य, कृषि सह दरभंगा के प्रभारी मंत्री मंगल पाण्डेय करेंगे। ये जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी ने टाटा मेमोरियल के अधिकारी व चिकित्सकों के साथ अस्पताल भ्रमण के दौरान दी। उन्होंने कहा कि दरभंगा निरंतर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। 23 जनवरी को दरभंगा के स्वास्थ्य सेवाओं में एक और नया आयाम जुड़ जायेगा।

आगामी कार्यक्रम को लेकर नगर विधायक श्री सरावगी ने अस्पताल प्रांगण में दरभंगा सदर विधानसभा के प्रमुख भाजपा कार्यकताओं की बैठक की। जहां उन्होंने तैयारियों के विषय पर विचार-विमर्श पर किया और कार्यकताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपा। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को अपराह्न 12 बजे कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसकी तैयारी में किसी प्रकार की कमी न रह जाए, इस बात का विशेश ध्यान रखें।

विधायक श्री सरावगी ने बताया कि उनकी पहल पर ही गंगवारा में अस्पताल का निर्माण हुआ है। वे वर्ष 2010 से ही अस्पताल बनने के प्रयास में लगे थे। अस्पताल चालू होने से क्षेत्रवासियों का सपना पूरा होगा। इससे स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य की सुविधा और रोजगार के अवसर बनेंगें।नगर विधायक ने कहा कि ये अस्पताल टाटा मेमोरियल हॉस्पीटल का एक ब्रांच होगा। जहां विशेष रूप से कैंसर के मरीजों का ईलाज किया जायेगा। टाटा मेमोरियल हॉस्पीटल कैंसर के इलाज के क्षेत्र में विश्वभर में प्रसिद्ध है। उसका दरभंगा में ब्रांच स्थापित होना, पूरे मिथिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे दरभंगा सहित आसपास के जिले के मरीजों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार मिल सकेगा। भ्रमण के दौरान नगर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को भी तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया। मौके पर भाजपा के सुजीत मल्लिक, अंकुर गुप्ता, राजू तिवारी, रतन पासवान, रमेश झा, पिंटू भंडारी, संगीत कुमार साह, रविकांत झा, आरती कुमारी, रमेश प्रसाद, कौशल सहनी, रविन्द्र सहनी, जयराम ठाकुर, आकांक्षा रानी, मुन्ना राम, रामविलास यादव, विपीन पासवान, ब्रम्हदेव यादव, दीपक पासवान, कृष्णानंद गिरी राहुल कुमार पासवान, शबीरउद्दीन, शफी अहमद आदि उपस्थित थे।

# पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां बढ़ी है पर प्रासंगिकता बरकरार है : डॉ समीर वर्मा




प्रात : किरणसंवाददाता

दरभंगा। बिहार में निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालय संदीप यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. समीर कुमार वर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया के आने से पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां बढ़ी है पर प्रासंगिकता बरकरार है। समकालीन दौर में मीडिया ताकतवर हुई है और सामाजिक बदलाव का वाहक बनी हुई है। रविवार को ख्याति लब्ध पत्रकार स्वर्गीय रामगोविंद प्रसाद गुप्ता की 29वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समकालीन पत्रकारिता की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि आज की मीडिया व्यापारिक ढ़ांचे में तब्दील है। बाजारवाद बढ़ा है। इस स्थिति में मध्यम और निचले स्तर के पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। सच उजागर करने की जिमेवारी इन्हीं के ऊपर है। विशिष्ट अतिथि पत्रकार एवं बेनीपुर के विधायक डॉ. विनय कुमार चौधरी ने कहा कि पत्रकारों के लिए लिखना सबसे बड़ी चुनौती हैं। ईमानदारी से लिखी खबर का आज भी असर दिखता है। साथ ही इससे पत्रकारिता के वजूद की भी रक्षा होती हैं। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष पत्रकारिता ही आधुनिक दौर की चुनौतियों को समाप्त करेगी। पत्रकारिता कल भी प्रसांगिक थी और आनेवाले दौर में भी यह बरकरार रहेगी। सिर्फ पत्रकारों को अपने दायित्वों का पालन करना होगा, अन्यथा सच्चाई पीछे छूट जाएगी। विधायक डॉ चौधरी ने बताया कि विश्वसनीयता मीडिया की पूंजी है। यह जबतक बचा है पत्रकारिता जीवंत रहेगी। मुख्यवक्ता प्रखर आलोचक एवं साहित्यकार प्रो. डॉ सतीश सिंह ने कहा कि धार्मिक असहिष्णुता का जो माहौल उत्पन्न हुआ है उसके पार उतरना मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती है। इसकी पड़ताल कर सामाजिक सौहार्द स्थापना कर मीडिया इस चुनौती को समाप्त कर सकती हैं। इससे पत्रकारिता को एक नया आयाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि सामाजिक संरचना जितनी उलझेगी, उतनी ही पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां आएगी। पत्रकारिता का दायित्व स्वस्थ समाज की रचना है। इस महती जिम्मेवारी के वहन से पत्रकारिता की चुनौतियां कम होगी। वरीय पत्रकार गंगेश मिश्र, पत्रकार विष्णु कुमार झा ने कहा कि पाठक और दर्शक को बांध कर रखना बहुत बड़ी चुनौती है। इस आधुनिक दौर में यदि पत्रकार अपने को अपडेट नही करेंगे तो पत्रकरिता धूमिल हो जाएगी। स्वागताध्यक्ष एवं विषय-प्रवेशक की भूमिका का निर्वहन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार रामचंद्र सिंह चंद्रेश ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में चुनौतियाँ ही चुनौतियाँ है।धीर, वीर गम्भीर मानव चुनौतियों को चाँदनी समझकर उसे ओढ़ लेते हैं, लेकिन अधैर्य, कायर और मतिक्षीण मनुज चुनौतियों को तीक्ष्ण धूप समझकर उससे डरकर भागने का काम करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डॉ.कृष्ण कुमार झा व मंच संचालन डॉ ए डी एन सिंह ने किया ।आयोजक प्रदीप कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया वही पत्रकार प्रमोद कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# उद्योग भवन से 475.271 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार



प्रात : किरणसंवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका प्रखंड कार्यालय के पीछे बने उद्योग भवन से पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर भारी मात्रा में अंग्रेजी विदेशी शराब के साथ केन बियर व देसी चुलाई शराब बरामद कर लिया है ।बताते चले की प्रखंड कार्यालय के पीछे उद्योग भवन से भारी मात्रा में शराब बरामद से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में गुप्त सुचना के आधार पर उद्योग भवन में छापेमारी अभियान चलाया गया और उद्योग भवन में छापेमारी चलते देख शराब माफियाओ में हरकंप मचने लगा उद्योग भवन से भारी मात्रा में अंग्रेजी विदेशी शराब 51कार्टून केन बियर 500एमएल का 10बोतल के साथ देशी चुलाई शराब 06लीटर के साथ कुल शराब की मात्रा 475.271लीटर बरामद किया गया ।बरामद शराब को जप्त कर थाना परिसर लाया गया ।रहिका थानाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया की शराब कारोबार में संलिप्त 06 कारोबारियों को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा ।शराब कारोबार में संलिप्त तस्करो का पूर्व का भी शराब मामले में इतिहास रहा है। इस तरह प्रखंड कार्यालय के पीछे बने उद्योग भवन से भारी मात्रा में दूसरी बार शराब बरामद से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।मौके पर थानाध्यक्ष चौकीदार नित्यानंद पासवान अमित पासवान किशोर कुमार अवधेश दास के साथ अन्य पुलिस बल तैनात थे।

# भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी का जीबी बैठक आयोजित




प्रात : किरणसंवाददाता

मधुबनी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का जी. बी.बैठक अलझ्रहेरा पब्लिक स्कूल देवधा (मध्य) में कॉमरेड अली हसन की अध्यक्षता तथा पर्यवेक्षक कॉमरेड कुमार राणा प्रताप सिंह के देख रेख में संपन्न हुआ ।बैठक में देवधा थाना काण्ड संख्या-04 /25 झूठा मुकदमा वापस लेने दाखिल खारिज में व्याप्त भ्रष्टाचार,देवधा उत्तरी में बन्द परे स्टेट बोरिग को चालू करने स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने देवधा उत्तरी एवं देवधा मध्य से जल निकासी का स्थाई समाधान करने लोहिया स्वच्छता अभियान योजना में बड़े पैमाने पर हो रहे लूट खसोट पर रोक लगाने देवधा से जयनगर की दूरी 3 किलोमीटर होने के बाद भी टेम्पू चालक द्वारा मनमाने ढंग से 30 रुपया वसूली पर रोक लगाने सभी भूमिहीन परिवार को 05 डिसमल जमीन देने एवं पूर्व से पचार्धारी परिवार को पर्चा वाली जमीन पर दखल दिलाने सहित अन्य बिंदुओ पर साथियो ने अपना अपना विचार व्यक्त किया जिसपर अंचल सह प्रखंड कार्यालय से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक आंदोलन हेतु दिनांक 12 फरवरी 2025 को देवधा के न्यू पैराडाईज पब्लिक स्कूल (भगवती चौक) देवधा में समय 04 बजे से जी.बी. बैठक रखा गया है जिसमें अंतिम रूप रेखा तैयार किया जाएगा ।बैठक में कॉमरेड मोहम्मद इब्राहिम कॉमरेड पवन कुमार यादव कॉमरेड मंजूर कॉमरेड आतिश कुमार यादव कॉमरेड रजाउल्ला मोहम्मद ईसा नूर मोहम्मद सहित अन्य साथी भाग लिया।

# एनएच 227 पर धौरी पुल योगिया में लुटे गये समान, एसडीपीओ जयनगर के नेतृत्व मे कि गई त्वरित कार्रवाई

प्रात : किरणसंवाददाता



मधुबनी एनएच 227 पर धौरी पुल योगिया में लुटे गये समान एसडीपीओ जयनगर विप्लव कुमार के नेतृत्व त्वरित कार्रवाई हुआ पवन कुमार सिंह पिता लखपति सिंह सा परवा थाना जयनगर जिला मधुबनी दिनाक 18.01.25 समय करीब 20:30 बजे फुलपरास से आने के क्रम में धौरिपुन योगिया के पास 3 अजात अपराधकर्मी द्वारा बादी के बैग में रखे मोबइल पैन कार्ड उछ वोटर आईडी कार्ड फछ एक्स्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड एवं 5000 हजार रुपमा भय दिखाकर मुटने का सुचना प्राप्त हुआ । इसकी सुचना वरीय पदाधिकारी महोदय ने दिया पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में काण्ड में उदभेदन एवं जुटी गई सामान की बरामदगी हेतु टीम गठित किये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय के नेतृत्व में जयनगर थाना एवं लदनिया थाना के पुलिस टीम द्वारा संयुक्त छापामारी कर इस काण्ड में जुटी गई मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर दीपक कुमार उम्र 25 वर्ष पिता देव कुमार यादव सा गोत्रीयारी कमलावारी थाना जयनगर जिल्ला मधुबनी के घर से वादी के दौरा लुटे गये मोबाइल वोटर कार्ड उछ. फछ आधार कार्ड 2400 रुपया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल एवं 4 अन्य मोबाइल बरामद हुआ तथा दीपक कुमार उम 25 वर्ष पे देव कुमार यादव सा गोडीयारी काममावारी थाना जयनगर जिला मधुबनी को गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में सदनिया थाना काण्ड स-19/25 धारा 309 (4) / 317 (2) बी एम एस दर्ज किया गया अन्य संलिप्त अपराधकर्मी के गिरफ्तार हेतु छापामारी जारी है। बरामद गी सामान 1 एक्सीस बैंक का क्रेडिट कार्ड एक पीस2 वोटर कार्ड जिस पर पवन कुमार सिंह पे लखपति सिंह लिखा हुआ3 इफ३2फ0991 का आरसी जिस पर पवन कुमार सिंह लिखा हुआ4 उछइफ20080001111 जिस पर पवन कुमार सिंह लिखा हुआ5 आधार कार्ड जिस पर पवन कुमार सिंह लिखा हुआ6 पैन कार्ड जिस पर पवन कुमार सिंह निखा हुआ7 500 रुपया का दो नोट भारतीय दो सौ रुपया का छः नोट आरतीय 100 रुपया का दो नोट कुल 2400 सौ रुपया भारतीय8 घटना के प्रर्युक्त मोटरसाईकिल हाडा का एसपी जिसका रजि न -इफ३2अट7482 9 रियलमी का ब्लैक मोबाइल जिसमे 9973832393 एवं 7870524382 लगा हुआ।

# जिप अध्यक्ष सीता देवी ने किया चार योजनाओं का उद्घाटन

प्रात : किरणसंवाददाता



बेनीपुर(दरभंगा)। घनश्यामपुर प्रखंड क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर चार योजनाओं का निर्णय जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र झा के द्वारा किया गया था जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष सीता देवी ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर उद्घाटन किया। जानकारी हो कि घनश्यामपुर प्रखंड क्षेत्र के ब्रह्मपुरा मोसवासी पंचायत के देवरी बनीमा पोखर पर पहला छठ घाट का निर्माण कार्य 7.5 लाख रुपया की लागत किया गया वही दूसरा तुमौल पंचायत के गोढेल गंगासागर पोखर पर छठ घाट का निर्णय कार्य 7.5 लाख रुपया की लागत से किया गया वही जयदेवपट्टी पंचायत क्षेत्र के पड़री गांव सियाराम सिंह के घर से गजेंद्र ज सिंह के घर तक 500 फिट लंबे पीसीसी पथ का निर्माण कार्य लगभग 8 लाख रुपए की लागत से किया गया तो जयदेवपट्टी गांव में लाल साहेब झा के घर से राम कुमार झा के घर तक 350 फिट लंबे पीसीसी पथ का निर्माण कार्य 7 लाख रुपया की लागत से किया गया था। इसका विधिवत उद्घाटन रविवार को जिला परिषद अध्यक्ष सीता देवी ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। छठ घाट एवं पीसीसी पथ उद्घाटन में उपस्थित मौके पर जिला परिषद सदस्य सदर संजय कुमार, पूर्व नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि आनंद झा ,सौरभ सिंह, शारदा सिंह , नन्द झा , विपिन ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, नन्द किशोर मिश्रा, अरविन्द यादव , सत्यनारायण मंडल , मुकेश मुस्कान और हर भोला पासवान के साथ साथ दर्जनों से अधिक लोग उपस्थित थे।

# रक्तदान एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए डॉक्टर कुणाल कौशल

प्रात : किरणसंवाददाता



मधुबनी सदर अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ कुणाल कौशल को रक्तदान करने रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने एवं कैंप के आयोजन जैसे उत्कृष्ट कार्यो के लिए पटना के बापू सभागार मे स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम में डॉक्टर कुणाल कौशल को रक्त केंद्र स्वास्थ्य प्रक्षेत्र मे वर्ष 2024 मे उत्कृष्ट कार्य हेतू स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय व अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत से प्रशसित पत्र देकर सम्मानित किया गया. आज मधुबनी पहुंचने पर भव्य स्वागत डॉ कुणाल को किया गया बताया गया की पुरस्कार राज्य में केवल मधुबनी जिले को ही मिला है उन्होंने बताया मधुबनी जिले में राज्य में सबसे ज्यादा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया साथ ही डॉक्टर कुणाल ने वर्ष में 4 बार ब्लड डोनेट किया. वही 520 थैलेसीमिया मरीजो को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया जिले में इनसाइड एवं आउटसाइड 50 कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 3369 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

# पूर्व मुखिया सह सीपीआई (एम) नेता के प्रथम पुण्यतिथि पर प्रतिमा का हुआ अनावरण

प्रात : किरणसंवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर महथी दक्षिण पंचायत के पूर्व मुखिया तथा सीपीआई (एम) लोकल कमेटी विभूतिपुर उत्तर के सदस्य मनोज कुमार की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण स्थानीय विधायक अजय कुमार के द्वारा किया गया। तदुपरान्त उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं मनेरगा भवन के समीप विनय कुमार प्रसाद की अध्यक्षता तथा लोकल कमेटी विभूतिपुर उत्तर के सदस्य सह पैक्स अध्यक्ष शंभु कुमार यादव के संचालन में एक सभा हुई ।सभा को विधायक अजय कुमार,राम दयाल भारती,श्याम किशोर कमल, मिथिलेश सिंह,विश्वनाथ महतो, अरविन्द कुमार दास, सिया प्रसाद यादव, शशिकांत झा, रामदेव राय, राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार यादव, पूर्व मुखिया ओम प्रकाश पासवान, गंगोली मंदा के मुखिया मनोज कुमार यादव, क्रान्ति कुमार, जागेश्वर महतो, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, पवन कुमार सिंह आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने मनोज कुमार के राजनीतिक जीवन, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से बतलाया ।बता दें कि मनोज कुमार का राजनीतिक सफर भारत की जनवादी नौजवान सभा के सदस्य के रूप में शुरू हुआ। इसके बाद 2001 में पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए ।2001 में ही सीपीआई एम की सदस्यता दी गई। 2006 से 2016 तक महथी दक्षिण पंचायत के मुखिया रहे। लम्बी बीमारी से संघर्ष करते हुए विगत वर्ष इनका निधन हो गया। कार्यक्रम के मौके पर कुमारी किरण कमल, राजीव कुमार, रघुनंदन सिंह, राम उदय सिंह, राजीव कुमार, उमेश दास, राधेश्याम पासवान, मनोज कुमार की पत्नी संगीता कुमारी, उनके पिता शिवनारायण महतो, चाचा जयप्रकाश महतो, पुत्र शुभम सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शिक्षक व ग्रामीण चिकित्सक के निधन पर शोक

प्रात : किरणसंवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग गांव में शनिवार को एक विद्वान शिक्षक व एक ग्रामीण चिकित्सक के निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है ।एक ओर जहां कल्याणपुर दक्षिण वार्ड 12 समर्था चैनपुर निवासी ग्रामीण चिकित्सक डॉ इन्द्र देव ठाकुर का भी शनिवार को गया ।वे 86 वर्ष के थे ।वे अपने पीछे पांच पुत्र राजीव, संजीव, अजीत, संजीत, रंजीत एवं एक पुत्र ममता सहित नाती पोता से भरा परिवार छोड़ कर स्वर्ग सिधार गए। उनके निधन पर चन्द्र भूषण सिंह, लक्ष्मणदेव सिंह, नरेंद्र चौधरी, उमेश चौधरी, सुशील चौधरी, अरविंद दास, विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान आदि ने शोक व्यक्त किया। वहीं दूसरी ओर साखमोहन निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक वैद्यनाथ सिंह का निधन हो गया ।वे अंग्रेजी एवं अन्य विषयों के विद्वान शिक्षक थे ।वे अपने पीछे पुत्र इन्द्र भूषण सिंह, अरविंद प्रसाद सिंह, प्रवीण कुमार, नवीन कुमार पुत्री उषा रानी,मंजू देवी,मीना देवी,रंजू सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले बसे। उनके निधन पर राम नरेश सिंह, गिरीश प्रसाद सिंह, शशिकांत मिंटू, अवधेश राय, तरुण कुमार आदि ने शोक व्यक्त किया।

# नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 23को आऐंगे दरभंगा, स्वागत की तैयारी में बैठक

प्रात : किरणसंवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा) ।राष्ट्रीय जनता दल पंचायतीराज प्रकोष्ठ का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह 21जनवरी को होगा ।सिमरी परिणयम भवन पर दोपहर 12बजे से प्रस्तावित कार्यक्रम में राजद पंचायतीराज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद विधार्थी,राजद प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता ऋषि मिश्र, पूर्व विधायक डा.फराज फातमी,राजद जिला अध्यक्ष उदय शंकर यादव की गरिमामय उपस्थिति होगी ।पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष समेत संगठन के पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे ।रविवार को पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कलीमुद्दीन राही ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता व अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर गांव गांव जनसंपर्क किया जा रहा है। बताया कि 23जनवरी को मिथिलांचल की धरती दरभंगा में नेता प्रतिपक्ष तेज तेजस्वी यादव का आगमन होने जा रहा है ।पटना से सडक मार्ग द्वारा दरभंगा आने के राजद कार्यकर्ता अपने भावी मुख्यमंत्री का जगह-जगह स्वागत करेंगे। जिसको लेकर तैयारी के बीच 21को सिमरी में समीक्षात्मक बैठक होगी। जनसंपर्क अभियान के तहत राजद नेता ललन पासवान,अमजद अब्बास,लतीफुर रहमान, मुकेश यादव, विनय पासवान, राहुल ठाकुर, राजगीर यादव,अमरेन्द्र यादव,ने सिमरी फुलतुहा,सढवाड़ा, बस्तवाड़ा गांव का भ्रमण किया।

# पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए गए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

प्रात : किरणसंवाददाता

मधुबनी पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए गया एंटीक्राइम चेकिंग अभियान उस दौरान एक ट्रक शराब समेत दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया । मधुबनी जिले के पंडौल थाने पर सदर एसडीपीओ राजीव कुमार ने प्रेस वार्ता कर जब्त शराब की जानकारी दीया। जानकारी के मुताबिक उपमहानिरीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पंडौल थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी इसी दौरान पुलिस को सूचना मिला कि लोहटचीनी मिल के पास एक ट्रक विदेशी शराब का खेप आने बला है सूचना के बाद पुलिस सतर्क हुई तथा घेराबंदी करने के लिए विशेष तैयारी की देर रात करीब 10 बजे एक संदिग्ध ट्रक लोहटचीनी मिल के पास पहुंचा जिसे पुलिस ने रोका कर जांच की ओर पुलिस ने पाया कि 10 चक्का ट्रक पूरी तरह शराब से भडा है। शराब को छुपाने के लिए साबुन शैंपू तथा कई अन्य प्रोडक्ट के कार्टन ऊपर से डबल पैकिंग थी। बोतलो के टैग को भी खुरच कर मिटा दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने शराब जब्त कर वाहन से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जांच में पाया कि 281 कार्टन में 14 हजार 160 बोतल थी जिसकी कुल मात्रा पांच हजार लीटर से अधिक थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंजाब के पटियाला निवासी सोहन सिंह व पंडौल थाना क्षेत्र के कमलाबाड़ी निवासी विजय मांझी के रूप में हुआ। भारी मात्रा में मिली शराब की खेप के बाद खुद पुलिस अधीक्षक ने पंडौल थाना का दौरा कर जानकारी लिया है।

# किरतपुर के विकास को देश के मानचित्र पर करेंगे स्थापित : सांसद

प्रात : किरणसंवाददाता

दरभंगा ।दरभंगा संसदीय क्षेत्र के किरतपुर प्रखंड के कोशी बांध के भीतर एक दर्जन से ज्यादा गांव तथा पंचायतों में रह रहे लाखों लोगों को आजादी के बाद सड़कों तथा पुलों के अभाव में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था लेकिन 2019 में दरभंगा संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद एक एक सड़क तथा पुल से वंचित गांवों में बेहतर आवागमन की पहल शुरू की गई जिसका परिणाम है कि निमार्णाधीन परियोजनाओं के पूरा हो जाने के बाद शीघ्र ही कीरतपुर और कोशी तटबंध के भीतर में रह रहे लाखों आबादी यातायात के मामले में आत्मनिर्भर बन जाएंगे। सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने आज रविवार को किरतपुर प्रखंड में आधा दर्जन से अधिक उच्च स्तरीय पुलों तथा सड़कों का शिलान्यास करने के बाद उपरोक्त विचार व्यक्त किए। सांसद डा ठाकुर ने ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकताओं के साथ कोशी बांध मुशहरिया से रामखेतरिया रघुनाथपुर कदबड़ा वदीर्पुर होते हुए लक्ष्मीपुर काकोरबा तक साढ़े सात करोड़ की लागत से सात किलोमीटर सड़क, मुशहरिया पुनर्वास से पूरव 69 मीटर की लंबाई में 6 करोड़ 34 लागत से हाई लेबल ब्रिज, कोशी बांध मुशहरिया में 69 मीटर लंबाई में 6 करोड़ 39 लाख से हाई लेबल ब्रिज, कमला बलान पूर्वी बांध के निकट 35 मीटर की लंबाई में 5 करोड़ 27 लाख से हाई लेबल ब्रिज, कोशी बांध के पूरब रामखेतरीया गांव के निकट 47 मीटर लंबाई में 5 करोड़ 50 लाख की लागत से हाई लेबल ब्रिज, रामखेतरिया एवं कदवारा के बीच 47 मीटर की लंबाई में साढ़े पांच करोड़ की हाई लेबल ब्रिज तथा कड़वारा एवं वदीर्पुर के बीच साढ़े छह करोड़ की लागत से 61 मीटर की लंबाई में हाई लेबल ब्रिज का शिलान्यास करते हुए कहा कि आने वाले समय मे इन योजनाओं के बदौलत कीरतपुर का विकास देश के मानचित्र पर स्थापित होगा। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा संसदीय क्षेत्र को यातायात सुविधा के मुद्दे पर आत्म निर्भर बनाने के संकल्पों को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जहां अन्य जिलों में तीस से चालीस किलोमीटर सड़कों की स्वीकृति मिली वहीं दरभंगा जिले में साढ़े तीन सौ किलोमीटर सड़कों एवं बड़े छोटे सौ से ऊपर पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है जो विकास के मुद्दे पर एक उदाहरण है।

# यूरिया की खुलेआम हो रही कालाबाजारी

## जिले में किसान 340- 350 रूपया प्रति बोरी यूरिया खरीदने को हैं मजबूर

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर प्रखंड में यूरिया की कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। प्रखंड के मुख्य चौक चौराहों की खाद दुकानों में सरकारी कीमत से अधिक कीमत लेकर किसानों से यूरिया बेची जा रही है। किसान बताते हैं कि शिकायत के बावजूद खाद दुकानों की जांच नहीं की जाती है। जिससे खाद दुकानदार मनमानी कीमत लेकर यूरिया खाद बेच रहे हैं। सरकारी रेट से अधिक कीमत के संबंध में जब किसान पूछते हैं, तो दुकानदार द्वारा दूसरे दुकान जाने की बातें कहीं जाती है। कुछ किसानों ने बताया कि 350 में यूरिया खाद दुकानदारों द्वारा बेचा जा रहा है। जब कि सरकार का निर्धारित रेट यूरिया का 266.50 है। कुछ किसानों ने बताया किसान इस समय यूरिया खाद के लिए बेहद परेशान है उन्हें ना तो सहकारी समिति पर आसानी



से खाद मिल पा रहा है और ना ही निजी दुकानों पर। कृषि विभाग की उदासीनता के कारण निजी दुकानदार खाद की कमी बात कर कालाबाजारी करने में जुटे हुए है। बता दे की जिले में यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है फिर भी 350 रुपए में यूरिया किसान लेने को मजबूर है इसका सीएनएफ विनय कृषि केंद्र खैरमा है, प्रोपराइटर विनय कुमार साह है जो पदाधिकारी से मिली भगत से खुलेआम यूरिया की कालाबाजारी कर रहे हैं। सूत्रों से पता चला है कि विनय कृषि केंद्र से जितने भी थोक विक्रेता या रिटेल विक्रेता है प्रति बोरी उन्हें 300 रुपए में देता है और प्रत्येक दुकानदार को 120 बैग यूरिया पर 15 किलो जिंक 75 रुपए प्रति किलोग्राम थोपते हैं। जिसके कारण वह दुकानदार किसानों को 350 रुपए में बेचता है। जानकारी के मुताबिक कृषि विभाग शुरू से ही खाद की पर्याप्त उपलब्धता एवं भंडारण किया जाने का दावा करता रहा लेकिन जैसे ही किसान खाद लेने के लिए निजी दुकानों पर पहुंचता है तो विभाग के तमाम दावों की कलई खुलती नजर आता है। स्थिति यह है कि यूरिया खाद जिस कट्टे की सरकारी रेट 266.50 रुपए हैं उसे निजी दुकानदार किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर 350 में बेच रहे हैं। वहीं कृषि विभाग के अधिकारी यह सब जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं अधिकारियों की इस तरह के रवैया से किसान बेहद नाराज हैं। जबकि बीते सप्ताह जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक कर खाद की कालाबाजारी पर नकेल कसने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। लेकिन सारे निदोर्षों को ताक पर रख जिले में खुलेआम यूरिया 340-350 प्रति बोरी बिक्री हो रही है। जिससे किसान पस्त हैं और संबंधित पदाधिकारी व सीएनएफ मस्त। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि किसान के द्वारा अगर लिखित शिकायत जिला या प्रखंड के पदाधिकारी को देते हैं तो जांच कर उस दुकानदार को लाइसेंस रद्द करेंगे वहीं कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी ने बताया कि किसानों के द्वारा लिखित शिकायत अगर हमको प्राप्त होता है तो हम जांच पड़ताल कर कार्रवाई करेंगे।

## नहर में डूबने एक बच्चे की हुई मौत, दूसरे बच्चे की स्थिति बनी नाजुक



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रविवार को घपरी गांव के समीप बने नहर में खेलने के दौरान दो बच्चा डूब गया जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई जबकि दूसरा बच्चे की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना थानाक्षेत्र के बाराजोर पंचायत के धपरी गांव का है। बताया जाता है दोनो बच्चे गांव के 3-4 बच्चों के साथ नहर के पास खेल रहा था जिसमे दोनो बच्चे नहर में गिर गया तो अन्य बच्चों में हो हल्ला मचाया जिसके बाद गांव के लोग नहर के पास पहुंचा और कुछ लोगों ने दोनो बच्चों को नहर से बाहर निकाला और तुरन्त इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दीपास को मृत घोषित किया। मृत बच्चे की पहचान धपरी गांव के रहने वाले प्रमोद मंडल का 10 वर्षीय पुत्र दीपास कुमार के रूप में हुई है जबकि नाजुक स्थिति में बने बच्चे की पहचान उसी गांव के रहने वाले प्रभुन मंडल का 8 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। लोगों के द्वारा बताया की मृत बच्चा दो भाइयों में अपने घर का छोटा बेटा था और बड़ा ही होनहार बच्चा था। वही मृत बच्चे को उसके परिजनों ने अस्पताल से उठाकर घर लेकर चला गया। जबकि आर्यन को स्थिति नाजुक बनी रहने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। दोनो बच्चों के परिजन सहित अस्पताल में मौजूद ग्रामीणों ने जब दीपास कि मौत की खबर सुनी तो परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीण, आर्यन के परिजनों में मातम पसर गया। अस्पताल में एक बच्चे की मौत हो जाने के बाद परिजनों सहित मौजूद गांव के लोगों के बीच कोहराम मच गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक के आमने-सामने टक्कर में युवक जख्मी

मुंगेर । धरहरा थाना क्षेत्र के धरहरा डाक-बंगला चौक के पास शनिवार की देर शाम दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा में भर्ती करवाया गया। जहां सीएचसी के चिकित्सक डॉक्टर महेंद्र प्रसाद के द्वारा जख्मी की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल मुंगेर रेफर कर दिया गया। जख्मी युवक की पहचान धरहरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी मंगल मोदी का 20 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में किया गया। घटना के संबंध में जख्मी युवक ने बताया कि देर शाम वह सब्जी लेकर धरहरा बाजार से मोहनपुर घर लौट रहा था। इसी दौरान धरहरा डाक-बंगला चौक के पास औड़ाबगीचा की ओर आ रहा मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिसमें वह जख्मी हो गया।

### 61 लीटर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। सरकार द्वारा शराब प्रतिबंधित करने के बाद भी आज बिहार में शराब की धड़ल्ले से बिक्री और पीने की घटनाएं प्रतिदिन प्रतिवेदन हो रही हैं। पुलिस और प्रशासन के लोग चाहे कितना भी हाथ पांव चला लें।भाठियां ध्वस्त कर दें लेकिन शराब तस्कर और पीने वालों की तादाद में कोई कमी नहीं देखी जा रही है बिहार के लगभग सभी जिला से शराब पीने वालों की तादाद और बेचने वालों की तादाद भी काम नहीं देखी जा रही है शराब का उत्पादन जो कि किसी गांव में होता है और ग्रामीण उन शराब उत्पादक कर्ता को प्रतिबंधित सामाजिक तौर पर नहीं कर पा रहे हैं जिससे शराब की बिक्री और उत्पादकता में वृद्धि हो रही है खड़गपुर थाना क्षेत्र के राम बिहारी पुर गांव में अरविंद यादव की गिरफ्तारी 61 लीटर देसी महुआ के शराब के साथ किया गया है थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के राम बिहारी पुर गांव में शराब बेच रहा है सूचना के आधार पर छापेमारी के क्रम में वहीं जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के शाहकुंड मोड़ के समीप वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक मोटरसाइकिल सवार को गिरफ्तार किया गिरफ्तार युवक बेलहर थाना क्षेत्र के कुर्तियां गांव निवासी रंजीत प्रसाद सिंह है

## लोजपा आर ने पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । पिछले कई वर्षो से तारापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले असरगंज तारापुर संग्रामपुर टेटिया बंबर एवं हवेली खड़गपुर से सभी सम्मानित विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकारों का नववर्ष के मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह सहित लोजपा परिवार के द्वारा क्षेत्र के चर्चित बाबा देवाधिदेव ऊंचेश्वर नाथ महादेव देवघरा के प्रांगण में किया गया । गौरतलब है कि सम्मान समारोह में जमुई के लोकप्रिय सांसद अरुण भारती का भी आना सुनिश्चित था, लेकिन अपरिहार्य कारण वश सांसद नहीं पहुंच सके । जहां उन्होंने राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह के पास एक पत्र के माध्यम से नववर्ष के मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने का खेद जताते हुए सभी पत्रकारों को नववर्ष का शुभकामनाएं पत्र भेजें। उनके शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया गया । सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी द्वारा किया गया । इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने कहा कि पिछले कई वर्षों से इस कार्यक्रम को मेरे द्वारा जगह बदल बदल कर कराया जाता रहा है । आगे कहा कि लंबे समय के राजनीतिक जीवन में आप सभी पत्रकारों के द्वारा समय-समय पर राजनीति के क्षेत्र में जो मुझे ताकत मिला है उसे मैं नहीं भूल सकता । आगे कहा कि अंग क्षेत्रीय संवाददाता संघ के द्वारा तारापुर में बनाए जाने वाले बरामदा के साथ एक कमरा की राशि को लेकर सांसद अरुण भारती के सांसद निधि से बहुत जल्द सहमति एवं स्वीकृति प्रदान का पत्र प्राप्त करा दी जाएगी । राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने सभी पत्रकार साथियों को अंगवस्त्र,डायरी ,कलम , देकर उनका जोरदार तरीके से स्वागत करते हुए वनभोज का भी लुप्त उठवाया । आगे कहा कि सम्मान समारोह का कार्यक्रम आगे भी निरंतर चलता रहेगा । इस कार्यक्रम को सजाने वाले आमंत्रित नोनाजी पंचायत के मुखिया सुरेश यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह सहित सभी प्रेस मीडिया साथियों से बाबा उचेश्वर नाथ देवघरा को महाशिवरात्रि के मौके पर इसे राजकीय मेला घोषित करने करवाने से लेकर इस मनोरम जगह को पर्यटक का दर्जा देने के लिए सभी सम्मानित साथियों को अपने कलम की ताकत सेआवाज बुलंद करने का आग्रह किया । इस मौके पर जिला परिषद सदस्य दुर्गेश सिंह शशि शेखर राणा पत्रकार मनोज कुमार मिश्रा रणधीर सिंह बिकम कुमार चैतन्य कुमार सिंह आनंद चौहान शिव शंकर सिंह दुर्गेश सिंह अजीत कुमार सिंह मनीष राजहंस समर सिंह वरुण यादव संजय वर्मा शशि कुमार सुमन राहुल मिश्रा सुमित कुमार आदर्श कुमार गौतम कुमार शैलेश कुमार प्रणत भारती राजीव चौधरी राम प्रवेश सिंह सहित दो दर्जन से अधिक जनप्रतिनिधि मौजूद थे ।

## परेशानी : शाम होने के बाद सुबह तक दिखाई नहीं दे रहे पक्षी व बंदर, ठंड से जनजीवन प्रभावित

- ठंड में मवेशियों से घट रहा है दूध उत्पादन
- पशु विशेषज्ञों ने सुझाए ठंड से बचाव के उपाय

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। पूरे जिले में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बढ़ती ठंड का असर पशु-पक्षियों पर भी देखने को मिल रहा है। शाम ढलने से पहले पक्षी अपनी घोसले में चले जा रहे हैं। वहीं बथान में बंधे मवेशी ठंड से कांपते दिखाई दे रहे हैं। वहीं पक्षियों को भी ठंड से परेशानी हो रही है। शाम होने से पहले ही अपने-अपने प्राकृतिक आवास में चले आ रहे हैं। वहीं बंदर शाम होने के बाद अहले सुबह तक दिखाई नहीं दे रहे हैं। जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के कारण मवेशियों ने दूध देना कम कर दिया है। इससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पशुओं को ठंड से बचाना पशुपालकों के लिए चुनौती बन गई है। पशुपालक अर्जुन यादव,बेनी यादव व दरोगी पासवान ने बताया कि उनकी गए प्रतिदिन 5 लीटर दूध देती थी। लेकिन ठंड की वजह से अब 3 लीटर दूध दे रही है। भैंस भी 8 लीटर की जगह 6 लीटर दूध दे रही है। ऐसे में जहां दूध की आपूर्ति कम हो गई है,वहीं उनकी आय में कमी आई है। पशुपालक अर्जुन यादव ने बताया प्रायः ऐसे मौसम में मवेशी आहार लेना व पानी पीना कम कर देते हैं। यही कारण है लेकिन कि ठंड से बचाव का व्यवस्था करने के बाद भी दूध नहीं बढ़ा पाते हैं। दुधारू पशुओं के शरीर के तापमान को बनाएं संतुलित पशु चिकित्सक डॉ.लखन कुमार शर्मा ने पशुपालकों को सलाह दी है कि वे दुधारू मवेशियों के शरीर के तापमान को संतुलित बनाए रखें। उनका रखरखाव अच्छे से करें। उन्हें संतुलित आहार दें। गुनगुना पानी पिलाएं। जिस जगह पशुओं को बांधा जाता है,वहां की खिड़कियों पर बोरी व टाट के पर्दे लगाएं,ताकि उन्हें ठंड ना लगे। वैसा आहार देना चाहिए जिसमें सभी पोषक तत्व हों। मवेशियों के शरीर को बोरा से ढककर रखे और गौशाला के आस-पास अंगीठी जलाएं।सोने से पहले उसे बुझा दे या दूर रख दें। मवेशियों को पानी के साथ दें गुड़ पशु चिकित्सा डॉ.लखन कुमार शर्मा ने बताया कि ठंड में मवेशियों को पानी में गुड़ मिलाकर दें।इससे वह पानी ज्यादा पीएंगे। भूसा में 30 से 50 ग्राम नमक अवश्य मिलाएं। आहार देने के बाद उन्हें गुड़ मिलाकर पानी पिलाएं। उनके रख-रखाव की उत्तम व्यवस्था करें। जहां मवेशी रह रहे हैं,उस स्थल को टाट से घेरकर रखें। बीमार होने पर पशु चिकित्सक से संपर्क करें। आहार में गेहूं व मकई का दर्रा, चावल का ब्रान,गेहूं की भूसी के साथ दें। तीसी की खल्ली के साथ थोड़ा सरसों की खल्ली भी खिलाएं। इस प्रकार करें मवेशियों का ठंड से बचाव . मवेशियों को जूट के बोरे पहनाएं .गौशाला के फर्श पर पुआल बिछाएं . मवेशियों को सरसों का तेल पिलाएं . गौशाला में किनारे अलाव जलाएं . जहां पशु रहते हैं उसे बोरे से घेर दें . पीने के लिए गुनगुना पानी दें . धूप निकलने पर मवेशियों को बाहर बांधें . गौशाला को गर्म करने का व्यवस्था करें।

## जागरूकता : बिहार सड़क सुरक्षा परिषद में हुआ निर्णय,पहले 5 हजार रूपए देने का था प्रावधान

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। आप सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करके जागरूक नागरिक बन सकते हैं। इसके साथ ही उसे अस्पताल पहुंचा कर मानवता का परिचय भी दे सकते हैं। आपको इस मदद के लिए परिवहन विभाग आपको प्रोत्साहित भी करेगा। सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर प्रोत्साहन राशि को अब बढ़ा दिया गया है। अब 10 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाएंगे। पहले 5 हजार रूपए प्रावधान था। पहले बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में गुड सेमेरिटनो को राशि से पुरस्कृत करने के लिए 5 हजार देने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद 5 हजार रूपए से गुड़ सेमेरिटनों को पुरस्कृत भी किया जाता था। बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में गुड़ सेमेरिटनों के लिए प्रोत्साहन राशि 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रूपए भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। ताकि सड़क दुर्घटना में आम जनों की मदद से पीड़ितों को समय से अस्पताल पहुंचाया जा सके। परिवहन आयुक्त ने उक्त राशि को बढ़ाकर दोगुना किया है। ताकि सड़क हादसे होने पर घायल को अस्पताल पहुंचाने में उसकी त्वरित मदद की जा सके। प्रतिवर्ष गुड़ सेमेरिटन को किया जाता है सम्मानित विभागीय सूत्रों के अनुसार घायल को तुरंत चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आमजनों को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसी क्रम में 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस,22 मार्च यानी बिहार दिवस व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रतिवर्ष गुड़ सेमेरिटन को सम्मानित किया जाता है। गुड सेमेरिटन का चयन करने का निर्देश सूत्रों के अनुसार गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने के लिए जिले से गुड़ सेमेरिटन का चयन करने का निर्देश दिया गया है।जैसे गुड सेमेरिटन का नाम,पिता का नाम,पता,मोबाइल नंबर,दुर्घटना के बचाव के लिए किए गए कृत्य कार्य की संक्षिप्त विवरणी,एफआईआर,दुर्घटना की तिथि आदि से संबंधित जानकारी को संकलित करते हुए एजेंसी को उपलब्ध कराते हुए उन्हें पुरस्कृत करने वाली राशि से संबंधित अधियाचना भी शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। ताकि आवंटन समय पर उपलब्ध कराई जा सके।

## श्रद्धालुओं को सालों भर लुभाता है बिरनोधानाथ महादेव मंदिर माधोडीह

- कांवरिया मुख्य मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है बिरनोधानाथ महादेव माधोडीह

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। सालों भर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है विणोर्धानाथ महादेव धाम माधोडीह । गौरतलब है कि खासकर सावन महीने में बैद्यनाथ धाम देवघर जलाभिषेक करने को लेकर जाने वाले कांवरिया यहां रुककर महादेव का पूजा अर्चना कर अपने को अति प्रसन्न महसूस करते हैं । इतना ही नहीं आस पड़ोस गांव के श्रद्धालुओं द्वाराभी हर दिन भोलेनाथ के ऊपर जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना कर अपने आप में बेहतर सुकून महसूस करते हैं । तारापुर संग्रामपुर देवघर मुख्य सड़क पर स्थित प्रसिद्ध विणोर्धानाथ महादेव के प्रांगण में दिन हो या फिर रात श्रद्धालु के साथ-साथ सालों भर बाबाधाम देवघर जाने वाले कांवरिया अपनी थकान मिटाने के लिए रुककर यहां बनाए गए धर्मशाला में विश्राम करते हैं । श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से महज कुछ ही दूरी पर हरपुर पुलिस थाना है । मंदिर के मुख्य पुजारी सनोज मिश्र पंडा हैं। विणोर्धानाथ महादेव के भक्तों में निरंजन ठाकुर, पूर्व मुखिया सह प्रखंड राजद अधक्ष विजय यादव ने बताया कि वर्ष 1910 के आस पास गांव के ही बिरनोधानाथ नामक किसान के द्वारा हल जोतने के क्रम में शिवलिंग मिला था । उसी समय से यहां भोलेनाथ की पूजा अर्चना ग्रामीणों के साथ-साथ आस-पड़ोस के लोगों ने शुरू कर दिया। बताया जाता है कि गांव के ही नफरी बैठा की अगुवाई में ग्रामीणों के सहयोग से यहां भोले शंकर, पार्वती, गणेश, सरस्वती, राम सीता, चित्रगुप्त, अन्नपूर्णा, हनुमान मंदिर, सहित गायत्री लक्ष्मी एवं दुर्गा मंदिर का भव्य आकर्षक नुमा मंदिर का कराया गया। आगे बताया जाता है कि तत्कालीन जमींदार द्वारा मंदिर सहित धर्मशाला निर्माण के लिए पर्याप्त मात्रा में जमीन दान दिया । गांव के ही वैद्यनाथ ठाकुर ने मंदिर के ऊपर भव्य कलश की स्थापना कराया । मान्यता यह है कि जलाभिषेक करने को लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की मन्नतें यहां पूरी होती है । आए हर रोज शाम ढलते ही दूधिया रोशनी से चकाचौंध मंदिर पर होने वाले महाआरती के मौके पर श्रद्धालु पहुंचकर भक्ति रस में सराबोर हो उठते हैं।

## नेहरू युवा केन्द्र जमुई, पुलिस झाझा के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा के तहत लोगों के बीच चला जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] जीवन बड़ा अनमोल होता है इसलिए चालक वाहन चलाते समय वह सभी बातों का ख्याल अवश्य रखे जिससे दुर्घटना से बचे और दूसरों को भी बचाए। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत नेहरू युवा केन्द्र जमुई, यातायात पुलिस झाझा के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा के तहत एनएच 333 स्थित कपूरी चौक के पास लोगों के बीच जागरूकता अभियान के तहत जागरूक करने वाले टोली को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिए रवाना किया गया। पुअनि व निदेशक ने बताया कि आये दिन किसी न किसी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत, गम्भीर रूप से घायल होने की जानकारी लोगों तक पहुंचते रहती है। बढ़ रही सड़क दुर्घटना में सबसे बड़ा कारण यह है कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नही करते है। हरी झंडी दिखाने में अभाविप के छात्र नेता सूरज बरनवाल, हरिनंदन प्रजापति, पुअनि नंदन कुमार, जेपीएस निदेशक डॉ. सुरेंद्र निराला , पूर्व ग्रामीण बैंक प्रबंधक शैलेश कुमार एवं एनवाईके के अन्य सदस्य मौजूद थे। छात्र नेताओं ने बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है जिसमे सड़क पर बढ़ रही दुर्घटना को देखते हुए लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट, जूता आदि चीज पहनने, चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट का उपयोग किये जाने को लेकर समझाया जाएगा।

## आमजन को सड़क सुरक्षा की जानकारी देने के लिए प्रचार वाहन को डीएम ने किया रवाना





प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को जिला परिवहन कार्यालय द्वारा एक प्रचार वाहन को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार वाहन का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना तथा वाहन चलाते समय सभी जानकारी रख कर ही वाहन चलाना है, ताकि सड़क दुघटना कम हो सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर जिला परिवहन कार्यालय द्वारा प्रचार वाहन को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है, जिसका उद्देश्य वाहन चालकों में वाहन चलाते वक्त सभी जरूरी बातों का ध्यान रखना है, जिससे दुर्घटना न हो। प्रचार वाहन के माध्यम से आमजन सहित सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही चार पहिया वाहन चलाते वक्त चालक को सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए, उससे उनका स्वयं का बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में सड़क दुर्घटना में हजारों लोग काल के गाल में समा जाते हैं, जो अत्यंत ही दुखद है। यदि हम वाहन चलाते वक्त वाहन की गति सीमा को निर्धारित रखें और सड़क सुरक्षा संबंधित सभी नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटना में कमी आ सकती है। उन्होंने आम जन से सड़क सुरक्षा संबंधी सभी जानकारी रखने तथा वाहन चलाते वक्त गति सीमा का ख्याल रखते हुए वाहन चलाने की अपील की।इस मौके पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार अलबेला सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## बिहार में अपराध पर रोक लगाने के लिए पुलिस महकमा एक्शन मोड में

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पुलिस महानिदेशक बिहार के कार्यालय सूत्रों के अनुसार बिहार में हत्या लूट अपहरण दंगा और यौन अपराध की रोकथाम लगाने को लेकर पुलिस मैन कम सख्त हो गया है पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद बिहार के सभी जिला स्तर पर पेशेवर अपराधियों की सूची अलग से तैयार की जा रही है इसके अलावा शराब स्नेक नक्शे के कारोबारी की सूची तैयार करने और गतिविधि पर भी अपनी निगाह रखी जा रही है कई ऐसे पैसे पर अपराधी हैं जो जेल से बाहर निकलकर गुप्त रूप से आपराधिक घटनाओं को अंजाम अपने गुरुओं के माध्यम से दे रहे हैं इन सभी तथ्यों पर निगरानी और कार्रवाई करने के लिए मुख्यालय ने सीनियर अधिकारियों को जिले के नोडल और प्रभारी पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी सौंप है प्रभारी जिला पुलिस अधिकारी सप्ताह में दो दिन बुधवार और गुरुवार को जिला का दौरा करेंगे और वहां की स्थिति की रिपोर्टिंग माह में एक बार डीजीपी को देंगे एडीजी को नोडल पर पुलिस पदाधिकारी के रूप में जिले के अपराध कैसे एवं अन्य तरह के मामलों की समीक्षा और उसकी निगरानी के जिम्मेदारी सौंप गई है निरीक्षण के क्रम में सुबह शाम की गस्ती अधिकारियों को जिम्मेदारी का निरीक्षण महिलाओं से संबंधित एवं जिले के सनसनीखेज मामलों की जांच और उसका खुलासा स्पीड चाइल्ड में तेजी लाने समय 15 बिंदुओं पर समीक्षा पर एडीजी को प्रत्येक मां जीबी को रिपोर्ट करना है जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक के माध्यम से प्रत्येक लंबित कैसे पर अपनी निगाह रखी जा रही है बारिश पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रशिक्षण करवाने की तैयारी की जा रही है जी कैसे में तकनीकी दिक्कतें हैं उसे तुरंत दूर करने का प्रयास भी तेज कर दिया गया है कहां गया है कि पूर्व के गंभीर संकट अपराधों का होगा स्पीड ट्रायल गिरफ्तारी नहीं होने पर वारंट और होगी घरों की कुर्की जपती सुदूर अपराध ग्रस्त इलाके में लगेगा जनता दरबार यह पुलिस मुख्यालय का निर्देश बिहार के सभी आरक्षी अधीक्षक आरक्षी उपमहानिरीक्षक और आरक्षी महान निरीक्षक को दिए जा गया है।

### पननमा जंगल से एक अज्ञात युवक का शव सोनो पुलिस ने किया बरामद

जमुई / सोनो : सोनो थाना क्षेत्र के लोहा पंचायत अंतर्गत पननमा जंगल से तकरीबन 18 वर्षिय एक अज्ञात युवक का शव होने की सुचना पर छेत्र में सनसनी का माहौल उत्पन्न हो गई है । इसकी सुचना सोनो थाना की पुलिस को दी गई । सुचना मिलते ही मौके पर पननमा जंगल पहुंचे सोनो पुलिस की टीम ने स्थानीय मुखिया जमादार सिंह ओर अन्य ग्रामीणो के सहयोग से शव का शिनाख्त करते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया ओर पोस्ट मार्टम के लिए जमुई सदर भेज दिया । इधर शव की पहचान के लिए सोनो पुलिस द्वारा कार्यवाई प्रारंभ कर दिया गया है ।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वावधान में जागृति समारोह कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र स्थित बैजला के हाई स्कूल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बाल संस्कार शाला के वार्षिकोत्सव बाल सह युवा जागृति समारोह कार्यक्रम आयोजित रविवार को किया गया । जिसका उद्घाटन यूथ मोटिवेटर, मैनेजर एट हिटैची इनर्जी मनीष कुमार सिंह और पटना के शिक्षक गुरु रहमान सर, जमुई एसडीएम अभय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन आदर्श युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष कुमार ने किया। कार्यक्रम में युवाओं को सम्बोधित करते हुए लोगों यूथ मोटिवेटर, मैनेजर एट हिटैची इनर्जी मनीष कुमार सिंह ने कहा कि युवा मन हमेशा भटकाव की ओर ज्यादा मुड़ता है लेकिन युवाओं को अपने मन को स्थिर रखकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहना चाहिए। युवा वर्ग के लोगों को सही मार्गदर्शन नही मिल पाने के कारण वे हमेशा संकोच में रहते है कि उनका आगे का क्या लक्ष्य होना चाहिए ऐसे परिस्थितियों में युवा वर्ग के लोग घबराए नही बल्कि सही मार्गदर्शक से सही मार्ग के बारे में सुझाव ले। रहमान सर ने कहा कि युवा वर्ग शुरूआती शिक्षा लेने के समय ही सिर्फ अपने लक्ष्य को एक जगह स्थिर कर रखे। आपकी रुचि सिर्फ शिक्षा पर ही होनी चाहिए। शिक्षा वह सफलता की कुंजी है जो आपको एक दिन आपको समाज मे एक नई मुकाम तक पहुंचायेगी। एसडीएम ने उपस्थित युवा वर्ग से कहा कि ग्रामीण परिवेश हो या शहरी परिवेश हो आपको सिर्फ अपनी शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी कहा कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने से कभी वंचित न करे। आपके बच्चे शिक्षित होंगे तो आपका घर, समाज, क्षेत्र का नाम रौशन होगा। वही शिक्षा से जुड़ी कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्रो.रामोतार सिंह, शिक्षक राजाराम नागमणि, प्रवीण कुमार सूर्य, अभिषेक कुमार, प्रिंस कुमार, प्रदीप कुमार, छात्र नेता सूरज बरनवाल, हरिनंदन प्रजापति, नीतीश कुमार प्रदीप यादव, नीतीश कुमार प्रिंस, अभिषेक कुमार, नीतीश कुमार सूर्य, रंजीत यादव, राकेश, आशीष, रूपेश आदि लोग मौजूद रहे।

## पाइप के ऊपर मैजिक वाहन चढ़ जाने के विवाद को लेकर थाना में की गई प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पाइप से खेत में पानी पटाने के दौरान पाइप के ऊपर मैजिक वाहन चढ़ जाने के विवाद को लेकर थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है । अपने दर्ज आवेदन में जामुखरैया गांव के रंजू देवी ने बताया कि शनिवार की सुबह आठ बजे हमारा लड़का मुकेश रजक अपने घर के पास पाइप से पानी पड़ा रहा था तभी कावर गांव के जनार्दन यादव अपने मैजिक गाड़ी को उक्त पाइप पर चढ़ा कर ले जाने लगा जिससे पाइप फट गया । हमने उसे अपने पाइप फट जाने की बात कही तो उसने हमारे साथ गंदी-गंदी गाली गलौज करने लगा । थोड़ा देर के बाद जनार्दन यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ हमारे घर के पास आकर मारपीट करने लगा । जिसमें जनार्दन यादव , सकलदेव यादव , रेशम कुमारी , रेखा कुमारी , किरण कुमारी , सुमन कुमार , राखी देवी यह सभी लाठी ,डंडा , रड़ ,पत्थर से लैस होकर हमें एवं हमारे पुत्र मुकेश रजक के साथ मारपीट करने लगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### बामसेफ की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

छपरा नगर।. बामसेफ के सारण जिला इकाई की एक समीक्षात्मक बैठक जिलाध्यक्ष मा.चन्द्र शेखर कुमार की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गई. बैठक में 41वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों के क्रम में अप्राप्त निधि की प्राप्ति एवं वितरित किये गए कूपन की वापसी के संबंध में चर्चा की गई. अध्यक्ष श्री कुमार ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से शेष बच गए कूपन वापस करने के निदेश दिए साथ ही पाइपलाइन फंड के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। बैठक में नई कार्य निष्पादन समिति का भी सर्वसम्मति से गठन किया गया। सभी पद धारकों एवं सदस्यों ने और संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प दोहराते हुए संगठन के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की. प्रखंड स्तर पर बामसेफ एवं अन्य ऑफसूट संगठन की कमिटी गठित कर आंदोलन को गति प्रदान करने पर भी सहमति बनी।

# जन सुराज पार्टी की बैठक में कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह की तैयारी तथा संगठन की मजबूती को लेकर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। जन सुराज पार्टी जिला इकाई की एक बैठक जिला कार्यालय परिसर में रविवार को जिलाध्यक्ष बच्चा राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मिलर हाई स्कूल पटना में जन सुराज पार्टी के बैनर तले 24 जनवरी 2025 को आयोजित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी पर चर्चा की गयी। वहीं संगठन की मजबूती पर सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गये। इस मौके पर जन सुराज के नेताओं ने कहा कि गरीबों के नेता महान समाजवादी पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पटना में जन सुराज बड़े स्तर पर करने जा रही है। जहां सारण से जन सुराज पार्टी के साथी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंगे। जबकि संगठन की मजबूती के लिए सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षत एवं एकल पद के पदाधिकारियों को अपने अपने सम्बन्धित विंग की समीक्षा बैठक कर 5 फरवरी तक जिलाध्यक्ष को रिपोर्ट करने की बात कही गई।बैठक में मुख्य रूप से तैयारी समिति सारण के संयोजक मन्नू लाल चौरसिया, वरिष्ठ नेता मुन्ना भवानी, कुलदीप महासेठ, कुमार शिवम, नवनीत यादव, जूनालाल यादव, प्रियरंजन सिंह युवराज, खुर्शीद नैयर, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रीति रानी, नूतन शर्मा, कविता सिंह ,उषा देवी, संन्टु पांडे, सूरज कुमार, प्रभात गिरी, आदिल खान, नीरज तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सारण के क्रिकेट प्रेमियों को नये साल में मिला अनुपम सौगात




प्रात : किरण संवाददाता

नववर्ष में सारण जिला के क्रिकेट खिलाड़ियों को एक अनुपम तोहफा मिला है। राजेन्द्र स्टेडियम छपरा के परिसर में नवनिर्मित बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड, क्रिकेट पिच एवं प्रैक्टिस टेनिस बॉल का आज सारण के माननीय सांसद श्री राजीव प्रताप रूड़ी द्वारा उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी अमन समीर की पहल से इस बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड का निर्माण स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (सेल) द्वारा उपलब्ध कराई गई सी एस आर निधि से कराया गया है।इसके निर्माण में लगभग 90 लाख रुपये की लागत आई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमन समीर, पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष सहित अन्य पदाधिकारी एवं क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

# एनडीए के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर जदयू ने नगरा प्रखंड के गोपालपुर में की समीक्षा बैठक



● जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने बीस जनवरी सोमवार को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का किया अपील

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा प्रखंड क्षेत्र के डुमरी पंचायत के गोपालपुर गांव में रविवार को जदयू ने एनडीए के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू के नगरा प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह ने की। सोमवार बीस जनवरी को छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संगठन प्रभारी रणविजय कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। और सभी कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से ही इसे सफल बनाया जा सकता है.उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे संगठन की एकता और शक्ति को प्रदर्शित करने का अवसर है। सभी कार्यकर्ता लोगों को एनडीए सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएं और सम्मेलन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें. वहीं जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण ही संगठन की ताकत है। सम्मेलन में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी.गांव-गांव जाकर जनता को एनडीए की योजनाओं और नीतियों की जानकारी दें और उन्हें सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित करें.इस अवसर पर मढ़ौरा विधानसभा प्रभारी संजय गिरी,बैठक में नगरा प्रखंड प्रभारी ई. प्रभाष शंकर सिंह, तकनीक प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह कुशवाहा,जिला सचिव सह बनियापुर प्रखंड प्रभारी मो. रेयाजुद्दीन,रवि प्रकाश ,जय प्रकाश महतो ,दीपंकर बाबा, रघुवीर सिंह, सोनू आलम, धर्मेंद्र शर्मा, प्रमोद मांझी, सहित सभी पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे.बैठक के दौरान वक्ताओं ने कार्यकताओं को समर्पण और एकजुटता से काम करने की अपील की।

# मोर्चा ने किया छपरा कचहरी स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस और लिछवी एक्सप्रेस की ठहराव की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। रविवार को सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने छपरा कचहरी स्टेशन अधीक्षक के द्वारा मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी को एक स्मार-पत्र सौंपा।स्मार -पत्र के माध्यम से छपरा कचहरी स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस और लिछवी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल के साथियों ने की। भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा संगठन के अध्यक्ष अमित नयन ने कहा कि कोरोना कल से हीं मौर्य और लिच्छवी एक्सप्रेस का ठहराव कचहरी स्टेशन पर बंद है। जिससे छपरा कचहरी से सटे यात्रियों को यात्रा करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस लिहाज से मौर्य और लिच्छवी एक्सप्रेस के छपरा कचहरी पर ठहराव से छपरा से सटे शहर-गांव के यात्रियों को यात्रा करने में काफी सहुलियत होगी। इसकी मांग हम मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी से करते हैं।सचिव रोहित रमन सिंह ने कहा कि छपरा शहर एवं शहर से सटे गांव मोहल्ले के यात्रियों को मौर्य एक्सप्रेस और लिछवी एक्सप्रेस के परिचालक से यात्रियों को छपरा जंक्शन ट्रेन पकड़ने नहीं जाना पड़ेगा उन्हें ट्रेन छपरा कचहरी स्टेशन पर यात्रा करने के लिए सुगमता पूर्वक उपलब्ध हो जाएगा। मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन, सचिव रोहित रमन सिंह, महासचिव शादाब अहमद मजहरी, कानूनी सलाहकार रचित भारती, सुमित कुमार, विकास कुमार गुप्ता, सुमित कुमार सिंह, विकास उपाध्याय मौजूद थे।

# महाराणा प्रताप की हिंदुस्तान के स्वाभिमान के लिए न्योछावर होने की सोच युगों-युगों तक जीवित रहेगी : डॉ चंदेल

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर। महाराणा प्रताप की 428 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर छपरा में कार्यक्रम आयोजित कर पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर महाराणा के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए लोगों ने महाराणा प्रताप के विचारों को आज भी प्रासंगिक मानते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में साकार करने का संकल्प लिया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बिहार के प्रदेश सचिव डॉ विश्वजीत सिंह चंदेल ने कहा कि महाराणा प्रताप घास की रोटी खाई पर पराधीनता स्वीकार नहीं किया। उनके आदर्शों, तेवरों को अपनाकर ही देश की एकता व अखंडता की हिफाजत किया जा सकता है।उन्होंने ने आगे कहा कि शौर्य, पराक्रम, त्याग, बलिदान और स्वाभिमान का पर्यायवाची महाराणा प्रताप हैं। हम जिस आस्था के साथ महाराणा प्रताप को मानते हैं उसी भावना से महाराणा प्रताप के आदर्श जीवन मूल्यों पर चलकर राष्ट्र प्रेम को जन-जन तक पहुंचाएं। महाराणा प्रताप की हिंदुस्तान के स्वाभिमान के लिए न्योछावर होने की सोच युगों-युगों तक जीवित रहेगी। छात्र नेता कुणाल सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप 36 कौम को साथ लेकर विदेशी आक्रांताओं से लड़ते रहे। मेवाड़ की इस महान माटी के लिए बलिदान देने वालों में महाराणा प्रताप का सचेतक और हाथी रामप्रसाद का नाम भी शामिल है, जो दुनिया में स्वामी भक्ति की जीवंत मिसाल है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विकास सिंह सेंगर, अमरेश सिंह राजपूत, दिनेश सिंह, गोलू सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

## बेहतर सुविधा के साथ विवाह पैलेस का शुभारंभ

मकेर/ बेहतर सुविधा के साथ विवाह भवन का भव्य शुभारंभ मकेर पंचायत के भाथा रोड ननटोली में होने जा रहा है ।विवाह भवन ,लड़की की मुँह दिखाई ,शादी विवाह, जन्मदिन की पार्टी सहित अन्य सुबिधाओं से सुसज्जित एवम किफायती दर पर प्राप्त होगी । मिलन विवाह पैलेश के प्रोपराइटर सुनील राय ने एक प्रेस वार्ता कर बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत में सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित यह विवाह भवन आम लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, ।मालूम हो कि मकेर बाजार में वर्थ डे पार्टी ,बिजनेश मीटिंग के लिए काफी दिक्कत हो रही थी उसी को ध्यान में रखकर बनाया गया है ।आगामी 12 फरवरी को इसका विधिवत उद्घघाटन किया जाएगा ।शादी विवाह का आयोजन करने में लोगो को काफी परेशानी एवम खचीर्ला होता था उसी को ध्यान में रखते हुए इसका निर्माण कराया गया है जो काफी भव्य एवम आकर्षक है ।

# नाले का स्लैब टूटा, नलकूप ट्रक का चक्का फंसा



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर के गोलचौक से सटे सनजेवीयर स्कूल के मुख्य द्वार के सामने बने सड़क नाले के ऊपर नलकूप बोरिंग ट्रक का चक्का चढ़ने से टूट गया,जिससे ट्रक का पिछला चक्का बुरी तरह से फंस गया।जिसे निकालने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। बतादें की गोलचौक से जलसंसाधन विभाग के मुख्यालय की तरफ जाने वाली सड़क मार्ग के ऊपर बने नाले को ढकने के लिए स्लैब लगाए गए हैं जो बहुत ही कमजोर होने की वह से ऐसी घटनाएं बराबर हो रही है।कहीं कहीं तो नाले के ऊपर स्लैब ही नहीं है और कई जगह की स्लैबें टूटी पड़ी है जो हादसों का कारण बन रही है।बतातें चलें कि वाल्मीकिनगर एक पर्यटन क्षेत्र है ऐसे में टूरिस्टों के वाहनों का आना जाना बराबर लगा रहता है। समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने सम्बंधित अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि भविष्य में कोई बड़ा हादसा ना हो इसके लिए नाले के ऊपर बने स्लैब को अविलंब दुरुस्त किया जाना चाहिए,ताकि कोई संभावित बड़ी दुर्घटना होने से बचा जा सके।

# श्रद्धांजलि सभा आयोजित, सांसद ने दी श्रद्धांजलि

## श्रद्धा एवं गमगीन माहौल में सांसद कार्यालय प्रभारी को दी गई श्रद्धांजलि

● अभिन्न अंग एवं कर्मठ कार्यकर्ता थे कमलेश : राजीव प्रताप रूडी

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।रविवार को सांसद कार्यालय पर सारण लोकसभा के कार्यकताओं द्वारा सांसद कार्यालय प्रभारी एवं भाजपा कार्यकर्ता स्वर्गीय कमलेश कुमार सिंह की याद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जहां आज लोकसभा के वरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा बड़े ही गमगीन माहौल में कार्यालय प्रभारी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई आज इस श्रद्धांजलि सभा में सारण के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी के कार्यालय प्रभारी स्वर्गीय कमलेश सिंह को याद करते हुए कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है , कमलेश जी मेरे संसदीय क्षेत्र के कार्यकताओं के दिलों में रहते थे, वह रात दिन क्षेत्र एवं कार्यकताओं की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव जागरूक रहते थे। वे कार्यालय प्रभारी के साथ एक कर्मठ भाजपा कार्यकर्ता भी थे, उनकी कमी सदैव सारण की जनता के लिए बनी रहेगी एक अपूरणीय क्षति है । पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद ने कहा कि कमलेश जी नेक एवं सच्चे इंसान थे । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता भाजपा महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने किया संचालन मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने एवं जिला मंत्री सत्यानंद सिंह ने किया। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि ई सत्येंद्र कुमार , प्राचार्य अरुण कुमार सिंह,प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह सिंह,पूर्व एम एल सी प्रत्याशी डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता मनोज कुमार, राष्ट्रीय स्वम सेवक विजय कुमार सिंह ,अवध किशोर मिश्रा, पुरुषोत्तम मिश्रा, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र शाह, शत्रुध्न भक्त,मदन कुमार सिंह, भाजपा नेता कौशल किशोर सिंह, डॉ चरण दास, ममता मिश्रा, शांतनु कुमार, प्रकाश रजन नीकु, वार्ड पार्षद अनिल कु सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह, समाजसेवी नवीन मुन्नू, नगर पूर्वी अध्यक्ष अनूप यादव, वार्ड पार्षद पप्पू चौहान,पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, , मंडल अध्यक्ष रिंकू सिंह, प्रो कमल किशोर सिंह, उपनिवेश सिंह, पप्पू चौहान, अनूप यादव ,चंदन सोनी, पी डी बाबा,प्रमुख रूप से शामिल थे।

# मवेशी अस्पताल नहीं होने से वेटनरी चिकित्सा के लिए भटक रहे है पशुपालक

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। इंडो नेपाल सीमा पर स्थित ख्याति प्राप्त पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर इनदिनों वेटनरी चिकित्सा सुविधा के लिए पशुपालक भटकने पर मजबूर हो रहे हैं।खासकर जब इमरजेंसी की हालात में पशुपालक मवेशी अस्पताल विहीन हालत वाल्मीकिनगर नगर में चक्कर लगाते देखे जा रहे है। पशुपालक आलोक यादव ने बताया कि मेरा गाय का बछड़ा का पेशाब कई घन्टों से नहीं उतर रहा है। वेटनरी अस्पताल गए थे वहां टाला लटक रहा है कोई स्टाफ भी नहीं मिला, यहां तक कि इमरजेंसी सेवा पूरे बगहा अनुमंडल में नहीं मिला एसएसबी कपनी से सम्पर्क करने पर बेतिया मुख्यालय में सेवा उपलब्ध होने की बात बताई गई।बतादें की करीब 10 वर्ष पहले ही वाल्मीकिनगर स्थित मवेशी अस्पताल की हालत चरमरा गई थी एक भी मवेशी डॉक्टर अबतक स्थाई पदस्थापित नहीं किए गए सिर्फ एक चतुर्थवर्गीय स्टाफ प्रयाग प्रसाद के भरोसे किए गए इलाज से व्यवस्था चल रही थी। सूत्रों की माने तो एक डॉक्टर को पांच पांच जजों के प्रभार दिया गया है। जो कभी एक नियत जगह मिलते ही नहीं हैं।अब तो प्रयाग प्रसाद के 3 महीने बचे हैं सेवानिवृत्त होने में अब यह भी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पायेगी।एक पशुपालक ने बताया कि नीमहकीम खतरे में जान वाली कहावत चरितार्थ हो रही है,मजबूरी में पशुपालक मवेशी का इलाज प्रयाग प्रसाद से कराते हैं लेकिन कहा जाता है कि ये जिस मवेशी का इलाज प्रयाग शुरू करते हैं उसका मरना तय माना जाता है।बतातें चलें कि एसएसबी के द्वारा समय समय पर मवेशी चिकित्सा शिविर लगाए जाने के भरोसे ही पशुपालक रह रहे हैं।

# प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक सह आदि पिता प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 56वीं अव्यक्त पुण्य सह स्मृति दिवस समारोह का हुआ आयोजन



● लगभग 60 साल की उम्र में परमात्मा शिव बाबा के द्वारा हुआ ब्रह्मा बाबा का साक्षात्कार: ब्रह्माकुमारी अनामिका दीदी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। ब्रह्मा बाबा का जीवन नारी सशक्तिकरण और आध्यात्मिक शिक्षा का प्रतीक रहा है। क्योंकि उनका मानना था कि नारी अबला नहीं सबला है और उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से मानवता को आत्मज्ञान और दिव्यता की ओर प्रेरित किया। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक सह आदि पिता प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 56वीं अव्यक्त पुण्य सह स्मृति दिवस के दौरान समारोह के सारण जिला इकाई की संचालिका ब्रह्माकुमारी अनामिका दीदी ने उपस्थित भाई और बहनों को संबोधित करते हुए कही। आज जिनके पास कुछ नहीं है, वैसे लोग शांति से रहने के लिए सब कुछ प्राप्त करने की कोशिश में लगे हुए हैं, लेकिन विडंबना यह भी है कि जिनके पास सब कुछ है उन्हें भी शांति की तलाश है। लेकिन शांति को कहीं बाहर ढूंढने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि यह हमारी अपनी संपत्ति और स्वधर्म है। स्वयं के आत्मा निश्चय करते ही हमारा संबंध शांति के सागर परमात्मा पिता के साथ जुड़ता है और हम सच्ची शांति का अनुभव कर शांति के वाहक बन जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व शांति दिवस के रूप में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्यतिथि सह स्मृति दिवस भारत सहित 140 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। बीके अनामिका दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा 18 जनवरी 1969 को अपनी पार्थिव देह का त्याग कर संपूर्ण अवस्था प्राप्त की थी। हालांकि मूल रूप से दादा लेखराज कृपलानी के नाम से जाने जाने वाले ब्रह्मा बाबा ने 1936/37 में अपनी संपूर्ण संपत्ति समाज सेवा के लिए समर्पित कर एक ट्रस्ट की स्थापना की थी। जिसमें नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए इस ट्रस्ट का संचालन महिलाओं को सौंपा गया था। ब्रह्मा बाबा का लौकिक नाम लेखराज कृपलानी था और उनका जन्म 15 दिसंबर 1876 को हैदराबाद के सिंध ( अब पाकिस्तान) निवासी पिता खूब चंद कृपलानी के घर में हुआ था। हालांकि बड़े होकर उन्होंने हीरे परखने और ज्वेलरी की कला सीखने के बाद समय के साथ कोलकाता के नामचिन हीरे के बहुत बड़े व्यापारी बन गए। लेकिन जब उनकी आयु 60 साल के करीब रही होगी तो परमात्मा शिव बाबा उन्हें कुछ साक्षात्कार करवाए। वर्ष 1937 में दादा लेखराज को परमात्मा द्वारा साक्षात्कार होने लगे थे। दैवी प्रेरणा के अनुसार दादा लेखराज एक सत्संग का आरंभ कर आने वाले भाई बहनों को गीता के पाठ एवं आध्यात्मिक ज्ञान सुनाने लगे एवं ओम का धुनी लगवाने लगे थे। स्थानीय शहर के गुदरी राय चौक स्थित ब्रह्मा कुमारी केंद्र में सुबह में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग तपस्या, ब्रह्मा बाबा का जीवनी, भोग, श्रद्धांजलि सभा में आगत अतिथियों और उपस्थित जिले के सभी 55 पाठशाला की संचालिका ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा अपना - अपना अनुभव साझा किया गया। जबकि साधना के माध्यम से बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित भाई और बहनों ने बाबा की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ब्रह्म कुमारी अनामिका दीदी के अलावा बहनों में बीके प्रियांशु, ज्योति, अर्पणा, अनिता, खुशबू, प्रिया, पिंकी, पूनम जबकि भाइयों में बीके प्रिंस, अर्जुन, गणेश, दिवाकर, गोविंद, उदय और राजा भाई सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# शोभा यात्रा व युवा मंथन कार्यक्रम का पोस्टर का हुआ विमोचन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छपरा इकाई के द्वारा आगामी 23 जनवरी को होने वाले स्वामी विवेकानंद जी जयंती पखवाड़ा के समापन व पराक्रम दिवस के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा एवं युवा मंथन कार्यक्रम का पोस्टर का विमोचन राजेंद्र महाविद्यालय के खेल मैदान में किया गया। विधार्थी परिषद के कार्यकताओं ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के द्वारा आगामी 23 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पखवाड़े के समापन व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जयंती (पराक्रम दिवस) के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा तथा युवा मंथन का आयोजन किया गया है ।जिसमें सभी युवा विवेकानंद जी और नेताजी के वेशभूषा में शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे। तथा छपरा कचहरी स्टेशन परिसर में युवा मंथन कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें शैक्षणिक ,सामाजिक व अन्य विषयों पर छात्र युवा अपना विचार रखेंगे । इस पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रविशंकर चौबे, प्रांत एसएफएस सह संयोजक सचिन कुमार चौरसिया, जिला सहसंयोजक अमर पांडे ,अर्पित कुमार, साक्षी कुमारी ,आस्था कुमारी अर्चना भारती ,अर्पणा भारती ज्ञानवी कुमारी ,दीप्ति कुमारी रवि पांडे पुरुषोत्तम कुमार आदि शामिल थे ।

# विधानसभा चुनाव 2025 के रणनीति को लेकर 20 जनवरी को छपरा में एनडीए कार्यकर्ताओं की सम्मेलन

प्रात : किरण संवाददाता



परसाः-आगामी 20 जनवरी को छपरा राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित होने वाले एनडीए सम्मेलन की तैयारी को लेकर दरियापुर बेला स्थित आवास पर पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने परसा विधानसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकताओं,पदाधिकारी गणों के साथ एक बैठक आयोजित की।इस दौरान परसा और दरियापुर एनडीए के पंचायत अध्यक्ष,प्रखंड अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी गण दर्जनों की संख्या में शामिल हुए।पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने कहा कि आगामी 20 जनवरी को विधान सभा चुनावी रणनीति को लेकर छपरा में सम्मेलन का आयोजन किया गया है।इस सम्मेलन में 2025 फिर से नीतीश,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने के लिए परसा विधान सभा क्षेत्र से सैकड़ों एनडीए के कार्यकर्ता,पदाधिकारी एकजुट हो कर सम्मेलन में भाग लेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह,शंकर कुमार मालाकार,पूर्व जिला पार्षद हरि बदन सिंह,विनोद कुमार पांडे ,जिला महासचिव कौशल किशोर सिंह , संजय कुमार साह,राज किशोर राय,संतोष सिंह,ओम प्रकाश भगत,तरुण कुमार सिंह,संतोष सिंह,मनु कुमार गिरी,परमेश्वर राय,राजेश राय,हेमनारायण राय,सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# राजस्व संग्रहण में तेजी लाने हेतु बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



आदापुर। राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के लिए स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित पॉवर सब स्टेशन परिसर में विद्युतकर्मियों की आवश्यक बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता जेई प्रीतम कुमार बंटी ने की। इस बैठक में डिविजन से हिस्सा लेने आए नोडल ऑफिसर अनुज कुमार ने मौजूद सभी एमआरसी, मानव बलों एवं विद्युत विभाग से जुड़े सभी कर्मियों को हर हाल में राजस्व संग्रहण में वृद्धि लाने का निर्देश दिया। इसको लेकर सेक्शन अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के चिन्हित अनपेड उपभोक्ताओं पर विशेष फोकस करते हुए राशि रिकवरी करने की बात कही गई। साथ ही बड़े बकायेदारों को विभाग द्वारा निर्गत लाल नोटिस हस्तगत कराते हुए बकाए राशि हर हाल में जमा करने की चेतावनी देने को बताया गया है। वहीं जेई श्री बंटी ने बकायेदारों तथा डिफॉल्टरों का लाइन डिस्कनेक्ट कर विधिसम्मत कार्रवाई करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही। बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य को ससमय पूरा करने के लिए सभी को संकल्पित भाव से काम करना जरूरी है। इसके लिए टीम वर्क के तहत कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर सघन अभियान जारी रहने की बात कही गई। मौके पर लाइन मैन नथुनी कुमार, सुपरवाइजर प्रवीण कुमार, एमआरसी पप्पू सिंह, प्रदीप रजक, प्रेमशंकर कुमार, आकाश कुमार, अविनाश कुमार, चंदन साह, मनीष कुमार, उपेंद्र कुमार, सूरज कुमार, लालाबाबू कुमार, रामबाबू यादव, राहुल ओझा, मानव बल बिरेंद्र सिंह, अनिल यादव, लालाबाबू राम, उमेश कुमार, विजय पंडित, अमरीका कुमार, ललन सिंह, हरदयाल ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

# जनताबाजार थानांतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की 01 मोटरसाईकिल बरामद कर 02 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।सारण जिला अंतर्गत जनताबाजार थानान्तर्गत पंडितपुर पोस्ट ऑफिस के पास गस्ती टीम के द्वारा वाहन चेकिंग किया जा रहा था। वाहन चेकिंग के क्रम में 01 मोटरसाइकिल सवार पुलिस टीम को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस टीम के द्वार पकड़ लिया गया।

पकड़ाये व्यक्ति से भागने का कारण एवं उक्त मोटरसाइकिल से संबंधित कागजात के बारे मे पुछा गया तो उक्त व्यक्तियों द्वारा न तो कोई संतोषजनक जबाव दिया गया और न ही कोई कागजात प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात पकड़ाये व्यक्ति को थाना लाया गया और उनके परिजन को सुचित किया गया। उनके परिजनो द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाइकिल उनका नही है। जाँच के क्रम में ज्ञात हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल चोरी का है। इस संदर्भ मे जनताबाजार थाना कांड सं0-12/25, दिनांक-18.01.25, धारा-317(3)/3(5) बी०एन०एस० दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान का सटर का ताला काट कर शनिवार की लाखों रुपया चोरी



बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत नटवार बाजार स्थित न्यू मां वैष्णो ज्वेलर्स में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का शटर और ताला तोड़कर अंदर घुसते हुए 20 किलो चांदी और 400 ग्राम सोने के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुए गहनों की कुल कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गईहै। मामले को लेकर स्थानीय व्यापारी और लोगों में आक्रोश हैं। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान के मालिक विनय कुमार और पप्पू कुमार ने बताया कि हाल ही में उन्होंने बड़े पैमाने पर आभूषण का स्टॉक मंगवाया था,जिसे चोरों ने निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि चोरों ने पहले शटर को काटा और फिर अंदर घुसकर तिजोरी तोड़कर सारे गहने लेकर फरार हो गए। चोरी को अंजाम देने से पहले चोरों ने बगल की दुकान से एक चौकी लाकर दुकान के सामने खड़ी कर दी, ताकि कोई उनकी गतिविधियों पर शक न कर सके। घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चोरी की इस गंभीर घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है और आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की जा रही है। घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाने के साथ- साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं,ताकि चोरों का पता लगाया जा सके। इस चोरी की घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में भारी आक्रोश है।

### युवा दिलों की धड़कन और बुजुर्गों का सहारा: रौशन सिंह



तिलौथू रोहतास। समाज में जब सेवा और समर्पण का नाम लिया जाता है, तो रामडिहरा गांव के युवा समाजसेवी रौशन सिंह का नाम सबसे पहले जुबान पर आता है। अपने मधुर व्यवहार और मीठी बोली से लोगों का दिल जीतने वाले रौशन सिंह न केवल एक समाजसेवी हैं, बल्कि गरीबों और वंचित परिवारों के सच्चे संरक्षक के रूप में भी पहचान रखते हैं। रौशन सिंह का जीवन समाज के हर वर्ग की सेवा और उत्थान के लिए समर्पित है। वे हर दिन जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं, चाहे वह आर्थिक सहायता हो, चिकित्सा सुविधा हो, या किसी संकटग्रस्त परिवार को संबल देना। उनकी यह निस्वार्थ सेवा उन्हें क्षेत्र के हर दिल अजीज बना चुकी है। रौशन सिंह ने अपनी समाजसेवा से उन नेताओं के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है।

### नव दिवसीय श्री श्री सतचंडी महायज्ञ की तैयारी जोरों शोरों पर

अकोढ़ी गोला (रोहतास)। रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला प्रखंड अंतर्गत बराढ़ी पंचायत के जोरावर पुर छावनी महावीर स्थान श्री योग कलयानानंद जी महाराज के सानिध्य में नव दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ 21 फरवरी से शुरू होगी जिसकी पूणार्हुति एवं भव्य भंडारा 02 मार्च को होगी। विशेष जानकारी देते हुए श्री योग कलयानानंद जी महाराज ने बताया कि यज्ञ में अयोध्या से संतों का आगमन हो रहा है, यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन प्रवचन एवं भक्ति मय संगीत किया जा रहा हैं। 20 फरवरी को मृत्युंजय जाप 21 फरवरी को जलयात्रा एवं कलश स्थापित 22 से यज्ञ मंडप की परिक्रमा, यज्ञ प्रारंभ एवं विधिवत पूजन तथा जाप प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक एवं रात्री 08 बजे से 12 बजे तक रासलीला का आयोजन किया जाएगा।

# आरा रोटी बैंक ने 7वें वर्षगांठ पर 1500 जरूरतमंदों को भोजन का किया गया वितरित

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में 7वीं वर्षगांठ का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के न सिन्हा,मेजर राणा प्रताप सिंह,रेडक्रॉस सचिव विभा सिन्हा एवं संतोष सिंह भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ के न सिन्हा ने कहा आरा रोटी बैंक विगत 7 वर्षो से सामाजिक चेतना को जागृत करने की सकारात्मक दिशा में कार्य कर रहा है।नर नारायण की सेवा परमेश्वर की सबसे बड़ी भक्ति है।स्वस्थ भोजन आज समाज की मुख्य आवश्यकता है।पौष्टिक आहार लेकर हम बीमारी से दूर रहेंगे।रेडक्रॉस सचिव विभा सिन्हा ने बतलाया आरा रोटी बैंक जरूरतमंदों के प्रति समर्पित संस्था है जो जरूरतमंदों को समय समय न केवल भोजन करवाता है बल्कि बच्चों की शिक्षा, ब्लड डोनेशन ओर अन्य मुहिम सालों भर संचालित करती है।मेजर राणा प्रताप ने कहा आज समाज को एक साथ आने की जरूरत है ठीक उसी तरह से ही हम सब के सामूहिक प्रयास से जरूरतमंदों का पुनरुद्धार किया जा सकता है। आरा रोटी बैंक के संतोष सिंह भारद्वाज ने बतलाया आज का दिन हर्ष उल्लास से भर



हुआ है क्योंकि आज समाज का हर तबका आरा रोटी बैंक से जुड़ कर सामाजिक समरसता से वंचित वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए प्रयासरत है जिससे कि एक सफल समाज की अवधारणा को पूरा किया जा सके।आरा रोटी बैंक की आज 7वीं वर्षगांठ है और आरा रोटी बैंक का एक ही मूलमंत्र अनुशासन है।

आरा रोटी बैंक के सचिव अखौरी दीपक बिहारी ने कहा कि आरा रोटी बैंक बिना रुके लगातार 6वर्षों से जरूरतमंदों की सेवा निस्वार्थ भाव से करता आ रहा है इसी के अंतर्गत टीम का हर सदस्य समर्पित भाव से शारीरिक योगदान करता है।इसी क्रम में बच्चों के सामूहिक शिक्षा की व्यवस्था भी आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में की जा रही है।आरा रोटी बैंक के वरीय सदस्य मुक्ति कांत ने कहा आज समाज की मुख्य धारा से गरीब वर्ग के लोग पिछड़ रहे है पर यह हमारी संस्था है जो लगातार 6 वर्षो से बहुत ही छोटा सा प्रयास करते आ रही है जिस क्रम में लगातार चंदवा मुसहर टोला,जमीरा कुष्ठ आश्रम,पिपरिया, रोजा,स्टेशन परिसर के जरूरतमंदों को लगातार निःशुल्क भोजन करवाया जाता है।

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनाली देवी,श्रुति अग्रवाल,प्रिय गुप्ता,सुष्मिता ,पूजा,नीलम सिंह,सुजाता,उर्मिला देवी,हर्षिता विक्रम,संध्या,नेहा सिंह,सुधा,विनय सिंह,राजीव सिंह,रौशन,राजीव रंजन,राकेश केशरी,रितेश सह,विशाल,राजा, टोनू,अंकित,अभिषेक सिंह,विकी सिंह,रंजन केशरी,आकाश सिंह,सोनू,उज्ज्वल,नीरज,प्रमोद जी,देव सोनी,सार्थक सागर,अनूप रंजन,आकर्षित रंजन आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आरा सदर प्रखंड अन्तर्गत दौलतपुर पंचायत के बलुआं गांव में जिला पार्षद धनंजय यादव के द्वारा राजद का बनाया गया प्राथमिक सदस्य

प्रात: किरण संवाददाता

आरा,आरा सदर प्रखंड अन्तर्गत दौलतपुर पंचायत के बलुआं गांव में सदस्यता अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय नौजवानों को जिला पार्षद धनंजय यादव के द्वारा राजद का प्राथमिक सदस्य बनाया गया। सदस्यता दिलाते हुये उन्होंने कहा कि हम सभी राजद के सक्रिय सदस्यों की यह जिम्मेवारी है कि हम अपनें नेता पुर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के विचारों को जन-जन तक पहूंचाने का कार्य करें साथ ही साथ उन्होंने राजद के घोषणा पत्र में शामिल माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपए, वृद्धा-विकलांग सहित सभी तरह के गरीबों को मिलने



वाली पेंशन की राशि को चार सौ से बढाकर पन्द्रह सौ करनें, मुफ्त में 200 युनिट बिजली देने सहित समस्त योजनाओं से संबंधित वायदों की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जी ने पुर्व में बिहार की जनता से जो वायदें किये थें उन्हें बहुत ही अल्प समय के कार्यकाल में ही पुरा करनें का कार्य किया है। बिहार की जनता को उनपर पुर्ण विश्वास है कि यदि उन्हें मुख्यमंत्री के रुप में कार्य करनें का अवसर मिलेगा तो वह अपनें सभी वायदों को पुरा करते हुये एक न्यी दिशा देनें का कार्य करेंगें।

उक्त अवसर पर सोनू कुमार, गौरव कुमार, सुकर प्रसाद बिंद, प्रताप कुमार, विकास कुमार, हरेंद्र यादव, राजकुमार यादव, दशरथ, राधे, अमित, शारदानंद, गजेंद्र, विनय बमभोली, कमलेश, देवप्रकाश, संदीप, जोगन, पिंटू, गणेश और शहजाद आलम उर्फ गुड्डू भाई उपस्थित रहें।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर जनता के बीच किया गया हेलमेट वितरण

### सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन : सुरक्षित भविष्य की ओर एक संकल्प



प्रात: किरण संवाददाता

आरा, सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 का कार्यक्रम का उद्घाटन भोजपुर पुलिस अधीक्षक एवं डॉ कुमार जितेंद्र ने दीप प्रज्वलित कर किया सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर आम जनता के बीच हेलमेट का वितरण किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन यातायात पुलिस के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही भोजपुर पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष श्रवण कुमार सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार एवं यातायात पुलिस धर्मेंद्र कुमार श्रीनिवास कुमार प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम का सहयोग डॉक्टर कुमार जितेंद्र एवं टू व्हीलर शोरूम के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम के अध्यक्षता यातायात थानाध्यक्ष सरवन कुमार मंच संचालक प्रोफेसर रणविजय सिंह मंच पर रेड क्रॉस के सचिव विभा धर्मेंद्र कुमार श्री निवास कुमार रश्मि कुमारी उषा कुमारी अखिलेश कुमार अरविंद कुमार बलेश कुमार रविंद्र कुमार कुणाल चौधरी ऋषभ कुमार सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 के अंतिम दिवस पर पुलिस अधीक्षक भोजपुर द्वारा अपने प्रेरक संबोधन में यह प्रतिपादित किया कि यातायात नियमों का पालन केवल वैधानिक दायित्व नहीं, अपितु सामाजिक उत्तरदायित्व और जीवन की सुरक्षा हेतु अपरिहार्य है और साथ ही इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा हेलमेट का वितरण किया गया।

## एकदिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ संपन्न




प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला शतरंज संघ द्वारा इवोलुशन बायोलॉजी क्लासेज गैस एजेंसी रोड आरा मे संचालित जिनॉमिक चैस अकादमी के प्रांगण मे प्रशिक्षण पा रहे शतरंज खिलाड़ियों के बीच एकदिवसीय टूनार्मेंट का आयोजन किया गया' पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समरोह मे स्वागत संघ के सचिव डॉ सैफ धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने किया 'मुख्य अतिथि संभावना आवासीय उच्च विद्यालय की प्राचार्या डॉ अर्चना सिंह के द्वारा विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया, उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा की समय-समय पर इस तरह के टूनार्मेंट से बच्चों का अभ्यास हो जाता है जिससे वह राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे आने वाले समय में उन्होंने संभावना आवासीय विद्यालय के प्रांगण में शतरंज प्रतियोगिता कराने की बात कही ' मुख्य निर्णायक रंजन कुमार सिन्हा के अनुसार ओपन वर्ग परिणाम इस प्रकार रहे अविनाश कुमार प्रथम को प्रतीक ओझा द्वितीय विशाल पुष्कर तृतीय स्वराज संगम चतुर्थ स्थान प्राप्त किया' आर्यन कुमार ठाकुर और अनन्या गुप्ता को संतवना पुरस्कार प्राप्त किया' उपस्थित लोगों में अनिल कुमार पाण्डेय, रीना देवी, शालिनी, गीता जी, संजीत कुमार आदि उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा भोजपुर एक दिवसीय बैठक द नोबेल रिसोर्ट धोबी घाट में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता भोजपुर जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा एवं संचालन प्रेदेश सचिव सुनिल पाठक ने किया। भोजपुर जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा ने 23 जनवरी को पटना कृष्ण मेमोरियल हॉल में कपूर्री ठाकुर जयंती एवं 27 जनवरी को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन आरा में आयोजित को लेकर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता ले जाने को लेकर अव्हान किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के संगठनिक प्रभारी आर के सिन्हा एवं जंग बहादुर सिंह ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी कार्यकर्ता उपस्थित होकर एनडीए को एवं माननीय नेता पूर्व



केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद माननीय श्री उपेन्द्र कुशवाहा जी को मजबूत कर 2025 में 225 सीट लाने का काम करेंगे एवं फिर 2025 में एनडीए का सरकार बनाएंगे। बैठक में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष जागा कुशवाहा, प्रदेश महासचिव संजय मेहता, अशोक कुशवाहा, वासुदेव कुशवाहा, मनोज कुशवाहा,संतोष कुशवाहा, तेज नारायण सिंह कुशवाह, पंकज कुशवाहा,अंकित राय,सुबोध केशरी, मिथुन सिंह,नितीश कुशवाहा, अमरेन्द्र मोहन पाठक, बद्रीनारायण पाठक, कृष्ण कुमार, सुमित गोस्वामी, सतेन्द्र कुशवाहा, विजेन्द्र सिंह, रामखेलावन जी, सत्यम जी,पवन जी, कमल जी,वृज कुमार सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने केक काटकर मनाया गया छठवां स्थापना दिवस

### बच्चों के बीच बाटे गए कपड़े एवं कॉपी किताब कलम



प्रात: किरण संवाददाता

आरा,आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपना छठवां स्थापना दिवस आरा रोटी बैंक पाठशाला में पाठ्य सामग्री एवं बच्चो को कपड़े वितरण के साथ सड़क पर जरूरतमंदों तक पहुंचकर भोजन वितरित करके मनाया।संस्था के अध्यक्ष कुमार रोहित ने बताया की 19 जनवरी 2019 को जरूरतमंदों की सेवा के लिये आरा रोटी बैंक का गठन किया गया था जो आज बृहद रूप से जरूरतमंदों को सेवा करने के साथ दो पाठशाला संचालित करती है जिसमे करीब 125 बच्चे निःशुल्क शिक्षा सह भोजन प्राप्त करते है।साथ ही साथ शहर में किसी भी आपदा में सस्था बढ़ चढ़कर लोगो की मदद करती है।समय समय पर रक्तदान,मेडिकल कैम्प भी लगाया जाता है।रात्रि मुहिम में कोई भूखा ना सोए अपना सलोगन के तहत जरूरतमंदों तक रोटी पहुंचाई जाती है।स्थापना दिवस पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष राजेश कुमार,कोषाध्यक्ष सतीश सिंह,क्षितिष भूषण पांडेय,डॉ रवि शंकर तिवारी,राज कुमार केशरी,रवि सहाय,कुमार मोहित सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# दिनारा पुलिस ने लूटकांड मामले का किया उद्भेदन,प्रेसवार्ता कर डीएसपी ने दी जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि दिनारा थानान्तर्गत बेलवैयां फ्लाई ओवर एनएच 319 के पास रवि कुमार ग्राम गंज भड़सरा थाना दिनारा अपने काले रंग के अपाची बाइक रजि० नं० बीआर 45 आर 2693 बेलवैयां चौक के उपर एनएच 319 फ्लाइओवर के पास समय करीब संध्या 05 : 30 बजे अपाची बाइक पर तीन अपराधकर्मी मोटर साईकिल पर पैर से धक्का मारकर गिरा दिया तथा कट्टा का भय दिखाकर रवि कुमार का हेलमेट,बाइक लूटकर



तीनों अपराधकर्मी मलियाबाग की ओर भाग गये। बताया कि कांड के अनुसंधान के कम में संलिप्त अपराधकर्मी अभिषेक यादव उर्फ जीतू उम्र करीब 22 वर्ष पिता पृथ्वीनाथ यादव ग्राम भटवलिया थाना औद्योगिक क्षेत्र बक्सर जिला बक्सर को लूटी गई बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया एवं उनसे पूछताछ की गई। तो उनके द्वारा बताया गया कि अपने दो साथी के साथ इस घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि 03 जनवरी को उसरांव के पास एक बाइक सवार से उसका बाइक रोकवा कर करीब 32 हजार 468 रुपए लूटकर भागने की घटना में संलिप्तता को स्वीकार किया गया। डीएसपी ने कहा कि दिनारा थाना कांड संख्या 04/25 एवं 07/25 में शामील अभियुक्त अभिषेक यादव उर्फ जीतू उम्र करीब 22 वर्ष पिता पृथ्वीनाथ यादव ग्राम भटवलिया थाना औद्योगिक क्षेत्र बक्सर जिला बक्सर को लूटी गई बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक काला रंग का लूटा गया अपाची बाइक जिसका रजि० नं० बीआर 45 आर 2693 चेचिस नं० टउ634इए 86फ्र2इ01410 एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बताया कि गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध करीब कई थानों में दर्जनों कांड दर्ज है।

# जनवादी ऑटो ई रिक्शा संघ के बैनर तले अवैध वसूली को लेकर बैठक कर आगे के आंदोलन हेतु रणनीति तैयार

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास)। सासाराम में जनवादी ऑटो ई रिक्शा संघ के बैनर तले अवैध वसूली को लेकर बैठक कर आगे के आंदोलन हेतु रणनीति तैयार किया गया।

जनवादी ऑटो ई रिक्शा संघ के महासचिव दिनेश कुमार ने बताया कि नगर निगम सासाराम क्षेत्र में ऑटो ई रिक्शा से अवैध तरीके से वसूली किया जा रहा है। इस अवैध वसूली के अलावे यातायात थाना के पुलिस भी अनावश्यक चालान बिना अंकित किए हुए काट रही है। जिस कारण ऑटो ई रिक्शा का शोषण लगातार जारी है। इस संबंध में शिकायत करने के बाद भी नगर निगम सासाराम के पदाधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे परेशान ऑटो ई रिक्शा के चालक तथा वाहन स्वामियों ने सासाराम कुशवाहा सभा भवन में बैठक कर आगे के आंदोलन की रणनीति बनाया। लोगों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दिया है कि अगर उनकी मांग पूरा नहीं किया गया तो आगे आंदोलन किया जाएगा। लोगों ने बताया कि ऑटो ई रिक्शा से एजेंट के नाम पर अवैध वसूली बंद हो, नगर निगम टैक्स के नाम पर हो रही जगह-जगह वसूली पर रोक लगे तथा यातायात थाना की पुलिस के द्वारा बिना अंकित किए हुए चलान को काटना भी बंद करें आदि मांगों को लेकर लोगों ने जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपने की भी बात कही है। इस दौरान काफी संख्या में ऑटो ई रिक्शा के चालक तथा वाहन स्वामी मौजूद रहे।

### बेटियों के सामूहिक विवाह तैयारी को लेकर हुई बैठक

नोखा (रोहतास) रविवार को सर्वजन कल्याण संस्थान के तत्वावधान में 101 बेटियों के सामूहिक विवाह आयोजन की दूसरी बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में संस्था के प्रमुख सदस्यों और क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में विवाह समारोह की तैयारियों, आवश्यक व्यवस्थाओं और सामूहिक विवाह को भव्य व सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए योजनाएं बनाई गईं। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुशवाहा ने की तथा संचालन विजय सर एवं सुखदेव सर के द्वारा किया गया।

# विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज,4.80 लाख लगाया गया जुर्माना

प्रात: किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास) : दिनारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान तहत विभिन्न गावों में कनीय विद्युत अभियंता दिनारा के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन कर आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार द्वारा बताया गया कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर ग्राम अरथू के बिनय कुमार सिंह पर 35 हजार 729, हरिशंकर लाल 26 हजार 766, अवधेश ठाकुर 20 हजार 866 रुपये जुमार्ना लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। बताते चलें कि विद्युत विभाग का बकाया राशि लंबित रहने पर लाइन काटने के उपरांत बिना बकाया राशि तथा पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा किए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर मधुकरपुर के जयराम मिश्रा पर 63 हजार 652, जनार्दन मिश्रा 62 हजार 629, अरथू के जय प्रकाश चौधरी 85 हजार 574 रुपये दंडित राशि लगायी गयी। साथ हीं बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम दिनारा के सुधीर रंजन पर 74 हजार 106 एवं अरथू के हरेराम मिश्रा के कृषि परिसर पर 1 लाख 11 हजार 340 रुपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार द्वारा बताया गया कि बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# नासरीगंज बालू घाट दफ्तर में भारी लूट,जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास)। नासरीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जमालपुर पयहारी जी कुटीर धाम स्थित बालू घाट पर बीती रात्रि में बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर पांच लाख रुपए लूट कर फरार हो गये। इस सम्बंध में बालू घाट क्लस्टर संख्या 03 ए का औरंगाबाद जिला के मिजार्पुर निवासी संचालक सतीश कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि बीती रात्रि लगभग 2 बजे चार बाइक पर सवार एक दर्जन अपराधी आये



और अंधाधुंध फायरिंग शुरू करते हुए घाट कार्यालय में घुस गये और वहां कार्यरत स्टाफ अवकेश कुमार, निशांत सिंह और आयुष सिंह को पिस्टल का भय दिखाकर पैसा मांगने लगे। इनकार करने पर लाठी डंडे और पिस्टल के बट से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए। स्टाफ द्वारा बताया गया कि बगल वाला कमरा कैशरूम है। बन्द कैश रूम में कार्यरत स्टाफ अमित कुमार, सोनू कुमार व गोलू कुमार को पिस्टल का भय दिखाकर कैश रूम खोलने को कहने लगे। उनके साथ भी मारपीट कर उन्हें भी घायल कर दिया गया। भय से स्टाफ कैश रूम के कोने में छिप गये और बाहर से हाथ लगाकर कैश रूम का दरवाजा अपराधियों के द्वारा खोल लिया और कैश का बक्सा उठाकर फरार हो गये जिसमें पांच लाख रुपया था। सभी सामान्य कद काठी के थे। कुछ बाहर खड़े थे और सात लोग घटना को अंजाम देने में लगे थे। घटना को अंजाम दे कर सभी जमालपुर की ओर भाग गये। सभी घायलों का पीएचसी में उपचार कराया गया।

# रीस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज के तत्वधान में मास्टर एन्ड मिस स्टार परीक्षा हुई संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के डेहरी रोड में स्थित रीस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज के कैम्पस में मास्टर एन्ड मिस बिक्रमगंज जीके स्टार परीक्षा आयोजित की गई। अनुमंडल स्तर पर आयोजित यह परीक्षा रीस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज द्वारा स्पॉन्सर की गई थी। ज्ञातव्य है कि पिछले माह में सम्पन्न मास्टर एन्ड मिस हैंडराइटिंग

एक्सीलेंस-2025 परीक्षा भी रीस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज ने ही प्रायोजित की थी। रविवार को संपन्न जीके स्टार ऑफ बिक्रमगंज-2025 के चयन हेतु आयोजित परीक्षा में कुल 1860 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विद्यालयों से भाग लिया। प्रायोजक रीस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज के निदेशक प्रकाश



आनंद ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से नवयुकों में पढ़ाई-लिखाई के प्रति उत्साह बना रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में रीस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज इस तरह की और भी प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगी। परीक्षा सेंटर हेड आफताब अंसारी ने बताया कि इस परीक्षा में 8 वर्ष से 14 वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजेता के रूप में एक छात्र को मास्टर बिक्रमगंज जीके स्टार के अवार्ड से और एक छात्रा को मिस बिक्रमगंज जीके स्टार 2025 के खिताब से नवाजा जाएगा। द्वितीय पुरस्कार के रूप में साइकिल और प्रथम दो पुरस्कार के तौर पर टैबलेट, प्रतीक चिन्ह और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। इसके अलावा, तृतीय स्थान से 50वें स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बता दें कि सुंदर लिखावट हेतु प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्रा को लैपटॉप और द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्रा को साइकिल प्रदान की जाएगी। इस परीक्षा के सफल आयोजन से क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### दागी सूची में शामिल लोगों का थानाध्यक्ष ने किया भौतिक सत्यापन



कुर्था (अरवल)। पुलिस अधीक्षक डॉ0 इनामुल हक मैगनु के निर्देश पर थाना क्षेत्र के पूर्व के नक्सल गतिविधि में शामिल एवं दागी सूची में शामिल अपराधियों का भौतिक सत्यापन थानाध्यक्ष के द्वारा घर-घर जाकर किया गया।इस बाबत कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अरवल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में जा जाकर थाना के पूर्व में नक्सल गतिविधि में शामिल एवं दागी सूची में शामिल लोगों का भौतिक सत्यापन घर-घर जाकर किया गया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में जा जाकर नक्सल गतिविधि व दागी सूची में शामिल लोगों के घर के दरवाजे पर बुलाकर उसका सत्यापन किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष के अलावा अपर थाना अध्यक्ष शमशेर आलम पीएसआई रिंकू कुमारी,स्मिता उपाध्याय, चंद्रदेव महतो समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### कृषि फिडर शुरू करने की मांग

करपी। प्रखंड क्षेत्र के केयाल पंचायत अंतर्गत केयाल पीएसएस के अधीनस्थ छः कृषि फिडर 2014 से जब से बिजली आई है आज तक चालु नही हो पाया है।जिससे लाभुक किसानो को काफी परेशानी हो रही है।जिससे किसानो मे काफी गुस्सा है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम मे इस बात को प्रखरता से रखा जायेगा। उक्त बातें बिहार राज्य किसान सभा अरवल के पुणदेव सिंह ,राकेश रही, ओमप्रकाश कुमार, पिंटू गुप्ता, आशुतोष यादव समेत अन्य लोग ने कहा । उन्होंने कहा की अभी गेंहु का फसल का समय है और किसान को पानी नही मिल रहा है, यह काफी निराशाजनक है। हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं की तत्काल इस को चालु किया जाय।

### ॐ दिनकर सेवा ट्रस्ट एवं परिवार मिलन समारोह में शामिल हुए सांसद



गया।लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने आज धनबाद में आयोजित ॐ दिनकर सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित परिवार मिलन समारोह एवं सहभोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए हैं।इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब सभी वर्ग एक-दूसरे का सहयोग करें और साथ मिलकर समाज के हर व्यक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करें।सहभोज कार्यक्रम में उन्होंने आत्मीयता के साथ सभी से संवाद किया और सभी को समाज की प्रगति के लिए सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

### मुख्यमंत्री से सांसद ने नवादा में मेडिकल कॉलेज का मांग किया

गया।भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर नवादा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का आग्रह किया है।सांसद विवेक ठाकुर ने पत्र में लिखा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर है।बिहार हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। बिहार के कोने-कोने में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खुल रहे हैं।सांसद ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लिखा कि बिहार का नवादा जिला आकांक्षी जिलों में शुमार है।

### जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ सरकार की कल्याणकारी योजना को जन-जन तक बताने के लिए संकल्प लिया है : प्रकाश राम पटवा

गया।गया जिला जेडीयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।जिसमें जिला कमिटी,प्रखंडअध्यक्ष, कई वार्ड अध्यक्ष एवम् पंचायत के जेडीयू कार्यकर्ताओ ने भाग लिया है। पूर्व महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व अति पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कंचन कुमारी गुप्ता , प्रदेश उपाध्यक्ष व्यावसायिक उद्योग प्रकोष्ठ नगीना चौरसिया, विनोद गुप्ता ने मुख्य रूप से सभा को संबोधित किया है। इस कार्यक्रम में सभी व्यावसायिक उद्योग प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष भी अपनी बात रखी साथ में जिला एवं महानगर कमेटी सदस्य गण भी संगठन को और धारदार बनाने के लिए गांव एवं पंचायत में हाट बाजार में नीतीश कुमार की कल्याणकारी योजना को जन-जन तक बताने के लिए संकल्प लिया है। वरिष्ठ नेत्री पूनम कुशवाहा, सभी प्रखंड अध्यक्ष गण एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य गण सैकड़ो की संख्या में सरकार की योजनाओं की जानकारी दिया गया है। यह कार्यक्रम गांधी मंडप में की गई है।

# पीएम मोदी की 118 वां एपिसोड मन की बात भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। शहर के वार्ड नंबर 7 रामराज्य नगर में भाजपा नेता अरविंद सिंह के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 118 वां एपिसोड मन की बात भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ह्यमन की बातह्व को संबोधित करते हुए कहा कि यह इस साल का पहला एपिसोड है। आमतौर पर यह कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है, लेकिन इस बार अंतिम रविवार को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है, इसलिए पीएम मोदी ने आज ही 19 जनवरी को इस कार्यक्रम को संबोधित किए। मन की बात के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है।यह भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष भारत के संविधान के लागू होने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और मैं संविधान सभा के उन सभी महानुभावों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। मन की बात के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं चुनाव आयोग को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जिसने समय-समय पर हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है और इसे मजबूत बनाया है। आयोग ने प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग लोगों की शक्ति को मजबूत करने के लिए किया है और मैं निष्पक्ष चुनावों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए चुनाव आयोग को बधाई देता हूँ। मैं देशवासियों से बड़ी संख्या में मतदान करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने और इस प्रक्रिया को मजबूत करने का आग्रह करता हूँ। मन की बात के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आपने देखा होगा कि कुंभ में युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ये बात सही है कि जब युवा पीढ़ी गर्व के साथ अपनी सभ्यता से जुड़ती है, तो उसकी जड़ें मजबूत होती हैं और उसका सुनहरा भविष्य सुनिश्चित होता है।इस बार कुंभ में हम बड़े पैमाने पर डिजिटल फुटप्रिंट्स भी देख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने का भी प्रयास कर रहे हैं. इसके लिए इसरो के वैज्ञानिकों ने लोबिया के बीजों का चयन किया है।30 दिसंबर को अंतरिक्ष में भेजे गए ये बीज अंतरिक्ष में अंकुरित हो गए हैं।यह एक प्रेरणादायक प्रयोग है जो भविष्य में अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने के रास्ते खोलेगा।यह दर्शाता है कि हमारे वैज्ञानिक भविष्य के लिए एक विजन के साथ काम कर रहे हैं। विनोद सिंह, सुरेंद्र सिंह, रघुनाथ राम, डॉ मधेश्वर चंद्रवंशी, तीर्थ नाराण वैश्य, जिला प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह, राकेश पांडेय, अविनाश कुमार, उपेंद्र सिंह ,अनिल कुमार सिंह, विजेंद्र मिश्रा,सत्यम कुमार, राजेश्वर सिंह, श्रवण प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कुर्था थानाध्यक्ष ने चौकीदारों को पढ़ाया कर्तव्यनिष्ठा का पाठ

प्रात : किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) स्थानीय थाना में रविवार को थाने के पदस्थापित चौकीदारों को कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के द्वारा परेड कराई गई। इस दौरान चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में हमेशा अलर्ट रहने की बात कही साथ ही ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड का पालन करने का भी निर्देश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहें तथा क्षेत्र के किसी भी प्रकार के सूचना स्थानीय थाने को दें वही क्षेत्र में वैसे कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो उसे पर नजर बनाए रखें और तत्काल इसकी जानकारी थानाध्यक्ष को दे साथ ही क्षेत्र में शराब कारोबारी,व शराबी पर भी नजर बनाए रखें और वैसे लोग जो शराब के धंधे में लिफ्ट है इसकी तत्काल सूचना दें ताकि थाना अध्यक्ष द्वारा वैसे शराब कारोबारी पर कार्रवाई किया जा सके वहीं उन्होंने चौकीदारों से जिन-जिन क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।उन सभी का विवरण भी बारी-बारी से लिया साथ ही ड्यूटी के दौरान होने वाले परेशानियों के संबंध में भी जाना साथ ही उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में हमेशा चौकन्ना रहे और तमाम गतिविधियों पर नजर बनाए रखें इस मौके पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अपर थाना अध्यक्ष शमशेर आलम, पीएसआई रिंकू कुमारी, स्मिता उपाध्याय के अलावा चौकीदार दफादार संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार अकेला उर्फ दारा सिंह, कमल यादव, उमाकांत सिंह समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न चौकीदार व दफादार शामिल थे।

## विद्यालय के एच एम ने एक युवक पर लगाया धमकी देने का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के श्रीमती इंदिरा गांधी हरिजन आवासीय प्राथमिक सह उच्च विद्यालय निकेतन केमदारचक के प्रभारी प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने मानिकपुर थाने में आवेदन देकर एक युवक पर धमकी देने के आरोप लगाया है मानिकपुर थाने में दिए गए आवेदन में सूचक प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने उल्लेख किया है कि लालबाबु उर्फ पुष्प राज नामक एक युवक फोन पर धमकी देने एवं विद्यालय के संचालन विरुद्ध करने में लगा रहता है साथ ही उन्होंने कहा कि लाल बाबु उर्फ पुष्पराज ग्राम करहरी पोस्ट सेहडा थाना सिंगोड़ी जिला पटना के निवासी है जो मेरे विद्यालय में किसी भी पद पर कार्यरत नहीं है परंतु विद्यालय में आकर विद्यालय संचालक व विद्यालय से हमें भागने की अक्सर धमकी देते रहता है जो एक विद्यालय के प्रभारी को इससे ज्यादा और क्या मानहानि हो सकता है उन्होंने कहा कि आज 19 जनवरी को विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक रखा गया था। जिसमें उपस्थित होने जा रहे थे तभी उसने फोन पर धमकी देना शुरू कर दिया हालांकि पूर्व में भी उनके द्वारा धमकी दिया गया था जिसके कारण मैं कई दिनों तक विद्यालय नहीं जा सका वहीं उन्होंने मानिकपुर थानाध्यक्ष से सुरक्षा की गुहार लगाई है इस संबंध में पूछे जाने पर मानिकपुर थानाध्यक्ष पीयूष जायसवाल ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा आवेदन आया है मामले की जांच की जा रही है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्रकार व समाजसेवी स्व. राजेश कुमार सिंह को दी गई श्रद्धांजलि, राजनीतिज्ञ, व्यवसाई, पत्रकार व गणमान्य लोग हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



गया।शहर के बहुआर चौरा मोहल्ला स्थित डॉ. अंजू सिन्हा के क्लीनिक के प्रांगण में बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा गया के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया है। यहां लोगों ने पत्रकार व समाजसेवी स्व. राजेश कुमार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई है। इस कार्यक्रम में शहर के अलावा विभिन्न प्रखंडों से आए पत्रकार, राजनीतिज्ञ, अधिवक्ता एवं कई गणमान्य शामिल हुए हैं। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया है। मालुम हो कि राजेश कुमार सिंह की मृत्यु गत दिनों हृदयाघात के कारण हो गई थी।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि राजेश कुमार सिंह गृहस्थ परिवार से आते थे। पत्रकारिता से उन्होंने शुरुआत की थी। फिर पत्रकारिता छोड़कर उन्होंने व्यवसाय शुरू किया था, जहां वे काफी सफल रहे। समाजसेवा में भी वे आगे रहते थे। राजनीति जीवन की शुरूआत करते हुए उन्होंने वर्ष 2010 में राजद पार्टी से अतरी विधानसभा से चुनाव भी लड़ा था। अचानक उनके निधन से हमलोग काफी मर्माहत हुए हैं। शोक की इस घड़ी में भगवान उनके परिजनों को हिम्मत दे, साथ ही उनकी आत्मा को शांति मिले इसके लिये हमलोग भगवान विष्णु से प्रार्थना करते हैं।इस मौके पर जदयू नेता चंदन यादव, नेता पवन कुमार सिंह उर्फ पप्पू, वार्ड पार्षद संजय कुमार सिन्हा, व्यवसायी नीरज गिरी, वरिष्ठ पत्रकार कमल नयन, पंकज सिन्हा, श्याम भंडारी, देवब्रत मंडल, रंजन सिन्हा, जितेंद्र मिश्रा, अक्षय सिंह, प्रवीण ओझा, प्रदीप रंजन, कुमुद रंजन, दीपेश कुमार, एलेन लिली, किशोर ,सनद कुमार,अभिषेक राज, सुभाष कुमार, पंकज कुमार उर्फ डबली, अजीत कुमार, जयप्रकाश कुमार, नित्तम कुमार, धीरज गुप्ता,मनीष कुमार, सुदिप्तो नाग, चंदन भारती, हरिवंश, पुरूषोत्तम, नंदन शर्मा, सूफी, अभिषेक कुमार उर्फ निक्कु, आरीफ आलम, आशीष कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर अपनेकार्यों में नवाचार करें और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता



गया।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के कार्यालयत नूतननगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 118वें ?मन की बात? कार्यक्रम को सुनने का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ता, और भाजपा नेता उपस्थित हुए।प्रधानमंत्री ने ?मन की बात? मे भारत के संविधान के 75वां दिवस के अवसर पर बाबा साहब अंबेडकर डॉ राजेंद्र प्रसाद और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संविधान सभा में ओजस्वी विचारों को दिखाया गया देश में महाकुंभ प्रयागराज की चर्चा देश में सफल अंतरिक्ष होने पर देश के वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनाएं के साथ-साथ 25 जनवरी को मतदाता दिवस के अवसर पर युवाओं को मताधिकार का अधिकार पर भी चर्चा एवं 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की बहादुरी और पराक्रम की चर्चा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी साहसिक चर्चा किया गया कार्यक्रम के बाद भाजपा नेताडॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि ?मन की बात? न केवल प्रधानमंत्री और जनता के बीच संवाद का माध्यम है, बल्कि यह देश के प्रत्येक नागरिक को प्रेरित करता है। उन्होंने लोगो से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर अपनेकार्यों में नवाचार करें और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिहार प्रदेश कमिटी का विस्तार: संगठन को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की तैयारी

प्रात : किरण संवाददाता



गया।वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन आफ इंडिया जो वेब पत्रकारों के हितों के लिए समर्पित राष्ट्रीय संगठन है, ने बिहार प्रदेश कमिटी का विस्तार करते हुए संगठन को एक नई दिशा देने की पहल की है। इस विस्तार का उद्देश्य वेब पत्रकारिता को सशक्त बनाना और पत्रकारों के अधिकारों को मजबूत करना है। बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री बाल कृष्ण कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल और बिहार प्रभारी मधुप मणि पिक्कू के मार्गदर्शन में इस विस्तारित कमिटी की घोषणा की।

विस्तारित कमिटी के पदाधिकारी:- अध्यक्ष ह्र बाल कृष्ण कुमारउपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,उपाध्यक्ष संगीता सिन्हा, महासचिव ह्र नमन मिश्रा, सचिव राजू नारायण पाठक,संयुक्त सचिव ह्र संजीव कुमार सिंह ,संयुक्त सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष ह्र मोहम्मद कादिर खान। कार्यकारिणी सदस्य - नीरज कुमार, रविकांत कुमार, चन्द्रमोहन कुमार सिंह (मसौढ़ी), उपेंद्र कुमार,पंकज राज, जैकी कुमार का उद्देश्य डिजिटल युग में पत्रकारों के अधिकारों और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ावा देना है। संगठन का लक्ष्य वेब पत्रकारों को एक मजबूत मंच प्रदान करना है, जहाँ उनकी आवाज को प्रभावी रूप से सुना जा सके। इस विस्तारित कमिटी का मुख्य कार्य बिहार के हर जिले में संगठन का विस्तार करना और वेब पत्रकारिता के मानकों को ऊँचा उठाना है। अब से प्रदेश और जिला स्तर पर कमिटियों की बैठक हर माह आयोजित की जाएगी। आगामी 19 जनवरी को पटना इकाई की बैठक में होली से पहले एक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा, राज्यस्तरीय कार्यक्रम का भी आयोजन होगा, जिसमें सभी पदाधिकारियों की सक्रियता और क्षमता का आकलन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण कुमार ने स्पष्ट किया कि संगठन में वही सदस्य बने रहेंगे, जो सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। हर पदाधिकारी से अपेक्षा है कि वे सप्ताह में कम से कम एक नए सदस्य को संगठन से जोड़ें। महासचिव नमन मिश्रा ने कहा, संगठन को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। हखअकके बैनर तले बिहार में वेब पत्रकारिता को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा।

यह विस्तारित कमिटी वेब पत्रकारों को एक मजबूत मंच प्रदान करने और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन की ओर से सभी सदस्यों को आह्वान किया गया है कि वे अपने सुझाव और योजनाएँ प्रस्तुत करें, ताकि हखअकको एक सशक्त पहचान दी जा सके।राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल और बिहार प्रभारी मधुप मणि पिक्कू और अध्यक्ष बाल कृष्ण कुमार ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को इस नई पहल के लिए बधाई दी है।

## कार्यकर्ता सम्मेलन सह दही चूड़ा भोज का आयोजन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने की दावथ दिनारा विधानसभा में

प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन दिनारा विधानसभा के दावथ में आयोजित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में दही चुरा के भोज का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के आए हुए नेताओं ने इस कार्यक्रता सम्मेलन और दही भोज में शामिल हुए,दिनारा विधानसभा में एनसीपी मजदूर प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार सिंह के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जहां राष्ट्रीय सचिव सह प्रदेश अध्यक्ष झारखंड सह बिहार प्रदेश पर्यवेक्षक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सच्चिदानंद सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर कहां कि क्षेत्र की समस्याओं को हम गंभीरता से उठाएंगे और बिहार के कुल 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की हमारी तैयारी है,हम लोग राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए बीजेपी के साथ हैं,अगर बिहार में भी वह हमें अपने साथ एनडीए बीजेपी गठबंधन में रखते हैं,तो हम लोग गठबंधन के लिए तैयार रहेंगे नहीं तो हम लोग 243 विधानसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में हम चुनाव लड़ेंगे।वही प्रदेश कोडेनेटर सूर्यकांत कुमार सिंह ने यहां की शिक्षा से संबंधित समस्या को उठाने की बात कही और कहा कि प्रखंड स्तर पर एक हाई स्कूल का न होना चिंता का विषय है,जिसे मैं प्रदेश स्तर पर बात करके इसकी व्यवस्था के लिए हर संभव प्रयास करूंगा,तो वहीं बिहार प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह किसान बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने ओजस्वी भाषण से सबको प्रभावित किया और ईमानदारी पूर्वक पार्टी के लिए काम करने की बातें कहीं और कहा कि चुनाव तो अभी बाकी है।लेकिन लोग अपनी समस्या सीधे हमसे कह सकते हैं,मैं सालो भर आम जनता का समस्या को सुनता हूं उन लोगों को भलाई के लिए मैं आंदोलन प्रदर्शन करने के लिए काम करता हूं,वहि अशुतोस सिंह ने यूरिया खाद कालाबाजारी पर चिंता व्यक्ति किया और बिहार में बड़े अफसर शाही रिश्वतखोरी पर भी चिंता व्यक्त किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी मुझे मौका देती है तो मैं यहां की हर समस्या और पार्टी के विकास के लिए काम करूंगा।

## सांसद ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर दी श्रद्धांजलि, शोकाकुल परिवारों से मिलकर व्यक्त की संवेदना

प्रात : किरण संवाददाता



गया।चतरा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद कालीचरण सिंह ने हाल ही में क्षेत्र के विभिन्न शोक कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं है।सांसद सबसे पहले कान्हाचट्टी प्रखंड के मदगड़ा निवासी श्री प्रदीप सिंह की माताजी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे। इसके बाद उन्होंने लड़िया निवासी कमांडो रजक की दादी के निधन पर उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी है। सांसद ने चतरा के कैण्डी नगर निवासी दीपक राम की माता के निधन की खबर पाकर उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया है।अपने पैतृक गांव सोन बिगहा पहुंचकर उन्होंने अर्जुन भुईयां की माताजी के निधन पर उनके परिवार से भेंट की और संवेदना प्रकट की है। सांसद ने इन दुखद घटनाओं पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। इस दौरान सांसद ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सदैव साथ खड़े हैं और हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय 56 वी पुण्य स्मृति दिवस पर गणमान्य लोग पहुंचे

प्रात : किरण संवाददाता



गया।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य स्मृति दिवस के शुभ अवसर पर विश्व शांति दिवस , अशोक बिहार कॉलोनी के शाखा पर मनाया गया है। स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा त्रिमूर्ति शिव भगवान ने फिर से पवन पूज्य श्रेष्ठाचारी देवी देवता धर्म सतयुग भारत की स्थापना के लिए अपना माध्यम बनाएं। ब्रह्मा बाबा ने अपने त्याग तपस्या और ईश्वरीय ज्ञान द्वारा जन-जन को आने वाली नई दुनिया सतयुग प्राप्त करने का मार्गदर्शन दिखाएं और 18 जनवरी 1969 को मानव जीवन की सर्वोच्च स्थिति को प्राप्त किये है।आज हम सभी ब्रह्माकुमार, ब्रह्माकुमारी भाई-बहने आज भी उनके प्रेरणा, मार्गदर्शन से आगे बढ़ रहे हैं।जो वर्तमान समय 142 देश से भी अधिक देशों में 20 प्रभागों द्वारा सभी वर्गों की सेवा प्रदान किया जा रहा है। आज पुण्य स्मृति विश्व शांति कार्यक्रम में संजय सिंह, प्रबंधक मानव भारती स्कूल, पूर्व पार्षद संतोष सिंह, भाई सुरेंद्र यादव मुखिया मोराट'ल बोधगया और मनोज शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित हुए सभी ने शांति अनुभूति किये है। ब्रह्माकुमारी बबीता बहन ने बताया आदि सनातन धर्म की स्थापना स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा ज्ञान सूर्य शिव भगवान कलयुग के अंत सतयुग आदि पुरुषोत्तम संगमयुग पर किये थे जो फिर से कर रहे हैं। सनातन धर्म सूर्य के समान है जो कभी मिट नहीं सकता वह अमर है।

## केंद्र और राज्य सरकारें समाज के सभी वर्गों के कल्याण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं : डॉ प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



गया।बिहार सरकार के सहकारिता, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वार्ड संख्या 41 और वार्ड संख्या 1 में विकास कार्यों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। वार्ड संख्या 41 में 6,22,000 की लागत से नई सड़क में चबूतरे का निर्माण किया गया है। जिससे स्थानीय निवासियों को सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त, वार्ड संख्या 1 के खरखूरा में बरछी स्थान से महादलित टोला तक 7,00,000 की लागत से बनी सड़क का भी उद्घाटन किया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें समाज के सभी वर्गों के कल्याण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन परियोजनाओं से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि शहरी क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ. कुमार ने जनता से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और विकास कार्यों में सहयोग देने का आह्वान किया है।इस कार्यक्रम में भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, मंडल अध्यक्ष धनंजय धीरू, सूरज राणा, हरि यादव, सुरेंद्र यादव, रामानंद प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, बंटी वर्मा, रुपेश वर्मा, डॉ महेंद्र, निर्मला देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## संविधान दिवस पर वन भोज कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। संविधान दिवस के अवसर पर आज लाल बाबा पहाड़ी पर एक भव्य वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के सहकारिता, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया और बिहार के प्रसिद्ध लिट्टी-चोखा का आनंद लिया है।इस कार्यक्रम का संचालन उत्तरी मंडल के महामंत्री डॉ शिवनारायण चंद्रवंशी ने किया, जबकि अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू यादव ने की है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय ने केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार की प्रशंसा करते हुए विशेष रूप से डॉ. प्रेम कुमार का आभार व्यक्त किया है। लोगों ने उनके निरंतर तीन वर्षों की कड़ी मेहनत और प्रयासों की सराहना की है, जिसके परिणामस्वरूप विष्णुपद कॉरिडोर और महाबोधि कॉरिडोर का सपना साकार हुआ है। डॉ. कुमार ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की नीतियों और दूरदर्शी योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा, ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का स्वर्णिम युग आरंभ हुआ है। गया शहर में 300 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण, 200 करोड़ रुपये की लागत से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण, डोभी-पटना हाईवे, विष्णुपद एवं महाबोधि कॉरिडोर का विकास हो रहा है, और वहीं 8000 करोड़ रुपये की लागत से मेट्रो प्रोजेक्ट की शुरूआत नीतीश सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है।ह्व डॉ. कुमार ने लाल बाबा पहाड़ी के सौंदर्यीकरण और डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे छोटकी नवादा स्थित कोढ़िया अस्पताल के लिए प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं गया जिले को पर्यटन और विकास के नए आयाम तक पहुंचाने में सहायक होंगी।इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों और कार्यकताओं ने डॉ. प्रेम कुमार को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया और इस बात पर जोर दिया कि उनकी मेहनत ने क्षेत्र में विकास को नई दिशा दी है। वन भोज कार्यक्रम एकजुटता, विकास, और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर उभरा है। इस कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी देवानंद पासवान मंडल अध्यक्ष राजेश संस्थान एवं कुंजन मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभु यादव वार्ड पार्षद जब प्रकाश यादव, मोहम्मद वसीम वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील सिन्हा राजनंदन गांधी राकेश कुमार सुरेंद्र यादव अशोक साहनी श्याम बिहारी करण कुमार कौशलेंद्र सिंह महेश जी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 33 में हुई चोरी

चौसा (मधेपुरा)। चौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौसा पश्चिमी पंचायत में एक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में चोरों ने हाथ साफ कर लिया। चोरों ने प्राथमिक विद्यालय पासवान टोला जबकि उसी विद्यालय परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 33 में भी चोरों ने अपना हाथ साफ कर लिया। घटना शनिवार की रात्रि की बताई जा रही है। इस बाबत प्रधानाध्यापक सुभाष पासवान ने बताया कि शनिवार को रात्रि में विद्यालय परिसर से अज्ञात चोरों ने तीन पैकेट चावल, बच्चों को बैठने वाला दो दरी, एक लड़की का कुर्सी जबकि विद्यालय परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 33 का भी ताला तोड़कर एक चूल्हा, दो सिलेंडर, दो पैकेट चावल इत्यादि समान का चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया गया है। चोरी की जानकारी रविवार की सुबह करीब छः बजे में हुई है। वही इस बाबत थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि घटना की जानकारी दी गई है जबकि आवेदन अप्राप्त है जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### बढ़ते ठंड में विलुप्त गरुड़ पक्षी का आगमन हुआ शुरू

पुरैनी (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र में कई महीनो से विलुप्त रहने वाले प्रवासी पक्षियों आगमन प्रारंभ हो गया है। कोसी के कछार वाली इस इलाके में जगह-जगह गरुड़ पक्षियों का बसेरा बना रहा है खासकर ऊंचे बरगद पीपल जैसे पेड़ों पर झुंड में गरुड़ पक्षी दिखाई दे रहे हैं। हालांकि गरुड़ प्रजनन क्षेत्र से सेट इन इलाकों में पक्षी तस्कर भी सक्रिय हो गए हैं जो खतरा का कारण बन गया है। बता दे की गरुड़ समय-समय पर स्थान परिवर्तन करते रहता है दिसंबर माह में इनका आगमन इसलिए शुरू हो जाता है कि यह माह इसके प्रजनन का माह होता है। जब छोटे- बड़े गरुड़ के बच्चे मार्च अप्रैल तक उड़ने लायक हो जाते हैं तो यह प्रवासी पक्षी अपने स्थान में परिवर्तन कर लेते हैं। आय दिनों विलुप्त हो रहे पक्षीराज गरुड़ को बचाने के लिए बिहार सरकार का वन विभाग जबरदस्त प्रयास कर रही है इसके लिए पर्यावरण और वन विभाग ने एक विशेष सेंटर भी बनाया है जो रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के नाम से भागलपुर के सुंदरवन में बनाया गया है। इस सेंटर के सार्थक प्रयासों से ही नवगछिया के गंगा और कदवा कोशी दियारा में गरुड़ पक्षियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। भागलपुर के सुंदरवन में इन गरुड़ों के लिए बने रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेन्टर में नवजात गरुड़ों का इलाज किया जाता है साथ ही उनके उड़ने तक की स्थिति तक लालन-पालन भी वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है।

### रायभीर में जरूरतमंद लोगों के बीच लायंस क्लब मधेपुरा के द्वारा किया गया कंबल वितरण

शंकरपुर (मधेपुरा) । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रायभीर पंचायत वार्ड नंबर 9 स्थित बजरंगवली मंदिर प्रांगण में लायंस क्लब मधेपुरा के द्वारा चालीस कंवल का वितरण किया गया। बढ़ती ठंड को देखते हुए लायंस क्लब मधेपुरा के तत्वावधान में जरूरतमंदों के बीच लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। रविवार को रायभीर पंचायत के वार्ड नंबर 9 में बजरंगबली मंदिर प्रांगण वार्ड सदस्य राजेश कुमार दास के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन कर लायंस क्लब मधेपुरा के सौजन्य से चालीस कंबल बांटी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षत लायन जोनल चेयरपर्सन चंद्रशेखर एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष मनीष सर्राफ,की के देखरेख में 40 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया कंबल वितरण का संचालन लायन डॉक्टर हिमांशु कुमार एवं लायन सुमन पोद्दार के हाथों से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल कैथल वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र दास उपस्थित रहे।

### सीरियल किलर चंद्रकांत झा को दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोचा

मधेपुरा। जिले के ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र के झलारी पंचायत के वार्ड नंबर नौ का रहने वाला सनकी प्रवृति के सजायाफ्ता सीरियल किलर चंद्रकांत झा को दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने 17 जनवरी को उस समय दबोच लिया गया जब उन्हें सूचना मिली कि चंद्रकांत झा बिहार जाने के लिए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन आने वाला है। जहां क्राइम ब्रांच ने पैरोल जंप करएक साल से फरार चल रहे सजायाफ्ता सीरियल किलर चंद्रकांत झा को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि अक्टूबर 2023 में चंद्रकांत झा को तीन माह के लिए पैरोल मिला था तब से वह फरार चल रहा था। दिल्ली पुलिस की तरफ से इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम था।1998 से 2007 के बीच चंद्रकांत झा ने एक के बाद एक सात लोगों की बेरहमी से हत्या की, जिनमें तीन लोगों के शव के टुकड़े को इसने तिहाड़ जेल के गेट नंबर एक व तीन के बाहर फेंक दिए थे। हत्या के दो मामले में इसे फांसी की सजा मिली थी जिसे बाद में उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। बताया गया कि चंद्रकांत झा शवों के साथ पत्र भी छोड़ देता था उक्त पत्रों पर नीचे तुम्हारा बाप या जीजाजी जैसे शब्द लिखकर पुलिस को पकड़ने की चुनौती देता था।

# विद्यार्थी परिषद द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



कोईलवर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,भोजपुर के कोईलवर नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के उपलक्ष में खेलो भारत के तहत नगर खेल महाकुंभ संबंधित कोईलवर प्रखंड स्थित धनडीहाँ गांव में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन स्वामी विवेकानंद जी व मां शारदे के चल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दक्षिण बिहार के प्रांत मंत्री श्री सुमित सिंह,खेलो भारत के संयोजन श्री अमर राजपूत, शोध कार्य प्रमुख श्री चंदन तिवारी,जिला संयोजक श्री अनूप सिंह, परीनिधि गुप्ता,करू सिंह मुखिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का विषय परिवेश जिला संयोजक अनूप सिंह ने किया और कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जी को जयंती के उपलक्ष में सभी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है उसी निमित आज कोईलवर नगर इकाई द्वारा यह वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। प्रांत मंत्री श्री सुमित सिंह जी खेल महाकुंभ अंतर्गत पूरे प्रांत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है , विद्यार्थी परिषद अपने डीजे में आयाम के माध्यम से प्रतिभावान प्रतिभागियों को एक मंच देने का काम करता है। वही खेलो भारत के प्रांत संजयोक श्री अमर राजपूत ने बताया कि विद्यार्थी परिषद द्वारा देश भर में नगर खेल महाकुंभ (15-25 जनवरी) तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित हो रहा है,जिसमें खेल संबंधित गतिविधियों पर जोड़ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खेलेगा इंडिया जीतेगा इंडिया नारा पर जोड़ देते हैं खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाना का कार्य विद्यार्थी परिषद कर रही है। चंदन तिवारी ने कहा कि विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो वं नगद पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।आपको बताते चले कि चार टीमों के बीच या मुकाबला आयोजित किया गया था जिम पहले पारी नारायणपुर ३२ अवेंजर क्लब आरा एवं द्वितीय मुकाबला लाहौर ३२ महाराजा कॉलेज में हुआ। वही अंतिम मुकाबला दोनों विजेता टीमों के बीच नारायणपुर ५२ महाराजा कॉलेज में हुआ जिसमें विजेता नारायणपुर की टीम हुई एवं उपविजेता महाराजा कॉलेज की टीम हुई।वही धन्यवाद ज्ञापन धीरज सिंह ने किया। वही संचालन आदित्य सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नितिन,हैप्पी,प्रिंस,अमन आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भीड़भाड़ से दूर प्रकृति का एहसास कराएगा एभरग्रीन रिजॉर्ट



आराः जिले के आरा शहर से सटे भेलाई सूर्य मंदिर के पास एवरग्रीन गार्डन रिजॉर्ट रेस्टोरेंट एवं मैरिज हॉल का उद्घाटन नगर आयुक्त निरोध कुमार भगत एवं प्रमोद कुमार जिला आपूर्ति पर अधिकारी सह अपर समाहर्ता भोजपुर एवं अन्य गण्यमान अतिथियों के द्वारा किया गया आरा शहर के सबसे बड़े मैरिज हॉल के साथ इस एवरग्रीन गार्डन रिसोर्ट में रेस्टोरेंट एवं मैरिज हाल भी बनाया गया है 2000 से ज्यादा लोगों के बैठने के लिए बनाए गए मैरिज हॉल में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है इस शहर के भीड़ भाड़ से दूर प्रकृति के सुरमय में वातावरण में निर्मित इस गार्डन रिजॉर्ट में स्विमिंग पूल के साथ सभी सुविधा उपलब्ध हैं बच्चों के खेलने के गार्डन से लेकर बागवानी तक इसमें लगाए गए हैं ताकि लोग भी बाहर से दूर हटकर अपने किसी खास मौके को यहां आकर सेलिब्रेट कर सकें वही बड़े से पार्किंग के साथ इस एवरग्रीन गार्डन रिसोर्ट में लोग आकर लजीज व्यंजन का भी लुप्त उठा सकेंगे इसके लिए बड़ा रेस्टोरेंट भी बनाया गया है वही इस रिसोर्ट के ऑनर धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि भीड़भाड़ और शहर से दूर प्रकृति के अलग वातावरण में इस रिजॉर्ट को बनाया गया है ताकि लोग यहां आनंद से अपने किसी भी उत्सव को मना सके एवं उसके लिए सभी यहां सुविधा उपलब्ध कराई गई है बड़े मैरिज हॉल के साथ रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन की भी सुविधा इसमें उपलब्ध है और हम लोग का यह प्रयास है कि लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं यहां दिया जा सके इस मौके पर उपस्थित लोगों में बलदेव चौधरी अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नरेश कुमार राज्य कर संयुक्त आयुक्त शाहाबाद आरा संजय कुमार वरीय कोषागार पदाधिकारी भोजपुर मदन नारायण सिंह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी भोजपुर श्याम किशोर पटेल वरीय कोषागार पदाधिकारी भोजपुर एवं ईशान कुमार जिला भविष्य निधि पदाधिकारी भोजपुर धनंजय सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## सरकार शिक्षकों को वेवकूफ समझ रही है : मंटु

प्रात: किरण संवाददाता



बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ ,भोजपुर इकाई की बैठक आदर्श मध्य विद्यालय नवादा आरा में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने कहा कि सरकार की शिक्षक नियमावली से यह प्रतित हो रहा है कि शिक्षक पढ़ाने के बजाय अपराध कर रहे हैं। सरकार शिक्षकों को बेवकूफ समझ रही है।बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2024 में शिक्षकों के सेवा संहिता में सुधार यथा सेवा निरंतरता, समस्थानिक इंडेक्स में वेतन निर्धारण, ऐच्छिक स्थानांतरण, ग्रेच्युटी, ग्रुप बीमा, सेवांत लाभ, पूर्व की सेवा पर प्रोन्नति इत्यादि लाभप्रद प्रावधानों का कहीं उल्लेख नहीं है। जिलाध्यक्ष मंटु ने कहा कि 12 पृष्ठों की नियमावली में 10 पृष्ठों में सिर्फ शिक्षकों को सजा देने के प्रावधानों का ही उल्लेख किया गया है। यह सेवा शर्त नियमावली के बदले दंडात्मक कारवाई नियमावली प्रतीत हो रही है। विशिष्ट शिक्षकों की सेवा संपुष्टि के लिए समय सीमा निश्चित ही नहीं की गई है। ऐसे में सेवा संपुष्टि को अधर में लटका दिया गया है। इससे शिक्षकों को भारी क्षति हो सकती है। विगत 21 वर्षों से निरंतर सेवा करने वाले शिक्षकों के पूर्व की सेवा अवधि को शून्य करना धोखाधड़ी है। क्योंकि अब तक की सेवा पर मिलने वाला प्रोन्नति, वित्तीय लाभ, समस्थानिक इंडेक्स में वेतन निर्धारण सहित अन्य लाभ समाप्त हो जायेगा। बैठक में यह तय हुआ कि 16 फरवरी 2025 को जगदीशपुर, भोजपुर में शिक्षा संवाद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पु भी शामिल होंगे। साथ ही जल्द ही जिला मुख्यालय में समस्त नियोजित शिक्षकों की बैठक कर विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी का अभिनन्दन समारोह जिला मुख्यालय में किया जाएगा। बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु, उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान,नन्द किशोर सिंह, जगदीशपुर सचिव जयप्रकाश ठाकुर, महासचिव चन्द्रदेव कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष किंग अभिषेक क्षत्रप, सत्येन्द्र दुबे, अरुण कुमार सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह, निर्भय कुमार सिंह सहित दर्जनों शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बाइक नहीं चलाने वालों को सड़क पर उतरकर एसपी ने पहनाया हैमलेट

प्रात: किरण संवाददाता



आराः बिना हमलेट के बाइक की सवारी कर रहे लोगों को सड़कों पर उतरकर भोजपुर के एसपी राज ने खुद हमले पहनाया अचानक भोजपुरी के एसपी को हाथ में हैमलेट लेकर सड़क पर उतरते देखा शहरवासी भी आश्चर्य में पड़ गए, आरा शहर के जज कोठी मोड़ के समीप खुद एसपी ने दर्जनों बाइक सवारो को अपने हाथों से हैमलेट पहननाया एवं उनको सुरक्षित यात्रा करने एवं बाइक चलाते वक्त हैमलेट जरूर पहनने की बात कही, लगातार सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत पिछले एक सप्ताह से मनाया जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इसका उद्घाटन खुद भोजपुर के एसपी राज ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस तरह से लगातार सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है और लोग यातायात के प्रति लापरवाही दिखा रहे हैं जिसके कारण यह घटना घट रही है और इससे सभी का परिवार प्रभावित है इसी के तहत सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि लोग सड़क पर सुरक्षित यात्रा करें।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों पर सुना प्रधानमंत्री का मन की बात

प्रात: किरण संवाददाता



नयानगर। प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पश्चिमी पंचायत शाहजादपुर, बुधामा, नयानगर एवं खाड़ा में रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को ‖मन की बात‖ के जरिए सुबह 11 बजे देशवासियों को संबोधित किए। गौरतलब है कि मन की बात मासिक रेडियो कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री देश के नागरिकों से राष्ट्र से संबंधित मुद्दों और विषयों पर बातचीत करते हैं। आम तौर पर महीने के आखिरी रविवार को आयोजित होने वाले मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आज किया गया। क्योंकि देश 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाएगा।

भाजपा नेता चन्दन कुमार झा व सुबोध चौधरी उर्फ गणगण ने कहा कि चाहे स्वच्छता हो, जल संरक्षण हो, फिट इंडिया हो, परीक्षा हो या महिला सशक्तिकरण हो, हर महीने नागरिक अपने विचार और सुझाव पीएम नरेंद्र मोदी के साथ उनके रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए साझा करते रहे हैं। अक्टूबर 2014 में शुरू किए गए मन की बात का उद्देश्य भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ना है, जिसमें महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हैं। यह आम जनता के बीच बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम है, जिसमें देश भर के लोग पीएम मोदी को सुनते हैं, क्योंकि वे अपने विचार और सुझाव साझा करते हैं, साथ ही समाज में हो रहे उल्लेखनीय विकास के साथ-साथ व्यक्तिगत उपलब्धियों का भी पीएम मोदी विशेष उल्लेख करते हैं। इस अवसर पर ललित नारायण ठाकुर, अनिल गुप्ता, नागो मेहता, रंजित कुमार ठाकुर, राजकिशोर राम, अशोक सिंह, मुन्नी देवी, रंजू देवी आदि ने अपने-अपने बूथों पर सुना।

## एक साथ तीन शिक्षकों का किया गया विदाई सह सम्मान समारोह

प्रात: किरण संवाददाता




उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित एसबीजेएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के एक साथ तीन शिक्षकों का विदाई सह सम्मानित किया गया। इस समारोह में राज्य के विभिन्न जिलों से पधारे पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक निरंजन कुमार मेहता ने किया। मौके पर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी संजीव कुमार सिंह, एन के यादव, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव सह पूर्व सांसद सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह आदि ने शिरकत किये। कार्यक्रम में कोशी, पूर्णियां, भागलपुर व राज्य के अन्य प्रमंडल से काफी संख्या में शिक्षकों ने इस विदाई सह सम्मान में हिस्सा लिया। मौके पर एमएलसी संजीव कुमार सिंह ने अपने संबोधन कहा कि इस आज हमारे तीन शिक्षक अरुण कुमार यादव, महेंद्र कुमार गुप्ता व अरविंद कुमार सिंह सेवानिवृत्त होकर हमलोगों के बीच से विदा हो रहे हैं। इन्होंने अपने सेवाकाल में जो शिक्षा का अलख जगाने का काम किया है वह विस्मरणीय रहेगा। मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा शिक्षक देश के भविष्य हैं। जो अपने सेवा काल के दौरान बच्चों को शिक्षित कर देश के सर्वोच्च पदों को सुशोभित करने का अवसर प्रदान करवाते हैं।आज हमारे बीच से तीन ऐसे सच्चे शिक्षक शिक्षा जगत को अलविदा कर रहे हैं। यह क्षण काफी दुखद व मार्मिक है। लेकिन सरकारी सेवा में आना और जाना लगा हीं रहता है। लेकिन शिक्षकों के अधिकार की लड़ाई हमेशा सरकार से लड़कर दिलाने में हर संभव प्रयास करते रहेंगे। मौके प्रमंडल अध्यक्ष परमेश्वरी यादव, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार, जिला सचिव संतोष कुमार, अनुमंडल पार्षद अमृता कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष शैलैश चौरसिया, एचएम अभिनंदन कुमार, अरुण देव झा, विजय कुंवर, डॉ संजय कुमार, अंचल शिक्षक संघ के अध्यक्ष कुमार किशोर केशरी, संजय प्रताप, साजिद अली, प्रतीमा कुमारी, बंदना कुमारी, अंशु माली समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में मंच संचालन हरदेव मेहता ने किया।

**एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की ऐतिहासिक तैयारी**

## धर्मेंद्र कुमार साह बोले: हर कार्यकर्ता है बिहार के विकास का सच्चा सिपाही

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में आज एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित है, इस सम्मेलन को बिहार में एनडीए की ताकत और एकजुटता को प्रदर्शित करने के महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा जा रहा है। हजारों कार्यकर्ताओं और नेताओं की उपस्थिति में यह आयोजन न केवल राजनीतिक दिशा तय करेगा, बल्कि आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति को भी मजबूती प्रदान करेगा। सारण जिला महामंत्री और छपरा विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार साह ने आज सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। साह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, ‶यह सम्मेलन सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता के दिल में बसे बिहार के विकास और जनता की सेवा के संकल्प का प्रतीक है। हर कार्यकर्ता इस प्रदेश के उज्वल भविष्य का सच्चा सिपाही है। एनडीए के सभी घटक दल एक मंच पर सम्मेलन में भाजपा, जदयू, हम, आरएलएल, और लोजपा के हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। मंच पर एनडीए के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी से यह सम्मेलन बिहार की राजनीति में एकता और स्थिरता का संदेश देगा। कार्यकताओं का जोश और उत्साह आयोजन की सफलता का प्रतीक है।

धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि यह सम्मेलन बिहार के विकास और जनकल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने बिहार में सुशासन की नींव रखी है। हर कार्यकर्ता हमारी इस यात्रा का अभिन्न हिस्सा है। कार्यकताओं में जोश और नई ऊर्जा कार्यकताओं में इस सम्मेलन को लेकर भारी उत्साह है। सभी इसे एक ऐसा मंच मानते हैं, जहां वे अपनी विचारधारा और सेवा के संकल्प को मजबूत कर सकते हैं। सम्मेलन में नेताओं और कार्यकताओं के बीच संवाद बिहार के लिए नई योजनाओं और रणनीतियों को आकार देगा। धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि यह सम्मेलन न केवल एनडीए की एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि यह हर कार्यकर्ता के दिल की आवाज को बुलंद करने का अवसर भी है, सम्मेलन स्थल पर हो रही भव्य तैयारियां राजेंद्र स्टेडियम को इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए विशेष रूप से सजाया जा रहा है। मंच को भव्य तरीके से तैयार किया गया है, और बैठने की व्यापक व्यवस्था की गई है ताकि हर कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक पल का गवाह बन सके। आयोजन स्थल पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को भी चाक-चौबंद रखा गया है।

## तेजश्वी को मुख्यमंत्री बनाइए, बिहार में बहार होगी, नौकरी की भरमार होगी और युवा सरकार होगी : रोहिणी आचार्या

प्रात: किरण संवाददाता



अमनौर। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्या रविवार को भेल्दी पहुंचीं। यहां सोनहो चौक के पास राजद कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। रोहिणी आचार्या ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तेजश्वी यादव महिलाओं के लिए ‶माई बहिन मान‶ योजना लाएंगे, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।, उन्होंने तेजस्वी को ‖भारत की ऊर्जा‖ बताया। उन्होंने आगे कहा कि तेजस्वी यादव ने महिला मान-सम्मान योजना के तहत हर महिला के खाते में 2500 रुपये साथ ही वृद्धा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये कर देने का घोषणा किया है। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा था कि जब वे पहली बार मुख्यमंत्री बनेंगे तो पहले कलम से 15 लाख नौकरियां देंगे। उन्होंने आगे कहा, ‶इस बार तेजश्वी को मुख्यमंत्री बनाइए, बिहार में बहार होगी, नौकरी की भरमार होगी और युवा सरकार होगी। किसी के बहकावे में नहीं रहना है, एक-एक कार्यकर्ता को पार्टी से जोड़कर मजबूत बनाएं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम, राजद जिला अध्यक्ष सुनील राय, उप प्रमुख बिबेकानन्द राय, राजद नेता बिश्वजीत चौहान, डॉ अरुण देवेंद्र शर्मा, मुन्ना चौहान, पूर्व मुखिया लाल बाबू राय, पूर्व मुखिया रमेश राय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चोरी के ऑटो व बाइक के साथ पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

दरियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेला रेल पहिया कारखाना के समीप से गश्त के दौरान पुलिस ने एक चोरी की ऑटो रिक्सा व एक बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस को दरिहरा की तरफ से एक ऑटो आते दिखाई दी।पुलिस ने चालक से पूछताछ शुरू की।जिसमें चालक ने स्वीकार की कि ऑटो की कोई कागजात नहीं है तथा यह चोरी की है।इसके बाद पुलिस ने ऑटो को जप्त कर लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार चालक मिथलेश कुमार सरनारायण का रहने वाला बताया जाता है। वाहन चेकिंग के दौरान ही पुलिस ने नयागांव फोरलेन की तरफ से आ रही एक बाइक सवार दो युवकों से पूछताछ की।साथ ही बाइक की कागजात मांगी।लेकिन दोनों ने कोई कागजात नहीं दिखाए।

## खाड़ा में नजदीक समय में आयोजित की जाएगी नियोजन मेला : भरत जी राम

प्रात: किरण संवाददाता



नयानगर। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खाड़ा पंचायत में अवस्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय खाड़ा में रविवार को दिन के करीब साढ़े 11 बजे रोजगार मेला में युवाओं की ज्यादे से ज्यादे उपस्थिति हो बैठक कर जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम संसाधन विभाग कोशी प्रमंडल सहरसा के असिस्टेंट डायरेक्टर भरत जी राम, कार्यालय सहायक सुशील कुमार पाण्डेय, सहयोगी केशव जी एवं प्रो. वेद प्रकाश भारतीय उपस्थित थे। बताते चलें कि 21 जनवरी 2025 को +2 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय,पूरब बाजार सहरसा में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, सहरसा द्वारा एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला -2025 आयोजित की गई। यह नियोजन मेला श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। बैठक में सहायक निदेशक भरत जी ने कहा कि इस नियोजन मेला में राज्य के सभी जिले के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्रों में योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर है। इसमें निजी क्षेत्र के दर्जनों कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आवेदक अपने साथ एनसीएस आइडी की छाया प्रति, बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो साथ लाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अवर प्रादेशिक नियोजनालय, सहरसा नियोजन मेला में मात्र एक सुविधा प्रदाता रहेगा। श्री राम ने कहा कि नियोजन मेला में भाग लेना पूर्णतः निःशुल्क है। बेरोजगार युवाओं को नियोजन मेला में भाग लेने हेतु एन सी एस पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है। आवेदक उक्त पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन पूर्व में ही करवा लें। निदेशक ने अन्त में कहा कि खाड़ा पंचायत में नजदीक समय में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा जल्द समय लेकर प्रचार व प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि मंजय प्रसाद सिंह, पत्रकार चंदन कुमार झा, संजीव कुमार कश्यप, सुमन कुमार सिंह, गुड्डू कुमार ठाकुर, पुष्पम कुमार, अमित कुमार झा ‶विश्वनाथ‶, दिनेश कुमार झा, मनोहर मेहता, नागो मेहता, छब्बू मंडल, पप्पू कुमार झा, राघवेन्द्र झा, अशोक राम, मिठन ऋषिदेव, माधव झा, दीपक झा सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कुंवर सेना के अध्यक्षता निर्मल सिंह के नेतृत्व में किया गया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

आरा ,राष्ट्रीय कुंवर सेना द्वारा एक आवश्यक बैठक राष्ट्रीय महामंत्री ठाकुर राज किशोर सिंह के आवासीय कार्यालय बाबू बाजार आरा नगर में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता निर्मल सिंह शुक्रवार सेवा प्रमुख राष्ट्रीय कुंवर सेना की द्वारा की गई संचालक श्री महंत सिंह मुखिया जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय कुंवर सी द्वारा की गई सर्वप्रथम महावीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की तेल चित्र पर पुष्प अर्पीत माल्यार्पण के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही वक्ताओं द्वारा उनके बलिदान,त्याग, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अंत में अध्यक्ष वक्तव्य मैं सेवा प्रमुख निर्मल सिंह शक्रवार ने कहा कि महाराणा प्रताप वीर शिरोमणि थे इनके त्याग बलिदान देश और राष्ट्रीयता के लिए हमेशा अनुकरणीय और प्र्रेरणादायक एवं प्रेरणा स्त्रोत रहेगा

सर्वसम्मत निर्णय लिया गया की 23 जनवरी 2024 दिन गुरुवार स्वतंत्रता संग्राम के महानायक आजाद हिंद फौज के प्रणेता-संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भाव एवं धूमधाम से उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत वीर कुंवर सिंह रमना मैदान महावीर मंदिर महाराणा प्रताप जी के पुण्यतिथि एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती विस्तार से भव्य आयोजन उद्घाटन, भाषण, माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय कुंवर सेना द्वारा किया जाएगा।

इस बैठक कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रघुवर प्रसाद, सेवा प्रमुख निर्मल सिंह शक्रवार, धर्म योद्धा एसपी सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री ठाकुर राज किशोर सिंह, ठाकुर संजय सिंह, परमेश्वर सिंह बेहरा, प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह, मनोज सिंह अधिवक्ता, हरेंद्र सिंह अधिवक्ता, नागेंद्र सिंह अधिवक्ता,सुग्रीव साह मुखिया, रामायण सिंह अधिवक्ता आदि प्रमुख लोग उपस्थित हुए।

## ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर की दादी और मामा सड़क हादसे का शिकार, मौके पर तोड़ा दम

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खिलाड़ी मनु भाकर की दादी और मामा की रविवार 19 जनवरी को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना रविवार सुबह करीब 9 बजे महेंद्रगढ़ बाईपास रोड पर एक स्कूटर और ब्रेजा कार की टक्कर के कारण हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनु भाकर की दादी और चाचा की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।



अभी दो दिन पहले ही मनु भाकर को राष्ट्रपति से खेल रत्न पुरस्कार मिला था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। शहर थाना प्रभारी और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गौर हो कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर को शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया गया। भाकर स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक ओलंपिक में दो पदक जीते हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में यह कमाल किया था।

## बोपन्ना–शुआई की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**मेलबर्न (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीन की उनकी जोड़ीदार झांग शुआई ने रविवार को यहां दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था, लेकिन यह चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी। इससे भारतीय-चीनी जोड़ी कोर्ट पर उतरे बिना ही अंतिम आठ में पहुंच गई। बोपन्ना और शुआई का अगला मुकाबला हंगरी की टिमिया बाबोस और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवलो तथा ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना और शुआई की जोड़ी ने इससे पहले अपने शुरुआती मैच में फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और क्रोएशिया के इवान डोडिक को 6-4, 6-4 से हराया था।

## रवींद्र जडेजा ने अभ्यास सत्र में लिया हिस्सा, दिल्ली के खिलाफ में खेल सकते हैं रणजी ट्रॉफी मैच

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा राजकोट में टीम के अभ्यास सत्र में शामिल होने के बाद दिल्ली के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी मैच में सौराष्ट्र के लिए खेल सकते हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जडेजा रविवार की सुबह सौराष्ट्र के नेट सत्र में थे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की कप्तानी वाली टीम के साथ प्रशिक्षण ले रहे थे। जडेजा को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में चुना गया था। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच जनवरी 2023 में तमिलनाडु के खिलाफ घुटने की चोट के बाद वापसी करते हुए खेला था और 8 विकेट लिए थे। उन्होंने हाल ही में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पांच में से तीन टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया था, जहां उन्हें 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके तुरंत बाद बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट में भागीदारी को अनिवार्य बनाने के लिए 10-सूत्रीय नीति दस्तावेज पेश किया और कहा कि गैर-अनुपालन अंतरराष्ट्रीय चयन और केंद्रीय अनुबंध नवीनीकरण को प्रभावित कर सकता है।

# साजिद और अबरार का कहर, पाकिस्तान की वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत

### साजिद खान 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे

**मुल्तान (एजेंसी)।** कप्तान शान मसूद (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद साजिद खान (पांच विकेट) और अबरार अहमद (चार) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 123 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 127 रनों से जीत लिया हैं। मैच में कुल नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।

251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर पायी और पूरी टीम 36.3 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के ऐलेक ऐथनेज ने सर्वाधिक (55) रनों की पारी खेली। टेविन इमलाक (14), मिकाइल लुईस (13), क्रेग ब्रैथवेट (12), केविन सिंक्लेयर (10) रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 15 ओवर में 50 रन देकर पांच विकेट लिए। अबरार अहमद ने 11.3 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके। नोमान अली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



आज यहां इससे पहले गेंदबाजों की मददगार पिच पर जोमेल वारिकन (32 रन देकर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 157 के स्कोर पर समेट दिया। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251 रनों का लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान ने कल के दूसरी पारी में तीन विकेट 109 रन के आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सऊद शकील (दो) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें वारिकन ने ग्रीव्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद वारिकन ने मोहम्मद रिजवान(दो) को भी अपना शिकार बना लिया।

बल्लेबाजी करने आए आगा सलमान ने कामरान गुलाम के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 38वें ओवर में वॉरिकन ने कामरान गुलाम (27) को आउटकर पाकिस्तान को छठा झटका दिया। नोमान अली (दो), साजिद खान (पांच), खुरर्म शहजाद (शून्य) पर आउट हुये। 47वें ओवर में गुडाकेश मोती ने आगा सलमान (14) को आउटकर 157 के स्कोर पर पाकिस्तान की दूसरी पारी का अंत कर दिया। पहली पारी के आधार पर मिली बढ़त के आाधार पर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251रनों का लक्ष्य मिला। वेस्टइंडीज की ओर जोमेल वारिकन ने 18 ओवरों में 32 रन देकर सात विकेट लिए। पाकिस्तान ने पहली पारी में 230 रन बनाये थे। वहीं वेस्टइंडीज की पहली पारी 137 के स्कोर पर सिमट गई थी।

**पाकिस्तान दूसरी पारी - 109/3 (31 ओवर)** - पाकिस्तान ने दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट खोकर 109 रन बना लिए हैं। कप्तान शान मसूद ने मोहम्मद हुरैन के साथ मिलकर पहली विकेट के लिए 67 रन जोड़े। मोहम्मद 29 रन बनाकर आऊट हो गए। इस दौरान बाबर आजम फिर से विफल रहे और 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शान मसूद ने टीम के लिए 52 रन बनाए। फिलहाल क्रीज पर गुलाम और सऊद शकील खड़े हैं।

**विंडीज पहली पारी - 137 रन** - विंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही। स्पिनर साजिद खान ने शुरू से ही दबाव बनाते हुए विंडीज टीम के पहले 5 ओवर में ही 4 विकेट चटका लिए। इसके बाद नोमान अली सक्रिय हो गए। उन्होंने एलिक और जस्टिन ग्रीव्स के साथ केविन सिंक्लेयर और मोती (19) का विकेट निकाला। दोनों की घूमती गेंदों का विंडीज बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। अंतिम विकेट के लिए जोमेल वारिकन और जेडन सील्स ने फाइट की और स्कोर 137 तक पहुंचाया। वारिकन ने 31 तो जेडन ने 22 रन बनाए।

**पाकिस्तान पहली पारी –230 रन** – बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के गेंदबाज जेडेन सील्स के कहर का समाना करना पड़ा। मैच में एक समय पाकिस्तान ने 13.3 ओवर में 46 के स्कोर पर अवने 4 विकेट गंवा दिए थे। मोहम्मद हुरैरा (6), कप्तान शान मसूद (11), कामरान गुलाम (5) और बाबर आजम (5) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण जब मैच रोका गया तो पाकिस्तान के 4 विकेट पर 143 रन थे। मैच के दूसरे दिन शकील (84) और मोहम्मद रिजवान (71) ने स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन उनके आऊट होते ही टीम भी 230 रन पर ढेरी हो गई। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 27 रन देकर 3, वारीकेन ने 69 रन देकर 3 तो केविन ने 61 रन देकर 2 विकेट लिए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11 -

**वेस्टइंडीज** - क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), मिकाइल लुइस, कीसी कार्टी, केवम हॉज, एलिक अथानाजे, जस्टिन ग्रीव्स, टेविन इमलाच (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन, जेडन सील्स।

**पाकिस्तान** - शान मसूद (कप्तान), मुहम्मद हुरैरा, बाबर आजम, कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान आगा, साजिद खान, नोमान अली, खुर्रम शहजाद, अबरार अहमद।

# चैंपियंस ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव की कमी खलेगी, वह 'एक्स-फैक्टर' हो सकते थे : सुरेश रैना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना को लगता है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की कमी आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में खलेगी क्योंकि वह दुबई में 'एक्स-फैक्टर' साबित हो सकते थे, जहां रोहित शर्मा की टीम अपने सभी मैच खेलेगी। सूर्यकुमार और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज शनिवार को घोषित चैंपियंस ट्रॉफी टीम से गायब दो बड़े नाम थे। वे 2023 वनडे विश्व कप टीम में शामिल कुल छह खिलाड़ियों में शामिल हैं। अन्य खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और ईशान किशन हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में खेल से संन्यास लिया है।

रैना ने कहा, सूर्या विश्व कप टीम का अभिन्न हिस्सा थे, वह 360 डिग्री के खिलाड़ी हैं जो खेल के किसी भी चरण में 9 रन प्रति ओवर की दर से रन बना सकते हैं। वह विपक्षी टीम पर हावी हो सकते हैं और अलग तरह से बल्लेबाजी कर सकते हैं। अगर सूर्या टीम में होते तो यह एक एक्स-फैक्टर होता, उनकी कमी खलेगी। अब जिम्मेदारी शीर्ष 3 पर होगी जो फॉर्म में नहीं हैं। सूर्या ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी स्थिति में बल्लेबाजी कर सकते हैं।



रैना ने यह भी कहा कि जसप्रीत बुमराह की फिटनेस और मोहम्मद शमी के चोट से वापसी को लेकर अनिश्चितता के बीच सिराज बेहतर विकल्प होते, हालांकि उन्हें अब भी लगता है कि हैदराबाद का यह तेज गेंदबाज टीम में जगह बना सकता है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में सिराज अलग फॉर्म में थे, लेकिन आप 12 फरवरी तक टीम में बदलाव कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि अगर बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो सिराज टीम में वापस आ सकते हैं।

उन्होंने कहा, हर्षित राणा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके पास अच्छी गति, अच्छी बम्पर, वैरिएशन, यॉर्कर और पेस है। वह और अर्शदीप सिंह दोनों डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि अगर बुमराह नहीं होते हैं तो सिराज बेहतर विकल्प हैं।

रैना ने शुभमन गिल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उप-कप्तानी देने का कदम दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा, %गिल को सही समय पर उप-कप्तानी मिली है। वह भारतीय क्रिकेट के अगले सुपरस्टार हैं और उन्होंने वनडे में शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित जानते हैं कि किसी युवा खिलाड़ी को कैसे प्रशिक्षित करना है और शुभमन क्या मूल्य लेकर आएंगे।

दुबई की पिचें धीमी होती हैं और टर्न लेती हैं, इसलिए रैना ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या गेंदबाजी विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। रैना ने कहा, शमी को मैच अभ्यास की कमी है, बुमराह अभी भी अनिश्चित हैं और कुलदीप ऑपरेशन से वापस आ रहे हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि स्पिन विभाग में कुलदीप का साथ कौन देगा।

भारत ने दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है पहला 2002 में और 2013 में, और रैना को कोई संदेह नहीं है कि रोहित और उनके साथी जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, रोहित में क्षमता है, उनके पास टीम है लेकिन जो महत्वपूर्ण होगा वह 15 में से 11 खिलाड़ियों का संयोजन है। विकेट थोड़े धीमे होंगे, लेकिन हमारे पास क्षमता है।

रैना ने भी भारतीय टीम में पहली पसंद के विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत का समर्थन किया, जिसमें केएल राहुल भी हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, निश्चित रूप से पंत, उनकी विकेटकीपिंग में सुधार हुआ है। लेकिन उन्हें 50 ओवर के खेल में अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलना होगा। अगर वह 40-50 गेंदों तक टिके रहते हैं तो वह विपक्षी टीम से खेल छीन सकते हैं, लेकिन उन्हें क्रीज पर अधिक समय बिताने की जरूरत है।

# श्रीलंका दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका

### कप्तान स्टीव स्मिथ की कोहनी में लगी चोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के टेस्ट दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ की कोहनी में चोट लग गई है, लेकिन उनके इस सप्ताह के अंत में दुबई में प्री-टूर कैंप में शामिल होने की उम्मीद है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। सीए ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलते समय अपने अंगूठे में हुए फ्रैक्चर की सर्जरी से उबर रहे हैं जबकि नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाएं टखने के दर्द की रिकवरी पर विशेषज्ञ की सलाह के बाद निगरानी जारी रहेगी।




स्मिथ को शुक्रवार को बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए फील्डिंग करते समय दाहिनी कोहनी में चोट लग गई जिसके कारण सिडनी थंडर के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। कुहनेमन के बारे में सीए ने कहा कि वह तब तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे जब तक उनके फ्रैक्चर वाले अंगूठे पर सर्जरी का घाव ठीक नहीं हो जाता। सीए ने कहा, %अगर वह अच्छी प्रगति करते रहे तो श्रीलंका में टीम में शामिल होने के उद्देश्य से वह इस सप्ताह गेंदबाजी फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

कुहनेमन ने 2023 की शुरुआत में भारत दौरे पर तीन टेस्ट खेले थे और यहां तक ??कि पांच विकेट भी लिए थे। उसके बाद वह टीम से बाहर हो गए जब तक कि उन्होंने अपनी नई टीम तस्मानिया के लिए 6 शेफ़ील्ड शील्ड में 18 विकेट नहीं चटकाए और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापस नहीं लाया गया। श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की दो मैचों की टेस्ट सीरीज 29 जनवरी को गॉल में शुरू होगी, इसके बाद दूसरा मैच 6 फरवरी को उसी स्थान पर शुरू होगा। इसके बाद कोलंबो में 12 और 14 फरवरी को दो वनडे मैच खेले जाएंगे।

# पूर्व बीएससी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने मुंबई हॉफ मैराथन में हासिल की दुर्लभ उपलब्धि

**मुंबई (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप द्वारा मुंबई हॉफ मैराथन (21 किलोमीटर) का आयोजन किया गया जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने 21 किलोमीटर दौड़कर मुंबई मैराथन के 20वें संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया। चहल ने वार्षिक वैश्विक आयोजन के सभी संस्करणों में हॉफ मैराथन पूरा करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। ??मुंबई हॉफ मैराथन की शुरूआत 2004 में की गई थी और इकबाल सिंह तब से ही इसमें हिस्सा ले रहे हैं। टाटा मुंबई मैराथन 2025 में पूर्व बीएमसी आयुक्त ने 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन) पूरा करने में 2 घंटे 20 मिनट और 24 सेकंड का समय लिया। गौरतलब है कि हॉफ मैराथन रेती बंदर/माहिम दरगाह उरुस ग्राउंड से शुरू हुई जो माहिम चर्च जंक्शन के ठीक बगल में है। इकबाल सिंह को 8 मई 2020 को नगर आयुक्त नियुक्त किया गया था और उन्होंने लगभग चार साल तक सेवा की। उन्होंने अधिकतम शहर में कोविड-19 बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए प्रशंसा प्राप्त की। वह वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत हैं।




**इकबाल सिंह चहल पर नजर** - इकबाल सिंह चहल का जन्म जन्म 20 जनवरी 1966 को हुआ था। वह महाराष्ट्र कैडर के 1989 बैच के आईएएसअधिकारी हैं और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व नगर आयुक्त और प्रशासक हैं। वर्तमान में वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं। इससे पहले उन्होंने विभिन्न पदों पर महाराष्ट्र और भारत सरकार की सेवा की है। अपने शुरुआती करियर में वे ठाणे और छत्रपति संभाजीनगर जिलों के कलेक्टर थे जिसके बाद वे गृह मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहे। इसके बाद वे महाराष्ट्र के जल संसाधन विभाग और शहरी विकास विभाग में प्रधान सचिव भी रहे।

**इकबाल सिंह चहल द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण काम** - इकबाल सिंह को मुंबई में कोविड-19 को नियंत्रण में रखने का श्रेय व्यापक रूप से दिया जाता है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय और बॉम्बे उच्च न्यायालय ने भी उनके मुंबई मॉडल के लिए सराहना की। उन्होंने नए फील्ड अस्पतालों के माध्यम से हजारों बेड और निजी सुविधाओं के साथ कोविड-19 वार्ड सरकार को सौंप दिए जिसमें 800 वाहनों को एम्बुलेंस में भी बदल दिया।

### आईपीएल 2025

# लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल सकते हैं ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 संस्करण से पहले संजिका गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान बनाया जा सकता है। दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले लखनऊ फ्रैंचाइजी ने रिटेन नहीं किया जबकि उन्होंने कैश-रिच लीग के अपने पहले दो संस्करणों में टीम को प्लेऑफ में पहुंचाया था। राहुल को रिटेन न करने के बाद स्स्त्र टीम के पास पंत और श्रेयस अय्यर के बीच भूमिका के लिए चयन करने के लिए दो विकल्प थे इसलिए फ्रैंचाइजी और प्रबंधन ने पूर्व के साथ जाने का विकल्प चुना।

पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जिन्हें जेद्दा में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। स्स्त्र फ्रैंचाइजी इस टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाद दूसरी टीम होगी। उन्होंने हमवतन श्रेयस अय्यर को हराया, जो कुछ मिनट पहले ही पंजाब किंग्स (पीबीकेएस ) द्वारा 26.75 करोड़ रुपए में खरीदे गए लीग के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क को पछाड़ा जिन्होंने 24.75 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड तोड़ बोली के साथ वर्षों बाद आईपीएल में वापसी की थी।



शुरू में एलएसजी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बोली लगाने की जंग हुई, जिसमें बाद में हार मान ली गई। सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र्रा) ने अपने विस्फोटक बल्लेबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश में बोली लगाने की जंग में प्रवेश किया और डीसी ने 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन वे पंत के लिए स्स्त्र द्वारा लगाई गई कीमत से मेल नहीं खा सके और वे अय्यर से भी आगे निकल गए।

पंत ने 2016 से अपने पूरे आईपीएल करियर में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 110 मैचों में 35.31 की औसत से 3,284 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया और उन्होंने उसी सीजन में उन्हें प्लेऑफ में पहुंचाया। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले स्स्त्र ने अनकैप्ड स्टार मोहसिन खान और आयुष बदोनी के साथ निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई को रिटेन किया।

लखनऊ स्थित फ्रैंचाइजी ने 14 में से सात मैच जीतकर 14 अंकों के साथ स्टैंडिंग में 7वें स्थान पर अपना आईपीएल 2024 का सफर समाप्त किया।

### लखनऊ सुपर जायंट्स टीम

**बल्लेबाज** - एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, आयुष बदोनी (रिटेन), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके।

**विकेटकीपर** –ऋषभ पंत, निकोलस पूरन (रिटेन), आर्यन जुयाल।

**ऑलराउंडर** - अब्दुल समद (स्पिनर), मिशेल मार्श (तेज गेंदबाज), शाहबाज अहमद (स्पिनर), युवराज चौधरी (स्पिनर), राजवर्धन हंगरगेकर (तेज गेंदबाज), अर्शिन कुलकर्णी (तेज गेंदबाज)।

**स्पिनर** - रवि बिश्नोई (बरकरार), एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह।

**तेज गेंदबाज** - मयंक यादव (बरकरार), मोहसिन खान (बरकरार), आकाश दीप, आवेश खान, आकाश सिंह, शमर जोसेफ,

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के काकचिंग में उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उग्रवादी को शनिवार को काकचिंग जिले के हियांगलाम लाई पंगाम्बा इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस बीच सुरक्षा बलों ने शनिवार को थौबल जिले के लिलोंग पुलिस थाना क्षेत्र से एक सिंगल-बोर बैरल (स्नाइपर), एक देसी राइफल, एक कार्बाइन मैगजीन, थ्री नॉट थ्री मैगजीन, एक हथगोला, एक डेटोनेटर, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किए।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस विश्व आर्थिक मंच में भाग लेने के लिए दावोस रवाना

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में भाग लेने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। फडणवीस सोमवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्य रात्रि को दावोस रवाना हुए। बयान के अनुसार इस दौरान मुख्यमंत्री डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मा, बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्रों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। फडणवीस ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में तीन बार विश्व आर्थिक मंच में भाग लिया था।

### मणिपुर के कांगपोकपी में 25 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई: मुख्यमंत्री

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि जिला पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दलों ने कांगपोकपी जिले में 25 एकड़ में अफीम की अवैध खेती को नष्ट कर दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने की पहल के तहत कांगपोकपी जिला पुलिस और 133 बीएन सीआरपीएफ की दो प्लाटून की एक संयुक्त टीम ने कांगपोकपी के वाई लांगखोंग गांव में एक विशेष अभियान के दौरान 25 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट कर दिया।'' सिंह ने कहा कि इस तरह के अभियान ''मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण हैं और ये पूरी प्रतिबद्धता से जारी रहेंगे।

### शादी से मना करने की खौफनाक सजा; घर में घुसकर 10वीं की छात्रा का रेता गला

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में 15 साल की नाबालिग लड़की की उसके घर में घुसकर एक शख्स ने गला रेतकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी काफी समय से 10वीं की छात्रा पर शादी का दबाव बना रहा था। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी फरार है। उसकी तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। आरोपी के खिलाफ पहले से ही पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोपी उसपर शादी का दबाव बना रहा था। वह लड़की को जान से मारने की धमकियां दे रहा था। वारदात के दौरान पीड़िता घर में अकेली थी। मृतका के गले और चेहरे पर चाकू के कई निशान मिले हैं। पुलिस की अपराध शाखा और फोरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। डबुआ थाना समेत पुलिस की पांच टीम आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, किशोरी अपने भाई और मां के साथ किराए के कमरे में रह रही थी। वह पास स्थित एक स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता राजस्थान के जयपुर में रहते हैं। बच्चों के पालन-पोषण के लिए उसकी मां किसी कंपनी में काम करती है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम वह घर में अकेली थी। इस दौरान पड़ोस में रह रहा एक युवक उसके घर में घुस आया और धारदार हथियार से उसपर हमला कर दिया। आरोपी ने उसके गले को रेत दिया।

# हिमाचल में अलग-अलग पैराग्लाइडिंग हादसों में 2 की मौत, हवा में टकराए ग्लाइडर



**धर्मशाला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग पैराग्लाइडिंग हादसों में दो पर्यटकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि ये पर्यटक गुजरात और तमिलनाडु के थे। धर्मशाला में अहमदाबाद की एक 19 साल की युवती की मौत हो गई। हादसा शनिवार शाम करीब 5 बजे इंद्रू नाग पैराग्लाइडिंग टेक-ऑफ प्वाइंट पर हुआ। हादसे में पैराग्लाइडिंग सहायक गाइड को मामूली चोटें आई हैं।

धर्मशाला में उड़ान के थोड़ी ही देर बाद हादसा हो गया जिसमें गंभीर चोटें आने के बाद युवती को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान खुशी भवसार (19) पुत्री जिग्नेश निवासी सहजानंद एवेन्यू, नारणपुरा, अहमदाबाद गुजरात के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार, खुशी अपने परिवार के साथ धर्मशाला की यात्रा पर थी और साहसिक खेलों का आनंद लेना चाहती थी।

पैराग्लाइडिंग पायलट की पहचान मुनिश कुमार (29) के रूप में हुई है, जो जिला कांगड़ा के धर्मशाला के टाहू चोला गांव का रहने वाला है। मुनिश को हादसे में मामूली चोटें आई हैं और वह सुरक्षित बच गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद पैराग्लाइडर का संतुलन बिगड़ गया जिससे दोनों जमीन पर गिर गए। खुशी को गंभीर चोटें लगीं और उसे तत्काल जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। वहीं पायलट मुनिश कुमार को मामूली चोटें आने के बाद प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को परिवार को सौंप दिया जाएगा। मृतका के परिवार को सूचना दे दी गई है। धर्मशाला पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है कि क्या यह घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई या सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी। पैराग्लाइडिंग के दौरान सुरक्षा उपायों की बार-बार अनदेखी होने के आरोप पहले भी लग चुके हैं।पुलिस और प्रशासन इस मामले में पायलट से पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में टेक-ऑफ प्वाइंट और पैराग्लाइडिंग उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। धर्मशाला खासकर इंद्रू नाग टेक-ऑफ प्वाइंट साहसिक खेलों के लिए लोकप्रिय है। हर साल सैकड़ों पर्यटक यहां पैराग्लाइडिंग का रोमांच अनुभव करने आते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में पैराग्लाइडिंग के दौरान दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और उपकरणों की ठीक से जांच न होना इन घटनाओं के मुख्य कारण बताए जाते हैं। वहीं एक अन्य घटना में शुक्रवार शाम को कुल्लू जिले में गार्सा लैंडिंग साइट के पास पैराग्लाइडिंग करते समय तमिलनाडु के एक 28 वर्षीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया।

## बीएसएफ ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया: सूत्र



**बाड़मेर, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास रेत में छिपाए गए नौ एमएम की चार ग्लॉक पिस्तौल, आठ मैगजीन और 78 कारतूस बरामद किए गए।

बीएसएफ (गुजरात फ्रंटियर) के एक सूत्र ने बताया, ''सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर हमने सूचना के आधार पर शुक्रवार को बीजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र में भभूते की ढाणी के पास तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान, सीमा पर बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखे गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।''

उन्होंने कहा, ''माना जा रहा है कि हथियारों को पाकिस्तान से तस्करी कर भारत लाया गया है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां ??हाई अलर्ट पर हैं।'' बीएसएफ और पुलिस की टीम, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापक तलाश अभियान संचालित कर रही हैं और इस बात की जांच कर रही हैं कि ये हथियार भारत में कैसे पहुंचे? देश में कुछ ही दिन में गणतंत्र दिवस मनाया जाना है ऐसे में हथियारों की बरामदगी को संवेदनशील मामला माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है।

## गैंगरेप केस: जब तक जांच पूरी न हो, तब तक पद से इस्तीफा दें मोहन बड़ौली: अनिल विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** गैंगरेप मामले में फंसे हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से उन्हीं की सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस्तीफा मांग लिया है। अनिल विज ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर लगे आरोपों की जांच हो रही है। गवाह ने कहा है कि मैं निर्दोष हूं और बड़ौली भी कह रहे हैं कि मैं निर्दोष हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हिमाचल पुलिस की जांच में वे निर्दोष साबित होंगे। जब तक हिमाचल प्रदेश पुलिस उन्हें निर्दोष साबित नहीं कर देती या जब तक जांच पूरी न हो, तब तक पार्टी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

एक युवती की शिकायत पर मोहन लाल बड़ौली और हरियाणवी सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ 13 दिसंबर 2024 को कसौली थाना में गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर की कॉपी 14 जनवरी 2025 को सामने आई थी। 16 जनवरी को आरोप लगाने वाली महिला की फ्रेंड मीडिया के सामने आई थी और उसने कहा था कि होटल में कोई गैंगरेप नहीं हुआ। वह कभी बड़ौली से नहीं मिली। होटल में वह सिर्फ रॉकी मित्तल से मिली थी और उसका नाम जबरन गवाह के तौर पर एफआईआर में डलवा दिया गया है।

वहीं, हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की राजनीतिक मुश्किलें बढ़ गई हैं। बड़ौली पिछले साल जुलाई में हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष बने थे। बड़ौली के एक बार फिर से भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने की संभावना थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश के कसौली थाने में उनके विरुद्ध दर्ज दुष्कर्म की रिपोर्ट ने उनकी फिर से अध्यक्ष बनने की राह में अड़चनें पैदा कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अब बाकी दावेदार भाजपा के राजनीतिक गलियारों में सक्रिय हो गए हैं। दुष्कर्म कांड में क्लीन चिट मिलने के बाद भी उन्हें दोबारा कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी।

## ग्रेटर नोएडा के 14,931 घरों की होगी बिजली गुल?

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक जरूरी खबर है। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने बिजली बिल के बकायेदारों पर शिकंजा कसने और बड़ा ऐक्शन लेने की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के तिलपता करनवास, सैनी, साकीपुर, श्योराजपुर और खेड़ी समेत 10 गांवों में सोमवार से बकायेदारों के कनेक्शन काटने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन गांवों में 14,931 उपभोक्ता ऐसे हैं, जो लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं कर रहे। इससे राजस्व का नुकसान हो रहा है। एनपीसीएल के पास ग्रेटर नोएडा शहरी क्षेत्र के अलावा 118 गांवों में बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी है। ग्रामीण उपभोक्ताओं से बकाया बिल वसूलने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। लगभग हर गांव में ऐसे उपभोक्ता हैं, जो नोटिस भेजने के बाद भी बकाये का भुगतान नहीं कर रहे हैं। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि बकायेदारों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। बिजली चोरी





के साथ बकायेदार उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान न किए जाने पर राजस्व का नुकसान हो रहा। कार्रवाई से पहले गांवों में कैंप लगाए जा रहे हैं। प्रथम चरण में तिलपता करनवास, सैनी, साकीपुर, श्योराजपुर, खेड़ी, खैरपुर गुर्जर, बिसरख जलालपुर, जुनैदपुर, सूरजपुर और सुनपुरा में अगले 2-3 दिन में विद्युत निगम की टीम पुलिस बल के साथ बकायेदारों के कनेक्शन काटेगी। इन गांवों में 14,931 ऐसे उपभोक्ता हैं, जो लंबे समय से बकाये का भुगतान नहीं कर रहे हैं। कई बार नोटिस भेजे जा चुके हैं। अब इन पर कार्रवाई की जाएगी। एनपीसीएल से मिली जानकारी के मुताबिक, तीन दिन में तिलपता, करनवास, थापखेड़ा, खोदनाखुर्द, सूरजपुर, खेड़ा चौगानपुर, मुबारकपुर, सुनपुरा और ऐच्छर गांव में अभियान के दौरान 352 बकायेदारों कनेक्शन काटे गए हैं।

## ह्यूस्टन पर बर्फीले तूफान का संकट, खतरे से निपटने के लिए जरूरी सामान खरीदने उमड़े लोग, 21 जनवरी को स्कूल बंद

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** अमेरिका इन दिनों मौसम की मार झेल रहा है। आर्कटिक तूफान के चलते ह्यूस्टन में 21 जनवरी को स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि आर्कटिक तूफान के चलते तापमान शून्य से भी नीचे चला जाएगा और अगले सप्ताह भारी बर्फबारी होगी। इसके बाद पूरे शहर में लोगों को तूफान से बचाने की तैयारियां तेज हो गईं हैं।

बताया जा रहा है कि तूफान के कारण कड़ाके की ठंड पड़ेगी और भारी बर्फबारी के चलते तापमान काफी नीचे चला जाएगा। साथ ही सप्ताह के मध्य तक ओले गिरने और हिमपात की स्थिति बन सकती है। हालांकि शहर में औसतन हर चार साल में एक बार ही हिमपात होता है। मौसम विभाग की रिपोर्ट मिलने के बाद लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोगों ने आवश्यक सामान जुटाना शुरू कर दिया है। इसके चलते शहर के सुपर मार्केट में भीड़ नजर आई। किराने की दुकानों पर बड़ी संख्या में लोग नजर आए।

लोगों ने दूध, ब्रेड और बोतलबंद पानी की खूब खरीद की। आलम यह रहा कि तमाम सुपर मार्केट तो आधे दिन में ही खाली हो गए। लोग सामान जुटाने के लिए एक दुकान से दूसरी दुकान की ओर दौड़ लगाते रहे। वहीं स्थानीय नेताओं ने भी लोगों को तूफान से बचाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

मेयर जॉन व्हिटमायर ने हैरिस काउंटी जज के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ठंड से बचने के लिए दस वार्मिंग सेंटर बनाने की घोषणा की गई है। यह केंद्र आज शाम को खुलेंगे। वहीं शहर के पशु आश्रय स्थल बीएआरसी में पालतू जानवरों को रखने के लिए केनेल बनाए गए हैं। वहीं ह्यूस्टन पब्लिक वर्क्स और टेक्सास परिवहन विभाग ने खतरनाक बर्फ जमने से रोकने के लिए पुलों, ओवरपास और प्रमुख राजमार्गों पर काम शुरू कर दिया है।



मेयर व्हिटमायर ने कहा कि हम शहर में मौसम से निपटने के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से पाइपों, पौधों और पालतू जानवरों, घरों और प्रियजनों की सुरक्षा करने का आग्रह किया। वहीं मैराथन और दो मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे परेड सहित बड़े आयोजनों को भी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। वहीं स्कूलों ने भी बर्फीली सड़कों और संभावित बिजली कटौती को लेकर एहतियात के तौर पर 21 जनवरी को स्कूल बंद करने की घोषणा कर दी है।

इसके अलावा सेंटर प्वाइंट एनर्जी के कर्मचारी हाई अलर्ट पर हैं। उन्होंने बिजली कटौती को रोकने के लिए 3,500 मील लंबे पेड़ों की छंटाई की है और पावर ग्रिड की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हीटर लगाए हैं। सेंटरपॉइंट एनर्जी की मिशेल हंडले ने कहा कि बर्फबारी से हमारे सिस्टम को नुकसान न पहुंचे इसलिए हम पूरी तरह से तैयारी कर रहे हैं।

## ईरान के सुप्रीम कोर्ट में गोलीबारी, 2 जजों की हत्या

**तेहरान, एजेंसी।** तेहरान में शनिवार को ईरान के सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने गोलीबारी की। इस हमले में 2 जजों की मौत हो गई। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने दावा किया है कि जजों को उनके कमरों में घुसकर मारा गया है। दोनों जज नेशनल सिक्योरिटी, आतंकवाद, जासूसी के मामलों की सुनवाई कर रहे थे। दोनों पर गोली चलाने के बाद हमलावार ने सुसाइड कर लिया। पूरी घटना में एक और जज भी घायल हुआ है। इसके अलावा एक बॉडीगार्ड भी घायल हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। सुप्रीम कोर्ट के जिन जजों को निशाना बनाया गया, उनकी पहचान अली रजिनी और मोघीसेह के तौर पर हुई है। ये ईरानी न्यायपालिका के वरिष्ठ जजों में शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा फांसी की सजा सुनाए जाने के चलते दोनों जजों को हैंगमैन कहा जाता था।

हमले के मकसद का पता नहीं, पुलिस ने जांच शुरू की रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावर जस्टिस डिपार्टमेंट का ही कर्मचारी था। ईरान इंटरनेशनल के मुताबिक तेहरान के कोर्ट हाउस से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो गई है। रजिनी की 1988 में भी हत्या की कोशिश की गई थी। उस दौरान उनकी बाइक में मैग्नेटिक बम लगाया गया था। वहीं, अमेरिकी ट्रेजरी डिपार्टमेंट के मुताबिक दूसरे जज मोघिसेह पर अमेरिका ने 2019 में बैन लगा दिया था।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा फांसी देने वाला देश ईरान ईरान दुनिया में सबसे ज्यादा फांसी की सजा देने वाले देशों में से एक है। ईरान में 2024 में 901 लोगों को मौत की सजा दी गई। इनमें 31 महिलाएं भी शामिल हैं। पिछले साल दिसंबर महीने के एक हफ्ते में 40 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी।

## एलेक्सी नवलनी के 3 वकीलों को रूसी अदालत ने भेजा जेल

**मास्को, एजेंसी।** नवलनी चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार 'नोवाया गजेटा' ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा कि नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है। रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का प्रतिनिधित्व कर चुके तीन वकीलों को जेल में डाल दिया गया है। पेतुस्की की अदालत ने नवलनी के वकील रहे वादिम कोबजेव, इगोर सेरगुनिन, एलेक्सी लिपस्टर को साढ़े तीन से 5 साल तक कैद की सजा सुनाई। मॉस्को से लगभग 100 किमी पूर्व में पेटुस्की शहर की एक अदालत ने वादिम कोबज़ेव, इगोर सेरगुनिन और एलेक्सी लिपत्सर को 3 1/2 से पांच साल तक की जेल की सजा सुनाई थी। उन्हें अक्टूबर 2023 में चरमपंथी समूहों से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जैसा कि अधिकारियों ने नवलनी के नेटवर्क को माना था। नवलनी चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार 'नोवाया गजेटा' ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा कि नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है।''

## अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण का विरोध, हजारों प्रदर्शनकारी पोस्टर बैनर लेकर सड़कों पर उतरे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। शपथ ग्रहण से पहले ही देश के कई हिस्सों में उनके विरोध में प्रदर्शन हो गए हैं। शनिवार को हजारों लोगों ने अलग-अलग जगहों पर ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। राजधानी वॉशिंगटन में कई हलह्र के एक ग्रुप ने 'पीपुल्स मार्च' बैनर के तले ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए। प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प के अलावा इलॉन मस्क और उनके करीबी सहयोगियों के खिलाफ पोस्टर और बैनर के जरिए विरोध जताया। इससे पहले भी इस ग्रुप ने जनवरी 2017 में ट्रम्प के पहले शपथ ग्रहण पर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए थे।

शपथ ग्रहण के लिए वाशिंगटन पहुंचे ट्रम्प




डोनाल्ड ट्रम्प शपथ ग्रहण के लिए राजधानी वॉशिंगटन पहुंच चुके हैं। ट्रम्प ने शनिवार दोपहर फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच से वायुसेना के सैन्य विमान सी-32 में सवार होकर उड़ान भरी। उनके साथ उनकी पत्नी मेलानिया और बेटे बैरेन ट्रम्प भी साथ थे। इस फ्लाइट को स्पेशल एयर मिशन 47 नाम दिया गया था। मिशन 47 का मतलब है कि डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्रम्प को ये विमान मुहैया कराया। अमेरिका में आमतौर पर सत्ता से बाहर जा रहे राष्ट्रपति नए राष्ट्रपति के लिए ऐसा करते हैं। हालांकि 2021 में डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन के लिए ऐसा नहीं किया था। इस वजह से बाइडेन को निजी प्लेन से वॉशिंगटन आना पड़ा था। सोमवार को शपथ लेने के बाद ट्रम्प 100 से ज्यादा कार्यकारी आदेशों पर साइन करेंगे। उनकी टीम ने कार्यकाल शुरू होने से पहले इन आदेशों को तैयार कर लिया है। ओवल ऑफिस में ट्रम्प की टेबल पर इन्हें रखा जाएगा। ट्रम्प के चुनावों वादों को पूरा करने के मकसद से इन आदेशों को तैयार किया गया है। एक इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह पहले दिन रिकॉर्ड संख्या में आदेशों पर साइन करने की योजना बना रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इन आदेशों में मैक्सिको बॉर्डर को सील करना, अवैध प्रवासियों को देश से भेजना और महिलाओं के खेलों में ट्रांसजेंडर्स को शामिल होने से रोकने के आदेश शामिल हो सकते हैं। कार्यकारी आदेश वह आदेश होते हैं जो राष्ट्रपति द्वारा एकतरफा जारी किए जाते हैं और जो कानून की शक्ति रखते हैं। इन्हें कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती। कांग्रेस इन्हें पलट नहीं सकती, लेकिन इन्हें अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129